www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 21 अप्रैल, 2024

वर्ष – 17 | अंक –15 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

साहित्य

चलो फिर से शुरू करें पृष्ठ 06

दूसरे चरण की सभी पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मुकबला के लिए तैयार पृष्ठ 10

कर्नाटक के किसानों की जरूरतों के प्रति केंद्र... पृष्ठ 02

■ न्याय पत्र का संदेश जनता तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस...
■ दिल्ली मेयर चुनाव में 'आप' को समर्थन देगी कांग्रेस 03

■ रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ
■ राष्ट्रपति एर्दोगन करेंगे इस्तांबुल में हमास प्रमुख से मुलाकात 07

# रांची में आज दिखेगा 'इंडिया' का दम

## प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली का किया गया आयोजन

**रांची**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडिया गठबंधन के टॉप लीडर्स रविवार 21 अप्रैल को रांची में एक मंच पर इकट्ठा होंगे। यहां धुर्वा इलाके के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया है। बताया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के सांसद संजय सिंह, नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला, सीपीआई एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य, झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन सहित 12 टॉप लीडर्स रैली को संबोधित करेंगे।

■ महारैली में जुटेंगे गठबंधन के शीर्ष नेता
■ पोस्टरों में छाईं 'मेजबान' कल्पना सोरेन
■ 5 लाख से ज्यादा लोग के जुटाने का दावा






पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 'घोषित-अघोषित' तौर पर इस रैली की मुख्य मेजबान हैं। झारखंड के कई शहरों में लगाई गई होर्डिंग्स में उनकी तस्वीरें छाई हुई हैं। ऐसे में इस रैली को हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में कल्पना सोरेन को झारखंड में गठबंधन के मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित-प्रचारित करने के 'जलसे' के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### भाजपा ने आदिवासी अपमान रैली कहा

दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने इसे परिवारवादी और भ्रष्टाचार के आरोपी को महिमामंडित करने वाली रैली करार दिया है। रैली को लेकर



जारी पोस्टरों पर भारतीय जनता पार्टी और झामुमो के बीच जुबानी जंग चल रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सही मायने में इसे उलगुलान रैली नहीं, बल्कि आदिवासी अपमान महारैली कहा जाना चाहिए, क्योंकि रैली के पोस्टरों में आदिवासी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर नहीं है। यह हास्यास्पद है और आदिवासियों के लिए अपमान की बात है। अब जेएमएम का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन परिवार तक सीमित रह गया है। भाजपा के इस आरोप पर झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को दृष्टि का इलाज कराना चाहिए, क्योंकि उन्हें वो पोस्टर दिखाई नहीं दे रहे, जिसमें सीएम चंपाई सोरेन हैं।

### 'दही-चूड़ा खाएंगे और भाजपा को भगाएंगे'

गठबंधन की पार्टियों का दावा है कि रैली में पांच लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे। उलगुलान का आदिवासी भाषाओं में अर्थ क्रांति होता है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि इस रैली में जुटने वाले लोग 'दही-चूड़ा खाएंगे और भाजपा को भगाएंगे' का संदेश लेकर पूरे राज्य में जाएंगे। रविवार को होने वाली रैली की तैयारियां जोरों पर हैं। रैली स्थल पर विशाल पंडाल और तीन मंच बनाए गए हैं। रैली में सुरक्षा को लेकर भी व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

### इंडिया गठबंधन जल्द जारी करेगा साझा घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले दौर का मतदान खत्म हो गया। लेकिन इंडिया गठबंधन अब साझा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गठबंधन सामूहिक रूप से युवा, महिला किसान व गरीब समेत विभिन्न वर्गों के लिए सात सूत्रीय वादों की घोषणा करेगा। इन सात सूत्री वादों कों इंडिया गठबंधन के सभी दलों के चुनाव घोषणा में शामिल मुद्दों से लिया गया है। ताकि गठबंधन के के बीच आम सहमति कायम रहे। इन वादों में विभिन्न मंत्रालयों में खाली पडे 30 लाख सरकारी पद, जातीय जनगणना और आरक्षण की सीमा में बढोत्तरी व एमएसपी गारंटी, बीपीएल परिवारों को राशन घर-घर पहुंचाना, गरीब परिवारें को साल में 6 मुफ्त सिलेंडर, सभी को 250 यूनिट मुफ्त बिजली,छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए एकमुश्त 50 हजार की सहायता व राज्यवार वन पेंशन स्कीम लागू करना शामिल रहेगा। इसके अलावा कांग्रेस घोषणा पत्र में शामिल छात्र ऋण की माफी सभी दल घर-घर तक पहुंचाएंगे। इस ऋण माफी का असर बैंकों पर न पड़े, इसके लिए उन्हें वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि जातीय जनगणना को छोड दिया तो सभी सात वादों पर इंडिया गठबंधन के दलों में सहमति बन गई है।

# विनेश ने भारत को दिलाया ओलंपिक कोटा



तीसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी

**बिश्केक**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। एशियन ओलंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में जीत के साथ ही विनेश ने ओलंपिक का टिकट पक्का कर लिया। वह इस टूर्नामेंट से ओलंपिक कोटा हासिल करनी वाली पहली और कुल दूसरी पहलवान हैं। एशियन ओलंपिक क्वालिफायर के पुरुष इवेंट में कोई भी भारतीय रेसलर फाइनल में नहीं पहुंच पाया और इस वजह से कोटा नहीं मिला। विनेश तीसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अभी तक कोई अन्य भारतीय महिला रेसलर एक से ज्यादा बार ओलंपिक तक नहीं पहुंची है। विनेश के अलावा 53 किग्रा कैटेगरी में अंतिम पंघाल के पास ओलिंपिक कोटा है।

### 50 किग्रा वर्ग में जीतीं

भारत की विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लौरा गनिक्यजी को 10-0 से हराया। कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकीं विनेश ने कजाख पहलवान के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4.18 मिनट में मुकाबला जीत लिया। अब उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे क्यूनिमजेवा से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की मेंग ह्सुआन हसीह को 4-2 से हराया।

### एकतरफा जीत दर्ज की

विनेश ने शुरुआत से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल से पहले हुए दो मुकाबलों में भी उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चेओन को केवल 67 सेकंड में हरा दिया। फिर बारी थी कंबोडिया के स्मानांग दित की थी, जिन्हें भी आसानी से हरा दिया गया। सेमीफाइनल में भी विनेश ने अपने विपक्षी पहलवानों को कोई मौका नहीं दिया।

## सार संक्षेप

### मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार सर्वेश सिंह की मौत



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद सीट से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह का शनिवार को निधन हो गया। उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। उनकी मृत्यु की एम्स ने आधिकारिक रूप से पुष्टि कर दी है। सर्वेश सिंह चार बार भाजपा के टिकट पर विधायक चुने जाने के बाद 2014 में मुरादाबाद से पहली बार लोकसभा पहुंचे थे। उनके बेटे कुंवर सुशांत सिंह बिजनौर के बढापुर विधानसभा से भाजपा के विधायक है।

### नलिन प्रभात एनएसजी के महानिदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के आंध्र प्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। सरकारी आदेश के अनुसार वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस के रूप में श्री नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है।

### जम्मू-कश्मीर में गोला-बारूद का जखीरा बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को जम्मू संभाग के रियासी जिले के अरनास इलाके से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। पुलिस ने कहा, हमने दो डेटोनेटर, असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक पुल-थ्रू, आईईडी वाला टेप रिकॉर्डर, ऐसा ही एक कैलकुलेटर, एक बैटरी और कुछ कनेक्टिंग तार बरामद किए हैं।

### चाईबासा में कारतूस के साथ दो नक्सली गिरफ्तार



**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो एके-47 के अलावा तीन मैगजीन, 88 राउंड कारतूस और कई सामान के साथ 50 हजार रुपए नकद जब्त किए।

### कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** पंजाब के कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने के कुछ घंटों बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

## यूपी बोर्ड के परिणाम घोषित

# हाईस्कूल में 89.55, इंटर में 82.60 फीसदी छात्र उत्तीर्ण

■ हाईस्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने किया टॉप
■ इण्टर में सीतापुर के शुभम वर्मा को पहला स्थान




**प्रयागराज**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को दसवीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए। इसके अनुसार, हाईस्कूल में 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तो वहीं इंटमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस बार हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं में सीतापुर के परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टॉप किया है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में टॉप किया है, जबकि फतेहपुर की दीपिका सोनकर (98.33 प्रतिशत) दूसरे और सीतापुर की ही नव्या सिंह (98 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि बागपत के विशु चौधरी (97.60 प्रतिशत) दूसरे और अमरोहा की काजल सिंह (97.60 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक तथा 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इण्टरमीडिए में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक तथा 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है।

# भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे मोदी : राहुल

## `चंदे का धंधा' समेत हर एक चैप्टर वह खुद विस्तार में पढ़ा रहे

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार को जिस तरह बढ़ावा दे रहे हैं उससे यही लगता है कि वह खुद भ्रष्टाचार का स्कूल चल रहे हैं। श्री गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी देश में 'भ्रष्टाचार का स्कूल' चला रहे हैं जहां 'व्यापक भ्रष्टाचार विज्ञान' विषय के तहत 'चंदे का धंधा' समेत हर एक चैप्टर वह खुद डिटेल में पढ़ा रहे हैं।

उन्होंने मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के तरीके का खुलासा करते हुए कहा जैसे छापा डालकर चंदे की वसूली कैसे होती है। चंदा लेकर ठेका कैसे बांटा जाता है। भ्रष्टाचारियों को धुलने वाली वाशिंग मशीन कैसे काम करती है। एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर 'बेल और जेल' का खेल कैसे होता है। श्री गांधी ने कहा 'भ्रष्टाचारियों का अड्डा' बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं के लिए इस 'क्रैश कोर्स' को अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है। इंडिया गठबंधन की सरकार, भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगा कर इस कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी।



### बेरोजगारी, महंगाई का समाधान सिर्फ कांग्रेस के पास : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान कांग्रेस को पास है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान कांग्रेस के घोषणा पत्र में है जिसमें देश के बेरोजगार युवकों के लिए 30 लाख सरकारी नौकरियों का खजाना खोलने, गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने जैसी कई योजनाओं का वादा किया गया है। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट कर कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का स्थायी समाधान कांग्रेस के पास है।

### भ्रष्टाचार छुपाने के लिए बनाया इंडिया गठबंधन : मोदी



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में एक रैली में इंडिया गठबंधन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेता अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए एक साथ आए हैं, लेकिन पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं ने इन्हें पूरी तरह से रिजेक्ट कर दिया है। नांदेड़ में बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देश की 25 फीसद सीटों पर इंडिया गठबंधन के नेता एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे हैं। क्या देश की जनता किसी ऐसे पर भरोसा कर सकती है, जो अपने अगुवा पर ही भरोसा नहीं करते हों? चार जून के बाद ये नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ते नजर आएंगे।

# हम फिर से इलेक्टोरल बांड लाएंगे : निर्मला

## कहा 'चुनावी फंडिंग को और अधिक पारदर्शिता से गुजरना होगा'



**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सत्ता में आने पर हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद चुनावी बांड योजना को वापस लाने की संभावना का संकेत दिया है। उन्होंने कहा, हमें अभी भी हितधारकों के साथ बहुत परामर्श करना है और देखना है कि ऐसा ढांचा बनाने या लाने के लिए हमें क्या करना है जो सभी के लिए स्वीकार्य होगा, मुख्य रूप से पारदर्शिता के स्तर को बनाए रखना होगा। और इसमें काले धन के प्रवेश की संभावना को पूरी तरह से हटा दें। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले की समीक्षा की मांग की जाए या नहीं। उन्होंने आगे कहा, वर्तमान में इलेक्टोरल बॉन्ड को जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है वह पारदर्शिता थी। पहले जो प्रचलित था वह सभी के लिए नि:शुल्क था। यह स्वीकार करते हुए कि योजना के कुछ पहलुओं में सुधार की आवश्यकता है, वित्त मंत्री सीतारमण ने यह भी उल्लेख किया कि अच्छे से परामर्श के बाद उन्हें किसी और रूप में वापस लाया जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब वित्त मंत्री ने चुनावी बांड योजना का बचाव किया है। पहले उन्होंने कहा था कि यह योजना पहले की तुलना में एक कदम बेहतर है।

### लूट योजना को जारी रखना चाहती है भाजपा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के चुनाव में जीतने के बाद सरकार बनने पर चुनावी बाँड योजना जारी रखने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनता से लूट की अपनी योजना को जारी रखना चाहती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां एक बयान जारी किया।

# शराब घोटाला, कमल छाप घोटाला है : संजय सिंह

■ शराब घोटाले में भाजपा पूरी तरीके से लिप्त
■ सारे सबूत होने के बाद भी भाजपा पर कोई कार्रवाई नहीं

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह तथाकथित शराब घोटाला कमल छाप घोटाला है। इस शराब घोटाले में भाजपा पूरी तरीके से लिप्त है। उन्होंने कहा कि भारत के गृहमंत्री ने एक राष्ट्रीय चैनल पर झूठ बोला और भारतीय जनता पार्टी पर लगे आरोप को छुपाने का प्रयास किया। संजय सिंह ने कहा कि एड के द्वारा जिस शरथ रेड्डी को इस पूरे घोटाले का किंगपिन बताया जा



रहा है, उसने सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी को 50 करोड़ रुपए की रिश्वत दी। उससे रिश्वत ली गई और उसे बचाया गया। कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर होनी चाहिए, गिरफ्तारी उनकी होनी चाहिए। लेकिन गिरफ्तारी हो रही है अरविंद केजरीवाल की, मनीष सिसोदिया की। मुझे भी पकड़ कर 6 महीने जेल में डाल दिया। ईडी ने अब तक 500 रेड मारी है। इस दौरान न मनीष सिसोदिया के और न ही अरविंद केजरीवाल के घर से कोई बरामदगी हुई है।

# सीजेआई ने तीन नए कानूनों को बताया देश की जरूरत

समाज में बहुत बड़ा बदलाव आएगा

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड ने संसद से पारित तीन नए आपराधिक कानूनों को देश की जरूरत बताया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश में तीन नए कानूनों के पारित होने से भारत के समाज में बहुत बडा बदलाव आएगा। इससे एक नए अध्याय की शुरुआत होगी और ये नए कानून लागू होते ही देश के अपराध न्याय व्यवस्था में बडा बदलाव आएगा। चंद्रचूड ने पुराने कानून को लेकर कहाकि इसमें कई सारी खामियां थी। ये कानून डेढ सौ साल से ज्यादा पुराने हो गए थे। इसलिए नए कानून का संसद से पारित होना इस बात का संदेश है कि भारत बदल रहा है। ये नए कानून भारत के अपराध न्याय व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव लाएंगे।

**चुनाव** कश्मीर के विकास का श्रेय कश्मीर में ही लेने को तैयार नहीं भाजपा

# घाटी में अपने उम्मीदवार नहीं उतारना चाहती भाजपा

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। धारा 370 को हटा कर कश्मीर के विकास का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी कश्मीर के विकास का श्रेय कश्मीर में ही लेने को तैयार नहीं है। राजनीतिक पंडितों के अनुसार, दरअसल उसे हकीकत का सामना होने का डर है। इसलिए वह कश्मीर के तीन संसदीय क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार न उतार कर उस सच्चाई का सामना नहीं करना चाहती।

कहा जा रहा है कि भाजपा फिलहाल कश्मीर में पैठ नहीं बना पाई है। कश्मीर के तीन संसदीय क्षेत्रों अनंतनाग, श्रीनगर और बारामुल्ला से अपने उम्मीदवार न उतारने का संकेत इसी हफ्ते गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया था।

उनके इस संकेत से उनके कश्मीर के काडर में सच में कोई निराशा नहीं हुई बल्कि पार्टी सूत्रों के बकौल 'इज्जत बची सो लाखों पाए' की भावना से वे फूले नहीं समाए थे। इतना जरूर



था कि प्रदेश पार्टी अध्यक्ष रविन्द्र रैना जरूर निराश हुए हैं जिन्हें यह उम्मीद थी कि पार्टी उन्हें उनके गृह जिले राजौरी-अनंतनाग में सपनों की फसल काटने का मौका प्रदान करेगी और उन्हें राजौरी-अनंतनाग सीट से मैदान में उतारा जाएगा। अनंतनाग-

■ अमित शाह ने एक सभा में दिया था इसका संकेत
■ गुलाम नबी आजाद ने भी हार के डर से मैदान छोड़ा

राजौरी सीट पर 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। सीधा मुकाबला पीडीपी अध्यक्षा महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के गुज्जर नेता मियां अल्ताफ के बीच माना जा रहा है। हालांकि इस संसदीय क्षेत्र में मुकाबला होना तो त्रिकोणीय था पर अंतिम समय में डीपीएपी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद मैदान 'छोड़' गए। इससे पहले वे उधपमुर-डोडा सीट से भी किस्मत आजमाने की सोच रहे थे क्योंकि डोडा उनका गृह जिला है। चर्चा यह नहीं है कि कौन कहां से लड़ रहा है या लड़ेगा, बल्कि इसकी है कि आखिर भाजपा कश्मीर से मैदान में क्यों नहीं उतरी। अगर नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की मानें तो भाजपा अपनी पार्टी तथा पीपुल्स कांफ्रेंस के पीछे खड़े होकर प्राक्सी चुनाव लड़ना चाहती है।

# देश

उवाच

पांच अगस्त 2019 से पूरा जम्मू-कश्मीर जेल की तरह है। सभी फैसले दिल्लली से लिए जा रहे हैं, जिससे यहां की जनता के अधिकार खत्म हो रहे हैं। जमीन से जुड़े कानून और विकास परियोजनाएं सहित अन्य काम सिर्फ और सिर्फ लोगों को बेदखल करने के लिए किए जा रहे हैं।

–महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 24.0 |
| मुंबई | 33.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 30.0 |

# कर्नाटक के किसानों की जरूरतों के प्रति केंद्र सरकार उदासीन : कांग्रेस

■ राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र की प्रतिक्रिया को लेकर सवाल उठाए

**बेंगलुरु,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कर्नाटक के महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं और कहा है कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक में सूखा राहत के लिए आबंटित 18,000 करोड़ रुपए जारी करने में देरी की है। रमेश ने कर्नाटक में सूखा राहत के लिए आबंबटत 18,000 करोड़ रुपए जारी करने में देरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के 236 तालुकों में से 223 सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं, जबकि 196 तालुक गंभीर रूप से प्रभावित हैं।

कर्नाटक सरकार ने सितंबर 2023 में ये धनराशि मांगी थी, लेकिन केंद्र के फैसले में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत अनिवार्य एक महीने की अवधि से अधिक देरी हुई। उन्होंने सूखा प्रभावित किसानों की जरूरतों के प्रति मोदी सरकार की उदासीनता की आलोचना की और राहत राशि में देरी के गंभीर परिणामों पर जोर दिया। उन्होंने कर्नाटक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी के लिए 1,600 करोड़ रुपए जारी करने में देरी



केंद्र सरकार ने कर्नाटक में सूखा राहत के लिए आबंटित 18 हजार करोड़ रुपए जारी करने में देरी की है : जयराम रमेश

पर भी चिंता जताई। कांग्रेस नेता ने कहा कि सूखे की स्थिति के कारण कार्य दिवसों को 100 से बढ़ाकर 150 करने के राज्य सरकार के अनुरोध के बावजूद, मोदी सरकार ने विस्तार को मंजूरी नहीं दी है या लंबित वेतन जारी नहीं किया है। रमेश ने राज्य में ग्रामीण रोजगार का समर्थन करने और मनरेगा के श्रमिकों के बीच आर्थिक संकट को कम करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। कर्नाटक के साथ हुए वित्तीय अन्याय पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने 15 वें वित्त आयोग के पांच वर्षों के दौरान राज्य के 1.87 लाख करोड़ के नुकसान की ओर इशारा किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मोदी सरकार की अनुचित राजस्व-साझाकरण नीतियों के प्रमाण के रूप में केंद्रीय करों और शुल्कों में कर्नाटक की हिस्सेदारी को 4.7 प्रतिशत से घटाकर 3.6 फीसदी करने का हवाला दिया। कांग्रेस नेता ने राज्यों के साथ राजस्व साझा करने से बचने के लिए उपकरों के जानबूझकर डिजाइन के बारे में चिंता जताई और केंद्र पर राजकोषीय विकेंद्रीकरण की कीमत पर सत्ता को केंद्रीकृत करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया पर हितधारकों और नागरिकों द्वारा समान रूप से नजर रखी जाएगी।

## केंद्र के खिलाफ खाली बर्तनों के साथ किया प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** केंद्र सरकार द्वारा राज्य के साथ किए गए अन्याय के खिलाफ कर्नाटक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बेंगलुरु में कई स्थानों पर खाली बर्तनों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य की यात्रा से पहले किया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को एआईसीसी महासचिव, रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य के साथ हिरासत में ले लिया। ये लोग बेंगलुरु में मेखरी सर्कल के पास प्रदर्शन कर रहे थे। सुरजेवाला ने कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक के साथ बहुत अन्याय किया है। सूखा राहत के लिए कर्नाटक सरकार और जनता की मांग के बदले में केंद्र ने चोंबू (खाली बर्तन, जिसका आम बोलचाल की कन्नड़ भाषा में मतलब धोखा भी होता है) दिया। सुरजेवाला ने कहा कि राज्य सरकार ने ऊपरी भद्रा परियोजना के लिए केंद्र से 6,000 करोड़ रुपए की मांग की थी, जिसे बजट में घोषित किया गया था, लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने इसे देने से इनकार कर दिया। अगर कर्नाटक कर के रूप में 100 रुपए देता है, तो बदले में उसे केवल 13 रुपए मिल रहे हैं। केंद्र सरकार ने बेंगलुरु की रिंग रोड के लिए धन देने का वादा किया था, लेकिन उसने चोंबू दे दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता भी लोकसभा चुनाव में भाजपा को चोंबू देने के लिए तैयार है।



## राम के नाम पर वोट मांगने की बेताब कोशिश कर रहे हैं मोदी : पटोले

**मुंबई,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद कोई विकास कार्य नहीं किया है। पटोले ने अपने बयान में कहा कि आजादी के बाद से भारत एक मजबूत देश रहा है लेकिन जब मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद स्थिति बदल गई है। उन्होंने कहा, अगर देश में निराशा का माहौल होता तो इतनी प्रगति नहीं हो पाती। चूंकि मोदी और उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हताश हैं, जिससे उन्हें हर जगह निराशा ही नजर आती है। नाना पटोले ने कहा कि मोदी का यह आरोप कि कांग्रेस सरकार के दौरान विकास कार्य नहीं हुए, पूरी तरह से गलत और केवल राजनीति से प्रेरित है।



उन्होंने विगत 60 वर्षों में कांग्रेस के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार विकास कार्यों की सराहना की और कहा, यह कांग्रेस पार्टी की सरकारें थीं जिन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों की स्थापना की थी। ऐसा लगता है कि मोदी भूल गए हैं कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने जो सरकारी संस्थान बेचे हैं, वे कांग्रेस सरकार ने स्थापित किए थे।

## मानव खुफिया जानकारी एकत्र करने पर हों ध्यान केंद्रित : बिरदी

**श्रीनगर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने शनिवार को अधिकारियों से तकनीकी सूचना के साथ-साथ मानव खुफिया जानकारी एकत्र करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, ताकि देश विरोधी तत्वों को बाहर निकालने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज किया जा सके। बिरदी ने जिला पुलिस प्रमुखों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सेना में उनके समकक्षों के साथ संभावित आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने के लिए मौजूदा रणनीतियों का गंभीर मूल्यांकन करने और उन्हें बढ़ाने का आग्रह किया।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने दक्षिण कश्मीर के अवंतीपोरा में आयोजित पुलिस, सेना और सीआरपीएफ अधिकारियों की एक संयुक्त सुरक्षा बैठक में यह बात की। बैठक में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए रणनीति तैयार की गई। गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर की अनंतनाग लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ गया है। यहां पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। दक्षिण कश्मीर में इस महीने गैर स्थानीय लोगों पर दो हमले हुए हैं। बिरदी के अलावा सीआरपीएफ के महानिरीक्षक और सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग विक्टर फोर्स ने संयुक्त सुरक्षा बैठक की। बैठक में मध्य और दक्षिण कश्मीर पुलिस रेंज के उप



■ चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अधिकारियों संग की रणनीति तैयार

महानिरीक्षक, विक्टर फोर्स के सभी सेक्टर कमांडर, सीआरपीएफ अनंतनाग, एसकेओआर के डीआइजी और दक्षिण कश्मीर के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), एसएसपी बडगाम और सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और दक्षिण कश्मीर और बडगाम जिले में तैनातसीआरपीएफ इकाइयों के सभी कमांडिंग अधिकारी भी शामिल हुए। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बैठक की शुरुआत में भाग लेने वाले अधिकारियों ने आईजीपी कश्मीर को समग्र सुरक्षा परिदृश्य के बारे में जानकारी दी, ताकि प्रभावी शमन रणनीतियां तैयार की जा सकें।

उन्होंने कहा कि चर्चा में चुनाव तैयारियों के प्रयासों के अलावा खुफिया जानकारी एकत्र करना, खतरे का आकलन और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल सहित विभिन्न पहलू शामिल थे। बैठक में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए रणनीति तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश के सतना में चुनाव प्रचार करेंगे राहुल

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रविवार को मध्य प्रदेश के सतना में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार गांधी रविवार को सतना लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी भी उपस्थित रहेंगे। सतना संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

### चाईबासा में कारतूस के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों के पास से दो एके-47 के अलावा तीन मैगजीन, 88 राउंड कारतूस और कई सामान के साथ 50 हजार रुपए नकद जब्त किए गए हैं। दोनों गोइलकेरा थाना क्षेत्र की चिटिर पहाड़ी के पास लोगों से लेवी (रंगदारी) वसूलने आए थे।

### ईसीआई ने बंगाल में दो पुलिस अधिकारियों को किया निलंबित

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में ओसी रैंक के दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक निलंबित अधिकारियों में मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर और बेलडांगा थाने के प्रभारी हैं जो अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र में 17 अप्रैल को हुई हिंसा को रोकने में विफल रहे। ईसीआई ने कर्तव्य में लापरवाही को लेकर दोनों अधिकारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की है तथा राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को अपने आदेश को तुरंत निष्पादित करने और शनिवार दोपहर तक उनके स्थान पर अधिकारियों का नया पैनल भेजने के निर्देश दिए हैं।

### जलपाईगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला

**जलपाईगुड़ी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने कई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की घरों पर हमला किया और हमले में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बताया जाता है कि बंगाल में इससे पहले भी पंचायत चुनाव में जलपाईगुड़ी के संन्यासीकाटा ग्राम पंचायत में व्यापक अशांति की घटना हुई थी। उस समय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप लगे थे। बड़े पैमाने पर मतपत्र लूटने के आरोप भी सामने आए थे।

## लू की चपेट में झारखंड

**रांची,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में गर्म हवा के थपेड़ों के बीच शनिवार को दो शहरों सरायकेला और बहरागोड़ा का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में सर्वाधिक 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। सरायकेला जिला मुख्यालय का तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस और जमशेदपुर में 44.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। राज्य के 24 में से 13 जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक लू जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। उच्च तापमान और लू को देखते हुए शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शनिवार को सभी कैटेगरी के स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि 22 अप्रैल सोमवार से केजी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से दिन के 11.30 बजे तक चलेंगी। नवीं से ऊपर के कक्षाएं दिन के 12 बजे तक संचालित की जा सकेंगी। यह आदेश सभी सरकारी, गैर सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों के लिए समान रूप से लागू होगा।



■ बहरागोड़ा में 46.4 डिग्री पर पहुंचा पारा, स्कूलों का समय बदला

# नेहा की हत्या लव जिहाद का मामला नहीं : सिद्दारमैया

**मैसूर/कर्नाटक,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को कहा कि एमसीए छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या लव जिहाद का मामला नहीं है। सीएम सिद्दारमैया ने मैसूर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मैं इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। हत्यारे को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। ये लव जिहाद का मामला नहीं है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हत्यारे को कड़ी सजा दी जाए। किसी की मौत को राजनीतिक कारणों से इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले का अनावश्यक रूप से राजनीतिकरण किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की शुक्रवार को शहर में कॉलेज परिसर के अंदर फैयाज कोंडिनाकोप्पा ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि, अन्य छात्रों ने फैयाज को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस बीच, नेहा के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी की हत्या लव जिहाद का मामला है। नेहा के पिता निरंजन हिरेमथ ने चेतावनी दी है कि अगर जांच को गुमराह किया गया और खराब किया गया तो उनका पूरा परिवार आत्महत्या कर लेगा।

■ आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किए जाने का दिया आश्वासन



किसी की मौत को राजनीतिक कारणों से इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण : सिद्दारमैया

### कर्नाटक के गृह मंत्री ने मांगी माफी

कर्नाटक में एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उसके माता-पिता से अपनी पिछली टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। डॉ. परमेश्वर ने शनिवार को यहां कहा, अगर मेरे बयान से नेहा के माता-पिता की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मुझे गहरा खेद है। गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणियों में नेहा और आरोपी फैयाज के बीच 'रोमांटिक रिश्ते' होने का संकेत दिया गया था, जिससे विवाद खड़ा हो गया था और इसकी कड़ी आलोचना हुयी थी।

फैयाज की मां मुमताज ने भी नेहा के शोक संतप्त परिवार से सार्वजनिक माफी मांगी है और अपराध में अपने बेटे की कथित भूमिका के लिए गहरा पश्चाताप व्यक्त किया है। इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेहा की मां गीता ने कहा कि उनसे मेरी बेटी को वापस लाने के लिए कहें। मैं अपनी बेटी का इंतजार कर रही हूं, आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए; उसे फांसी दी जानी चाहिए, हम अपनी बेटी को जानते हैं, दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं था। क्या हमारी बेटी को नहीं पता था कि वह किस धर्म से है। हमने हमेशा एक साथ समय बिताया और उसने मेरे साथ सब कुछ साझा किया।

## कर्नाटक को जिहादी देश कहे जाने पर विवादों में घिरे विपक्ष के नेता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष नेता आर अशोक के राज्य को 'जिहादी देश' कहे जाने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। अशोक ने शुक्रवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ पार्टी के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि जब से सिद्दारमैया सरकार सत्ता में आई है, कर्नाटक एक जिहादी देश बन गया है और हिंदुओं के जीवन को कम महत्व दिया गया है। उन्होंने डीजे हल्ली दंगों से संबंधित मामलों को वापस लेने और कुकर बम मामले में संदिग्धों को बरी करने के सरकार के प्रयास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कथित तौर पर न्याय और सार्वजनिक सुरक्षा पर अपने वोट बैंक को प्राथमिकता देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

नीतीश ने लालू के परिवारवाद को लेकर कसा तंज, कहा

# 'कोई इतना बच्चा करता है पैदा'

**कटिहार,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कटिहार में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लालू यादव के परिवारवाद पर जोरदार तंज कसा। उन्होंने कहा कि खुद हटे तो पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। फिर दोनों बेटा और दोनों बेटी को राजनीति में लेकर आए। पैदा तो बहुत कर दिए थे। इतना ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को बाल-बच्चा। लेकिन उतना किया। उसी में से दो बेटा और दो बेटी को लगा दिया। पति-पत्नी की सरकार ने 15 साल में बिहार को गर्त में धकेल दिया। उन्होंने मुसलमानों को भी कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले बिहार में क्या था। उसके बाद बिहार में काफी काम हुए। 2020 में 10 लाख नौकरी देने का काम शुरू किया गया और अब तेजस्वी यादव हमारे ही काम का क्रेडिट ले रहे। हर जगह झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं। बता दें कि कटिहार में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होने वाला है।



इस क्षेत्र से महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के तारिक अनवर चुनावी रण में ताल ठोक रहे हैं। जबकि, उनके मुकाबले एनडीए की ओर से दुलाल चंद्र गोस्वामी मैदान में हैं।

## अभिभावक हैं, सम्मान है, कुछ भी बोल सकते हैं वह आशीर्वाद है : तेजस्वी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के परिवारवाद पर दिए बयान को लेकर तेजस्वी यादव ने जवाब दिया। पटना में पत्रकारों के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि वे चाचा हैं, अभिभावक हैं, वे जो कुछ भी कह लें, मेरे लिए आशीर्वाद ही है। उन्होंने आगे कहा कि सवाल तो यह है कि क्या व्यक्तिगत बात बोलने से बिहार के लोगों का भला होगा इस समय ऐसी व्यक्तिगत बातें बोलनी नहीं चाहिए। चुनाव में सिर्फ और सिर्फ मुद्दे की बात होनी चाहिए। ऐसे शब्दों से किसका फायदा है, ना तो बिहार के लोगों का फायदा है और ना ही उनका।



## बंगाल स्कूल नौकरी मामले में फैसला कल

**कोलकाता,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक विशेष खंडपीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं से संबंधित मामले में फैसला सुनाएगी। सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद, न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की विशेष खंडपीठ माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के साथ-साथ समूह-सी और डी श्रेणियों में डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा की गई गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रही थी। मामले की सुनवाई 20 मार्च को पूरी हो गई थी, लेकिन पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब न्यायालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मामले में सोमवार को फैसला सुनाया जाएगा।



## देश में आरक्षण को कभी नहीं हटाने दिया जाएगा : अमित शाह

**कोटा,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर आरक्षण को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर वह आरक्षण हटाना भी चाहती है तो भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आरक्षण को किसी भी हालत में हटाने नहीं देगी। शाह शनिवार को यहां कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने झूठ फैलाने का काम किया हैं। अगर कांग्रेस आरक्षण हटाना भी चाहती है तो भी जब तक भाजपा कार्यकर्ता हैं, उसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण को हटाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार की बात करते हैं तो विपक्ष के पेट में दर्द होता हैं और कहा जाता है कि 400 पार होने पर आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने बहुमत का उपयोग कभी आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया हैं।



विपक्ष पर आरक्षण को लेकर झूठ फैलाने का लगाया आरोप

### ओम बिरला के समर्थन में मांगे वोट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में वोट की अपील की। बिरला की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि नकारात्मक विपक्ष होते हुए भी बिरला ने संसद चलाया है और कोरोना महामारी में कोटा में विभिन्न जगहों से पढ़ने आए बच्चों के लिए विशेष रेलगाड़ी लगवाकर उनके घर पहुंचाने का काम किया हैं।

सख्ती

*जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान के बाद संपदा विभाग सख्त*

# 42 नेताओं को सरकारी बंगले खाली करने का थमाया नोटिस

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में राजनेताओं के लिए एक बुरी खबर है। कोई आतंकी धमकी या हमला नहीं बल्कि एस्टेट विभाग द्वारा उन्हें उन घरों से बेदखल करने का नोटिस का थमाया जाना है जिनमें वे कई सालों से काबिज थे। यह सच है कि जम्मू कश्मीर के एस्टेट अर्थात संपदा विभाग ने 42 राजनीतिक हस्तियों को बेदखली का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

विभाग ने ये नोटिस कोर्ट के निर्देश पर जारी किए हैं। दरअसल एस्टेट विभाग द्वारा सरकारी बंगलों से कब्जा हटाने के निर्देश के बाद भी इन नेताओं ने सरकारी बंगलों पर कब्जा जारी रखा हुआ था। एस्टेट विभाग ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाए जाने के बाद सैंकड़ों लोगों को, जिनमें ज्यादातर कामकाजी पत्रकार थे, उनके क्वॉर्टर से बेदखल कर दिया, लेकिन कश्मीर और जम्मू दोनों में प्रभावशाली राजनेताओं को बाहर निकालने में बुरी तरह विफल रहा। अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद प्रशासन द्वारा कुछ मीडिया घरानों को कार्यालयविहीन भी कर दिया गया था। जिन राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें गुलाम नबी आजाद, मुजफ्फर हुसैन बेग, कविंद्र गुप्ता, सज्जाद गनी लोन, मौलवी इमरान रजा अंसारी, सत शर्मा, जी.एम. शामिल हैं। सरूरी, सुनील शर्मा, अब्दुल गनी वकील, अब्दुल माजिद पैडर और हकीम मुहम्मद यासीन भी हैं। इनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता शामिल हैं। अन्य में रविंदर रैना, आरएस पठानिया, प्रदीप शर्मा, विबोध गुप्ता, दलीप सिंह परिहार, रविंदर शर्मा, नीलम लंगेह, शोएब नबी लोन, हाजी अब्दुल रशीद, एमएस पंडितपुरी, राजा मंजूर, निज़ाम-उ-दीन भट, मीर मुहम्मद फैयाज़ शामिल हैं। जबकि जफर इकबाल मन्हास, अब्दुल रहीम राथर, बशीर अहमद डार, मुहम्मद अमीन भट, सोफी यूसुफ, एम.वाई. तारिगामी, यासिर रेशी, सुरिंदर अंबरदार, मुहम्मद अब्बास वानी, शफीक मीर, शिल्पी वर्मा, तारिक अहमद कीन, शेख इशफाक जब्बार, जाहिद हुसैन जान, एस.एस. चन्नी, सोना-उल्लाह लोन और रेयाज़ अहमद मीर को भी नोटिस थमाया गया है। एस्अेट विभाग ने इन कब्जाधारियों को निर्देश दिया है कि वे जम्मू और श्रीनगर में आवंटन के आवास को जारी रखने के समर्थन में या अन्यथा इन नोटिसों की प्राप्ति की तारीख से दिन 10 दिनों के भीतर दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो, के साथ लिखित प्रतिक्रिया देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल मोड के माध्यम से निदेशक एस्टेट के समक्ष उपस्थित हों। प्रासंगिक रूप से, मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिस्वर सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 3 अप्रैल, 2024 के अपने आदेश में निदेशक एस्टेट कश्मीर और जम्मू दोनों को इन रहने वालों से निपटने और आवास को रद्द करने और वहां से बेदखल करने के लिए विशिष्ट व्यक्तिगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया था।



■ कोर्ट के निर्देश पर विभाग ने जारी किए नोटिस

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पति - सुनो, रात भर मोबाइल चार्जिंग पर मत लगाना, बैटरी फट जाएगी।
पत्नी - आप चिंता ना करें,
मैं बैटरी निकाल कर चार्जिंग पर लगाऊंगी...!

# 'दिल्ली की सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन को मिलेगी जीत'

## न्याय पत्र का संदेश जनता तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र न्याय पत्र के संदेश को दिल्ली के सभी क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार की है।

शुक्रवार को पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस तीनों लोकसभा चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में चुनाव अभियान के अंतर्गत दिल्ली की सभी सीटों पर विजयी बनाने के लिए रणनीति बनाई गई।

बैठक में फैसला लिया गया कि हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और किसान न्याय से संबंधित 25 गांरटियों की जानकारी प्रत्येक निवासी तक पहुंचानी होगी। प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में अरविंदर सिंह लवली के अलावा एआईसीसी महासचिव दिल्ली प्रभारी दीपक बावरिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व विधायक हसन अहमद, चौ. मतीन अहमद और भीष्म, शर्मा, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, दिल्ली नगर निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार कोचर, अली मेहंदी, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।



बैठक में लवली ने कहा कि भाजपा के बहुत हुई महंगाई की मार के नारे का सच ये है पेट्रोल डीजल के दाम आज़ादी के बाद से सबसे ऊंचाई पर है। इस सरकार ने आटा, दाल, छाछ, पनीर, हर चीज पर जीएसटी लगा दिया और जहां हीरा खरीदने पर 3 प्रतिशत केवल जीएसटी है, वहीं बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपी पेंसिल 18 प्रतिशत जीएसटी लगाते हैं। एक तरफ फ़िल्में को टैक्स फ्री करते हैं वही कफन् तक पर भी टैक्स लगा दिया। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार बनते ही देश के गरीब और जरुरतमंद लोगों के लिए बनाई गई कांग्रेस की गारंटी को लागू करेगी। उन्होंने कहा कि राजधानी में जनता की बेरुखी के कारण चुनाव प्रचार के दौरान जनता भाजपा नेताओं का बहिष्कार कर रही है। कांग्रेस प्रदेश

**भाजपा के बहुत हुई महंगाई की मार के नारे का सच ये है पेट्रोल डीजल के दाम आजादी के बाद से सबसे ऊंचाई पर है : अरविंदर सिंह लवली**

अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार सहित इंडिया गठबंधन के सातों उम्मीदवार विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जुझ रही जनता अब परिवर्तन चाहती है। झूठे वायदे और जुमले देने वाली भाजपा देशभर में अपने झूठ का भ्रम फैलाना चाहती है, जबकि वास्तविकता उन्हें मालूम है। आज चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान से भाजपा की सफाई का संदेश देश की जनता ने देना शुरु कर दिया है। वहीं, दीपक बावरिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जहां लोग तानाशाही के माहौल से परेशान है वहीं लोग रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई से अधिक परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि उन्होंने जनता के लिए कुछ नही किया। इसलिए भाजपा हर पांच साल में अपने लोकसभा उम्मीदवार बदल देती है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने कोई काम नही किया जिसके कारण दिल्ली के 7 में 6 उम्मीदवार बदल दिए है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा सांसदों ने जनता को निराश किया है। भाजपा सांसद पूरे कार्यकाल में नदारद थे। उन्होंने कहा कि भाजपा हार के डर से सरकारी एजेंसियों पर अनाधिकृत अतिक्रमण करके मनमर्जी से संचालन करके विपक्षी पार्टियों पर प्रहार कर रही है ताकि वो लोकसभा चुनाव प्रचार पर ध्यान केन्द्रित न कर पाएं। सुभाष चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ना है। भाजपा की नाकामियों के साथ पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, पीएनजी आदि के दरों में भारी बढ़ोत्तरी की पूरी जानकारी जनता के बीच जाकर प्रचारित करनी होगी। उन्होंने कहा कि गरीब विरोधी नीतियों के कारण जनता में भाजपा के प्रति भारी रोष है, हमें केवल जनता को भाजपा नियत और द्वेष नीति के बारे में सही जानकारी देने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है हमें प्रत्येक लोकसभा में बूथ स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को जागरुक करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन से परेशान जनता जो अब कांग्रेस की ओर देख रही है। केंद्र में सरकार बनाने के पश्चात कांग्रेस रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और महंगाई जैसी निम्न व मध्यम वर्ग से जुड़े संकट से जनता की परेशानियों का हल निकालेंगे।

# दिल्ली मेयर चुनाव में 'आप' को समर्थन देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में 26 अप्रैल को होने वाले मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन देने का ऐलान किया है। शनिवार को इस बाबत जानकारी देते हुए दिल्ली कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली नगर निगम में महापौर और उपमहापौर के चुनाव में कांग्रेस पार्षद आप महापौर उम्मीदवार महेश खिंची और उप महापौर उम्मीदवार रविन्द्र भारद्वाज का सदन में समर्थन करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली से कांग्रेस के सभी पार्षदों ने विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला लिया गया कि दिल्ली नगर निगम में महापौर और उपमहापौर के चुनाव में कांग्रेस पार्षद आम आदमी पार्टी महापौर उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे।

भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में चंडीगढ़ निगम चुनाव जैसा कुछ न हो, जब लोकतंत्र को शर्मशार होना पड़ा था और वहां मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेना पड़ा था। कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के हित में आम आदमी पार्टी के महापौर और उपमहापौर चुनाव में उनके उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।



■ **पार्षदों ने विचार विमर्श करने के बाद जनहित में लिया फैसला : अनिल भारद्वाज**

गठबंधन निभाने के लिए शीर्ष नेतृत्व के आदेश का हमारे पार्षद सदन में पालन करेंगे। दिल्ली का 90 प्रतिशत क्षेत्र दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आता है, जिसके सफाई व्यवस्था, रख-रखाव की जिम्मेदारी निगम में चुनी हुई सरकार की होती है। हम विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हम मूकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे।

वहीं, दिल्ली नगर निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर ने कहा कि पिछले दो वर्षों से निगम में सत्ताधारी दल को भाजपा ने स्थायी समिति और जोन कमेटी का गठन नहीं होने दिया है, जिसका नुकसान दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है। दिल्ली की 2.5 करोड़ जनता के स्वास्थ्य, सफाई और स्वच्छ रख-रखाव के लिए दिल्ली नगर निगम जिम्मेदार है।

## सार संक्षेप

### दो बच्चों की हत्या से इलाके में सनसनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांडव नगर इलाके में दो बच्चों की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। हमलावर ने मां पर भी जानलेवा हमला किया। उसकी हालत गम्भीर है। हादसे के बाद से पिता फरार है। पुलिस के मुताबिक, दोपहर करीब 2 बजे हत्या की जानकारी मिली थी। कॉलर ने पुलिस को बताया कि एक घर में दो बच्चों की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि लड़के की उम्र 16 साल और लड़की की उम्र 8 साल है। पुलिस ने मां को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 20 अप्रैल को करीब 2 बजे पांडव नगर थाने को पीसीआर में एक कॉल मिली। इसमें बताया गया कि एक घर में हत्या हुई है। ये घर शशी गार्डन इलाके में है। घर का मालिक श्याम जी है। कॉलर ने पुलिस को बताया कि घर में बाहर से ताला है। इस सूचना पर ईस्ट दिल्ली के पांडव नगर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घर के अंदर दाखिल होने पर एक कमरे से दो बच्चों के शव मिले। वहीं दूसरे कमरे में महिला बेहोश हालत में मिली। मां को अस्पताल कराया गया भर्ती- घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया। घर का मालिक यानि बच्चों का पिता श्यामजी गायब था। पुलिस अफसरों ने क्राइम टीम और एफएसएल टीमों को मौके पर बुलाया और जांच शुरू कर दी।

### विहिप ने शोभा यात्रा को लेकर पुलिस को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर वर्ष प्रतिपदा और हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में निकलने वाली शोभा यात्राओं के मद्देनजर समुचित सुरक्षा और यातायात व्यवस्था मुहैया कराने की अपील की है। विहिप इंद्रप्रस्थ (दिल्ली) प्रांत के मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शनिवार को लिखे पत्र में बताया कि वर्ष प्रतिपदा से लेकर हनुमान जन्मोत्सव के दौरान दिल्ली के करीब 150 क्षेत्रों से शांतिपूर्ण तरीके से धार्मिक शोभा यात्राएं निकाली जाती है। यहां 95 फ़ीसदी क्षेत्रों में दिल्ली पुलिस के सहयोग से समुचित सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के बीच ये शोभा यात्राएं संपन्न होती है। उन्होंने पत्र में लिखा कि दुर्भाग्य से कुछ थाना क्षेत्रों में कुछ पुलिस अधिकारी इन यात्राओं में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हैं। यह अधिकारी शोभा यात्राओं के आयोजकों पर दबाव डालकर कहते हैं कि संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसी यात्राओं की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### पशु चिकित्सा परिषद का चुनाव कार्यक्रम जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई है। मतदान आठ जून को कराए जाएंगे। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस चुनाव के लिए न्यायालय द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन 26 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच एक मई को और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि तीन मई तय की गई है।

# ओपी टंडन मेमोरियल द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित



**देश भर के 19 से अधिक कॉलेजों के प्रतिभागियों ने लिया भाग**

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज टिप्स द्वारका में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 श्री ओपी टंडन मेमोरियल द्वितीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। जिसमें देश भर के 19 से अधिक कॉलेजों के प्रतिभागियों ने प्रतियोगताओं में जोश के साथ भाग लिया गया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम दिन रेसेअर्चेर टेस्ट के साथ हुई, जिसमें प्रतियोगिता के लिए माहौल तैयार किया। प्रतिभागियों ने कानूनी अनुसंधान और विश्लेषण में अपनी निपुणता प्रदर्शित की और अगले दौर के लिए आधार तैयार किया। दूसरे दिन, प्रारंभिक और क्वार्टर-फ़ाइनल राउंड सामने आए, जिससे प्रतिस्पर्धा तेज़ हो गई क्योंकि प्रतिभागियों ने अगले चरण में एक प्रतिष्ठित स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा की। अदालत कक्ष तर्कों, आपत्तियों और प्रतिवादों से गूंज उठा, जिसने दर्शकों और न्यायाधीशों को समान रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया। तीसरे दिन गति बढ़ गई क्योंकि सेमीफाइनल दौर में सम्मोहक कानूनी दलीलें और शानदार प्रस्तुतियां सामने आई। प्रतिभागियों ने कानूनी तर्क और वकालत में अपने कौशल का प्रदर्शन किया और न्यायाधीशों के सम्मानित पैनल को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के अंत में परिणाम दिल्ली सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष, प्रतिष्ठित नरोत्तम कौशल के द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों के द्वारा असाधारण वकालत कौशल और कानूनी ज्ञान का प्रदर्शन किया, जिससे अंतिम विचार-विमर्श सम्मानित पैनल के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया।

ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (टिप्स) में दूसरी मूट कोर्ट प्रतियोगिता की रोमांचक यात्रा का समापन हो गया, जिसका समापन प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों और कानूनी दिग्गजों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति देखी गई। नरोत्तम कौशल दिल्ली सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और तीस हजारी में पूर्व प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, जिनके कानूनी क्षेत्र में अनुभव ने कार्यवाही को और अधिक रोचक बना दिया।

# अमानतुल्ला के खिलाफ शिकायत वापस नहीं लेंगे : ईडी

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि वह दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ समन का पालन न करने की शिकायत वापस नहीं लेगी। ईडी के सात समन का पालन न करने की शिकायत पर खान न्यायाधीश के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। ईडी के विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) साइमन बेंजामिन ने न्यायाधीश से खान को अदालत के समक्ष सशरीर पेश होने का निर्देश देने का आग्रह किया। अदालत ने मामले को जांच के लिए 27 अप्रैल को सूचीबद्ध किया।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मामले में 13 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद आप विधायक शुक्रवार आधी रात के बाद ईडी कार्यालय से निकले। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने भी अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने विधायक द्वारा ईडी के समन पर हाजिर नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की थी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा, जिन्होंने 9 अप्रैल को ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया था।

# समय पर जांच व जीवनशैली में सुधार कैंसर को रखेगा दूर

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। कैंसर से गंभीर होते मरीजों की स्थिति को सुधारने के लिए समय पर जांच और जीवन शैली में सुधार जरूरी है। इनकी मदद से कैंसर को समय से पहले पकड़ा जा सकता है। साथ ही इलाज भी आसानी से हो पाएगा। जीवन शैली में सुधार कर कैंसर होने की आशंका को रोका जा सकता है।

देश में पिछले कुछ सालों से कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इस समस्या को देखते हुए शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के सर्जरी विभाग ने कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के दिल्ली राज्य चैप्टर के सहयोग से आयोजित हुए कार्यक्रम में डॉक्टरों ने कैंसर के कारण और लक्षणों के बारे में जानकारी दी। आरएमएल अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों को विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनकी प्रारंभिक पहचान, उपचार विकल्पों और निवारक





■ **आरएमएल अस्पताल में कैंसर से जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित**

उपायों के बारे जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि पूरी दुनिया में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ सकती है। यदि लोग समय पर जांच करवाते हैं तो काफी बदलाव आएगा।

कार्यक्रम में ऑन्कोलॉजी, सर्जरी और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभागों से आए डॉक्टरों ने अपनी बात रखी। डॉक्टरों ने मॉडल व चार्ट के माध्यम से कैंसर की रोकथाम, जांच संबंधी दिशा-निर्देशों, उपचार के तरीकों में प्रगति और उत्तरजीविता पर अपनी विशेषज्ञता बताई। इस मौक पर अस्पताल में सर्जरी विभाग की प्रमुख डॉ नीति कपूर ने कहा कि लोगों के बीच यदि कैंसर को लेकर जानकारी होगी तो इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है।

# गर्मी से विद्यार्थियों के बचाव के लिए शिक्षा निदेशालय ने जारी किए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में बढ़ते तापमान से स्कूली विद्यार्थियों को लेकर दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय ने कहा कि गर्मी के मौसम में दिल्ली में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। जो कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

एनसीआर में तापमान में वृद्धि के कारण लोगों में थकावट, डिहाइड्रेशन, दस्त और उल्टी समेत अन्य गर्मी से संबंधित बीमारियों की घटनाएं बढ़ गई हैं। निदेशालय ने कहा कि गर्मी में विद्यार्थियों को गर्मी से संबंधित इन बीमारियों से बचाव के लिए कुछ कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। निदेशालय ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि वो बच्चों के गर्मी से बचाव को लेकर उचित उपाय अपनाने के लिए उन्हें जागरुक करें। निदेशालय ने दोपहर की पाली में संचालित सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि स्कूलों में छात्रों की प्रार्थना सभा से बचें। साथ ही स्कूलों में छात्रों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

**स्कूलों में छात्रों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा**

# देश का शासन मजबूत हाथों में होना चाहिए : महतो

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत के विकास और उत्थान को प्रदर्शित करने के लिए शनिवार को दिल्ली में आदयानत सोशल फाउंडेशन की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के बाहर रहने वाले नॉन रेजिडेंट इंडियंस (एनआरआई) और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) एवं प्रबुद्ध भारतीय नागरिक भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में प्रवासी भारतीय भारत के बारे में क्या सोचते हैं इस पर विस्तृत चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस को आर के महतो, उद्योगपति, परोपकारी और मध्य पूर्व के सामुदायिक नेता, डॉ. आज़ाद कुमार कौशिक, प्रोफेसर और सामुदायिक नेता, उत्तरी अमेरिका, अध्यक्ष-नेशनल अलायंस ऑफ इंडो-कैनेडियन, राजेश जिंदल, दक्षिण पूर्व एशिया के उद्योगपति और परोपकारी, मीना कुमारी, पूर्व निदेशक, एनपीटीआई (भारत सरकार), गजेंद्र सोलंकी, अंतरराष्ट्रीय कवि पी.डी. सिवाल, डॉ. राजीव कंसल, जयंत कुमार, विनोद कुमार और नरेंद्र एम गुप्ता ने संबोधित किया।



आर के महतो ने विस्तार से बताया कि भारत के बाहर रहने वाले सभी एनआरआई भारत के बारे में क्या सोचते हैं और भारत के नेतृत्व से उनकी क्या उम्मीदें हैं। उन्होंने बताया कि आज लाखों लोग अपने देश से बाहर हैं और वैश्विक स्तर पर वे हमेशा भारत की ओर आशा भरी नजरों से देखते हैं। नॉर्थ अमेरिका के कम्युनिटी लीडर डॉ. डॉ. आज़ाद कुमार कौशिक ने भारत से एनआरआई की अपेक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया और एनआरआई के लिए उसी तर्ज पर दोहरी नागरिकता की आवश्यकता पर बल दिया, जो कई अन्य देश पहले से ही प्रदान कर रहे हैं।

हालांकि वर्तमान में एनआरआई के पास मतदान का अधिकार है लेकिन इसका प्रयोग करने के लिए उन्हें भारत की यात्रा करनी पड़ती है। इस पहलू की समीक्षा करने की आवश्यकता है ताकि मतदान उनके संबंधित देशों से डिजिटल रूप से ऑनलाइन किया जा सके।

**तैयारी** *ग्रीष्मकालीन भीड़भाड़ को लेकर मुरादाबाद मंडल ने किया व्यापक इंतजाम*

# भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर रखी जा रही कड़ी नजर

**नई दिल्ली, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने ग्रीष्मकालीन भीड़भाड़ - 2024 के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य भारत के लिए मंडल से होकर लगभग 51 विशेष ट्रेनें चल रही हैं। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़भाड़ और रेलगाड़ियों में भीड़ पर पैनी नज़र रखने के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और निरीक्षकों को तैनात किया गया है। ट्रेनों में पानी की उपलब्धता और भीड़ प्रबंधन के लिए मैकेनिकल और आरपीएफ स्टाफ के साथ समन्वय कर हर घंटे निगरानी रखी जा रही है।**

रेल मदद ऐप और आवश्यकताओं की निगरानी, नोडल नियंत्रण के माध्यम से की जा रही है। प्रमुख स्टेशनों यानी देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, रोज़ा और हापुड़ स्टेशनों पर यात्रियों की उमड़ती भीड़-भाड़ की हर घंटे निगरानी की जा रही है। मुरादाबाद के भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है।

इसके अलावा, तत्काल एवं भारी यात्री भीड़भाड़ की अवधि के दौरान पीआरएस एवं यूटीएस में यात्रियों की कतार की लंबाई पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। भारी भीडभाड़ की अवधि के दौरान देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद और बरेली स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। सभी स्टेशनों पर एटीवीएम का पूर्ण रूप से कार्य करना सुनिश्चित किया जा रहा है। निरंतर अभियान चलाकर और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों की कतार की लंबाई कम करने के लिए मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से मोबाइल ऐप्स पर यूटीएस को बढ़ावा दिया जा रहा है।



■ **लेन-देन में आसानी के लिए सभी इकाइयों में डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध**
■ **रेलवे यात्रियों को आरामदायक यात्रा अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध**

सभी खानपान और गैर-खानपान इकाइयों में रेल नीर एवं जनता खाना की पर्याप्त उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। लेन-देन में आसानी के लिए सभी इकाइयों में डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वीरेंद्र सचदेवा का 'आप' पर तंज, कहा

# नौटंकी अभियान चला रही आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर बवाल मचा हुआ है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि शराब घोटाले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं, जो उनकी अपनी सरकार की जेल है और यदि उनको कोई तकलीफ हो रही है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उनकी सरकार की है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने यह भी कहा है कि हमारी जानकारी के अनुसार, जेल में दो डॉक्टर मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल कर रहे हैं और न्यायालय के आदेशानुसार, उनको जेल में घर



से आई डाइट के अंडे, पूरी, सब्जी, हलवा एवं आम खाने को दिए जाते रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि यह डाइट किसी भी डायबिटिक मरीज के लिए अनुचित है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने यह भी कहा कि जेल मे बंद केजरीवाल के लिए जन संवेदना जुटाने के लिए आम आदमी पार्टी दवाएं ना मिलने का नौटंकी अभियान चला रही है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ फायर स्टेशन वैशाली में 03:14 बजे खोड़ा कॉलोनी में स्थित एसआर हॉस्पिटल के पास, सन्डे मार्केट स्थित कबाड़ के गोदाम में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी, फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 3 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए, घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग काफी तेज़ी से फैल रही थी और काला धुआं बहुत तेज था।

**राहुल पाल, जिला अग्निशमन अधिकारी**

## परीक्षा परिणाम देखकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे





**नोएडा में 10वीं में खुशी तो 12वीं में अंकिता सिंह ने किया टॉप**

**नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम आ गया है। सुबह से छात्र-छात्राएं परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे। स्कूल प्राचार्य भी बेसब्री से इंतजार में थे। दोपहर करीब दो बजे परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसके बाद स्कूलों में बच्चों ने परिणाम देखे।

सेक्टर-51 स्थित बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं की खुशी के साथ वहां अभिभावक और टीचरों ने साथ मिलकर खुशी का इजहार किया। इसके अलावा नोएडा के जीआईसी, कन्या इंटर कॉलेज, श्याम सिंह स्मारक, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, चेतराम कन्या इंटर कॉलेज, भवानी शंकर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम 80 से 90 प्रतिशत तक रहा।

### सीए बनना चाहती है 10वीं की टॉपर खुशी कुमारी



सेक्टर-122 पर्थला खंजरपुर की 10वीं की छात्रा खुशी कुमारी ने 94.3 प्रतिशत अंकों के साथ गौतमबुद्धनगर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सेक्टर-121 गढ़ी चौखंडी में रहने वाली खुशी ने बताया कि पूरे साल मेहनत की थी। ऐसे में अच्छे अंक मिलने की उम्मीद थी, लेकिन जिले में टाप-3 में रहूंगी इसकी उम्मीद नहीं थी। छह घंटे स्कूल के साथ मैंने घर पर भी नियमित छह घंटे सेल्फी स्टडी की। रात 12 बजे सोना और सुबह छह बजे उठना। यह उनकी पूरे वर्ष भर की दिनचर्या रही। 11वीं में वह कॉमर्स से पढ़ाई करेगी। आगे चलकर सीए बनना चाहती है। सभी विषयों को बराबर समय दिया। उनके हिंदी में 96, अंग्रेजी में 90, गणित में 98, विज्ञान में 97 व सामाजिक विज्ञान में 97 व कला में 91 अंक है। मूलत: बिहार की रहने वाली खुशी के पिता मुन्ना शाह पंप लाइन में काम करते हैं व मां फूल कुमारी गृहणी हैं।

### दिल्ली विश्विविद्यालय से पढ़ाई कर आईएएस बनना चाहती है अंकिता सिंह



सेक्टर-100 भंगेल स्थित नोएडा कन्या इंटर कॉलेज की 12वीं की छात्रा अंकिता सिंह ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। सुतयाना गांव की रहने वाली अंकिता ने गणित में 96, अंग्रेजी में 91, सामान्य हिंदी में 96, भौतिक विज्ञान में 61 व रसायन विज्ञान में 67 अंक प्राप्त किए हैं। अंकिता ने स्कूल और सेल्फ स्टडी से ही तैयारी की। कभी कोई कोचिंग नहीं ली। वह नियमित पांच से सात घंटे पढ़ती थी। उनके पैर में एग्जिमा हो गया था। इसके चलते कई दिन तक वह स्कूल भी नहीं आ पाई थी। इसके चलते भी उनकी पढ़ाई बाधित रही। वह दिल्ली विश्वविद्यालय से तैयारी स्नातक कर सिविल सेवा की तैयारी करेगी। भविष्य में आईएएस बनना चाहती है। उनके पिता बृजभान सिंह एक निजी कंपनी में काम करते हैं, जबकि मां रंभा देवी गृहणी है।

## सड़क हादसे में घायल दो लोगों की पुलिस ने बचाई जान

- टक्कर के पलटी टाटा हैरियर कार, स्विफ्ट नाले में गिरी
- एयर बैग खुलने के बावजूद अंदर फंस गए दोनों गाड़ियों के चालक

**नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्फाबाद गांव स्थित अंडरपास के पास सर्विस रोड पर शुक्रवार रात 12 बजे के करीब तेज रफ्तार टाटा हैरियर और स्विफ्ट कार आपस में आमने-सामने से टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टाटा हैरियर पलट गई जबकि स्विफ्ट कार गहरे नाले में जा गिरी। दोनों की गाड़ियों के एयरबैग खुल गए पर चालक अंदर ही फंसे रहे। गनीमत रही कि जहां हादसा हुआ पुलिस की टीमें वहां से महज सौ मीटर दूरी पर गश्त कर रही थीं। सूचना मिलने के महज दो मिनट के भीतर पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंची और पलटी हुई हैरियर कार को सीधा कराकर चालक को बाहर निकाला। वह अंदर बुरी तरह से फंस गया था। वहीं नाले में गिरी स्विफ्ट कार के चालक को भी वाहन समेत तुरंत निकाल लिया गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। कई लोग कार के अंदर फंसे चालकों को निकालने के बजाय घटना का वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। इस दौरान थाने से करीब सात अन्य पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए और मामूली रूप से घायल दोनों वाहनों के चालकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि शुक्रवार देर रात पार्टी में शामिल होने के बाद टाटा हैरियर गाड़ी पर सवार सेक्टर-100 निवासी अपूर्व कुमार झा और स्विफ्ट पर सवार सर्फाबाद गांव निवासी विपिन यादव अपने-अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही कार गांव के अंडरपास के सर्विस रोड पर पहुंची आपस में आमने-सामने से टकरा गई। टक्कर से स्विफ्ट गाड़ी नाले में गिर गई तथा हैरियर पलट गई थी। मौके पर जाकर पुलिस द्वारा हैरियर को सीधा कर दिया गया था। नाले में गिरी स्विफ्ट कार के चालक को भी पुलिस ने बाहर निकाला। दोनों गाड़ियों के चालकों के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। हादसे के बाद यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया। पुलिस ने महज दस मिनट के अंदर पलटी कार को सीधा कराकर यातायात को सामान्य कराया। सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर लोगों ने पुलिस के सराहनीय पहल की प्रशंसा की है। घायलों के परिजनों का भी कहना है कि पुलिस की ओर से अगर त्वरित मदद नहीं मिलती तो हादसे में चालकों की जान भी जा सकती थी। जिस समय हादसा हुआ दोनों गाड़ियों की गति सौ किलोमीटर प्रतिघंटा के आसपास थी।

## सार संक्षेप

### सपा के दो वरिष्ठ नेताओं ने दिया इस्तीफा

**नोएडा।** लोकसभा चुनाव के दौरान सपा के दो वरिष्ठ नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि एक दिन पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली में समाज के लोगों का अपमान हुआ और उनकी अनदेखी कर मंच पर स्थान नहीं दिया गया। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी भेजा है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में शुक्रवार को सिकंद्राबाद में सपा की रैली का आयोजन किया गया था, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आए थे। इस रैली अगले ही दिन दादरी के सपा नगर अध्यक्ष अनीस अहमद बिसाहड़िया और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अकबर खान ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि इस रैली में उनके समाज के लोगों का अपमान हुआ और उन्हें मंच पर भी स्थान नहीं दिया गया। उनके समाज द्वारा ही पार्टी के लिए सबसे अधिक काम किया जाता है, लेकिन मंच पर एसी कार वाले लोगों को स्थान मिलता है। उन्होंने पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं पर अपमानित करने का भी आरोप लगाया।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

**नोएडा।** दुष्कर्म के मामले में बीते पांच साल से फरार चल रहे आरोपी को फेज दो पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हरदोई के धन्नी गांव के रसनाथ उर्फ छोटू सिंह के रूप में हुई है। लंबे समय से गिरफ्तारी न होने के कारण सेंट्रल नोएडा पुलिस ने उस पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। वह अलग-अलग जगहों पर ठिकाने बदलकर रह रहा था। शनिवार को रसनाथ किसी काम से नोएडा आया तो मुखबिर से इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को कुलेसरा पुस्ता के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें अलग-अलग ठिकानों पर कई सालों से दबिश दे रही थीं।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने के बाद लोगों के साथ धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए ऐंठने वाले आरोपी को फेज तीन पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बुलंदशहर निवासी कमल सिंह केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। उसके एक साथी फुरकान को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। नामजद दस अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। कमल सिंह ने साथियों के साथ मिलकर एक ऐसा गिरोह बनाया था जो फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्लॉट दिलाने के नाम पर लोगों के साथ व्यापक स्तर पर ठगी करता है। गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया समेत अन्य प्लेटफॉर्म पर लोगों से वार्ता करते हैं और कम दाम में फ्लैट और मकान दिलाने का झांसा देते हैं। आरोपी दूसरे की जमीन का फर्जी दस्तावेज दिखाकर लोगों से पैसे ले लेते हैं और फरार हो जाते हैं। किसी दूसरे को मूल व्यक्ति के स्थान पर खड़ा कर आरोपी बैनामा भी करा देते हैं। रकम खाते में ट्रांसफर होते ही आरोपी संपर्क तोड़ देते हैं। कमल और उसके साथियों ने करीब सात लोगों के साथ दस करोड़ रुपये की ठगी की है। सभी पीड़ितों ने न्यायालय के माध्यम से संबंधित थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## कार से 4.53 लाख की नकदी बरामद

**नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। काली कमाई को कोई लोकसभा चुनाव में न खपा सके इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस जिला प्रशासन की अन्य टीमों के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीमों ने जांच करते हुए शनिवार को चिल्ला बॉर्डर के पास एक होंडा अमेज कार के अंदर से चार लाख 53 हजार 800 रुपए का कैश बरामद किया। कार सवार सेक्टर-47 निवासी जितेंद्र बोहरा कैश में संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, ऐसे में टीमों ने रकम को कोष में जमा करा दिया। अन्य विभागों को भी कैश की बरामदगी के संबंध में जानकारी दे दी गई है। फेज वन थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस की टीमें चिल्ला बॉर्डर दिल्ली से नोएडा मार्ग पर बैरियर लगाकर जांच कर रही हैं ताकि कोई भी मानक से ज्यादा नकदी लेकर सफर न कर सके।

लोकसभा चुनाव के कारण देशभर में आचार संहिता लगी हुई। ऐसे में चुनाव को प्रभावित करने वाले धन, शराब और गिफ्ट देने के पैतरे को नाकाम करने के लिए पुलिस प्रशासन बेहद सक्रिय है। अगर कोई 50 हजार रुपए से ज्यादा की नगदी अपने साथ लेकर निकलता है तो पुलिस के शिकंजे में फंस सकता है। तीनों जोन की पुलिस प्रशासन की टीमों के साथ मिलकर अबतक सवा करोड़ रुपए की राशि को सीज कर चुकी हैं।

## मतदाता को बूथ ढूंढने के लिए भटकना नहीं होगा

- मतदाता पर्ची पर रहेगा क्यूआर कोड
- मोबाइल पर स्कैन करते ही मिलेगा पोलिंग बूथ का विवरण

**नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदान वाले दिन मतदाताओं को अपने पोलिंग बूथ को ढूंढने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। मतदाताओं को पोलिंग बूथ का पता बताने के लिए प्रत्येक मतदाता पर्ची पर क्यूआर कोड रहेगा, जिसे मोबाइल पर स्कैन करते ही पोलिंग बूथ का पूरा विवरण पता चल जाएगा।

अक्सर चुनावों में देखा जाता है कि मतदाता अपने पोलिंग बूथ को ढूंढने के लिए इधर उधर दौड़ते और भटकते रहते हैं। इस दौरान उन्हें पुलिसकर्मियों की फटकार भी झेलनी पड़ती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। प्रशासन ने मतदाताओं की परेशानी दूर करने के लिए क्यूआर कोड की सुविधा विकसित की है। बता दें कि जिले में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को चुनाव होना है। ऐसे में अब तैयारियां जोरो पर है। मतदाताओं के पास पर्चियां पहुंचनी शुरू हो गई है। गौतमबुद्धनगर की पांचों विधानसभा से इस बार लोकसभा चुनाव में 27.75 लाख के करीब मतदाता वोट करेंगे। इनमें महिलाओं की संख्या भी आधी के बराबर है। वहीं, घर से वोट डालने की इच्छा जताने वाले बुजुर्ग व दिव्यांग भी मतदान कर चुके हैं।

## खोड़ा संडे बाजार में कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, फैली अफरा तफरी

**गाजियाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। खोड़ा कॉलोनी स्थित एसआर हॉस्पिटल के नजदीक सन्डे मार्केट में कबाड़ के गोदाम में आग भीषण आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। इस दौरान इलाके में अफरातफरी मची रही।



जिला अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली में 03:14 बजे खोड़ा कॉलोनी में स्थित एसआर हॉस्पिटल के पास, सन्डे मार्केट स्थित कबाड़ के गोदाम में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी, फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 3 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए, घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग काफी तेज़ी से फैल रही थी और काला धुआं बहुत तेज था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया, तुरन्त मौके की नजाकत को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार फायर स्टेशन कोतवाली से 3 फायर टैंकर, फायर स्टेशन साहिबाबाद से 2 फायर टैंकर तथा 2फायर टैंकर जनपद गौतमबुद्धनगर से घटनास्थल पर बुलाये गए। इस अग्निकाण्ड में कुल 10 गाड़िया लगी है, कबाड़ का गोदाम काफी बड़े क्षेत्र में स्थित था। जिससे कुछ वाहनो में भी आग लगी थी, जेसीबी की सहायता से सामान को इधर-उधर कर आग को चारो तरफ से आग बुझाई गई।

### सोसाइटी की लिफ्ट में पालतू कुत्ते ने बच्चे पर किया हमला

**नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-168 स्थित सोसाइटी के ग्राउंड फ्लोर पर लिफ्ट में पालतू कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर घायल कर दिया। घायल बच्चे की मां ने एक्सप्रेस वे थाने में कुत्ते के मालिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सनवर्ल्ड अरिश्ता सोसाइटी निवासी अन्नपूर्णा सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम को पांच बजकर 45 मिनट पर उनका बेटा अथर्व सिंह ग्राउंड फ्लोर की लिफ्ट से अपने फ्लैट की तरफ आ रहा था। उसी दौरान सोसाइटी के ही अनुज वाही का छोटा बेटा अपने पालतू कुत्ते को लेकर लिफ्ट के अंदर आ गया। लिफ्ट के अंदर की अनुज के पालतू कुत्ते ने अथर्व पर हमला कर घायल कर दिया। अथर्व के बाएं पैर की जांघ पर पंजों के निशान अभी भी मौजूद हैं। दर्द ज्यादा होने पर बच्चे ने जब घटना के बारे में अपनी मां को बताया तो उसको उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार और टीकाकरण कराने के बाद अथर्व मां के साथ वापस आया। इस संबंध में महिला की शिकायत पर पुलिस ने पालतू कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोसाइटी की लिफ्ट में पालतू कुत्ते द्वारा हमला करने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

### दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के 455 लोगों ने किया अपने घर से मतदान : शैलेन्द्र भाटिया

**गाजियाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद लोक सभा की विभिन्न विधान सभाओं में कुल 1181 इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट, 120 सर्विस वोटर और 659 को पोस्टल बैलट जारी किया गया है। जिसमें से



मोदीनगर का 271 है। अब तक कुल 455 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें धौलाना और मोदीनगर विधानसभा सम्मलित है।

## उपाध्यक्ष द्वारा मधुबन बापूधाम योजना व अन्य सिविल कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उपाध्यक्ष द्वारा मधुबन बापूधाम योजना एवं अन्य सिविल कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम बुनकर मार्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माणकर्ता फर्म मै0 शालीमार कॉर्पोरेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा प्राधिकरण के अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य दिसम्बर माह तक पूर्ण हो पाएगा। यह पृच्छा की गई कि अप्रैल की कार्यपूर्ति तक पूर्ण न होने व विलंब का क्या कारण है तथा कार्य में मासिक माइलस्टोन निर्धारित करते हुए प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गए।

मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि स्थलीय सुपरवाइजर द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए



कि कार्य में प्रगति हो तथा कार्य गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण हो। इसके साथ ही आगामी समय में मॉनिटरिंग प्रणाली की भी कार्य योजना तैयार की जाए।

इसके उपरांत योजना में योजना में 45 मी0 रोड का निरीक्षण किया गया। कार्य प्रभारी द्वारा यह अवगत कराया गया कि



मार्ग में कतिपय भूमि के पैच, किसानों का प्रतिकर न वितरण किए जाने के कारण अनुपलब्ध हैं।

इस से एक छोर से दूसरे छोर की कनेक्टिविटी नहीं बनायी जा सकी। यह निर्देशित किया गया कि ऐसे प्रकरण जिनके प्रतिकर की धनराशि ट्रिब्यूनल में जमा है तथा अपर ज़िलाधिकारी द्वारा उनका हिस्सा नहीं प्रेषित है, उनका प्राथमिकता पर चिन्हांकन कर धनराशि वितरित करायी जाये।

मधुबन बापूधाम प्राधिकरण की महत्वपूर्ण योजना है। स्थानीय समास्याओं के निस्तारण हेतु साइट ऑफिस पर पुन: सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता व लिपिक संवर्ग की तत्काल तैनाती किये जाने हेतु निर्देशित कि ईडब्ल्यूएस भवनों में लगाई गई इंटरलॉकिंग का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

तदोपरांत योजना में अन्य मार्गो का निरीक्षण किया गया। योजना में सामान्य साफ-सफाई का अभाव पाया गया। यह निर्देशित किया गया कि लगातार 2 दिवस मानव संसाधनों एवं मशीनों द्वारा समस्त योजना की झाड़ियो को साफ कराया जाए।

## नगर आयुक्त ने निर्माण के ठेकेदारों से की बैठक

- एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानी प्रगति
- कार्यों को रफ्तार देने के लिए किया मोटिवेट



**निर्माण कार्यों को लेकर न प्राप्त हो कोई शिकायत, नहीं तो पड़ेगी भारी : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं जिसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समय-समय पर टीम को मोटिवेट कर रहे हैं इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग के साथ-साथ निर्माण के ठेकेदारों से भी बैठक की तथा सीधी बात करते हुए उनको चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूर्ण करने के लिए भी निर्देश दिए गए बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण एन. के.चौधरी, अधिशासी अभियंता फरीद जैदी, अधिशासी अभियंता देशराज, कई फर्मों के ठेकेदार व अन्य निर्माण की संबंधित टीम भी उपस्थित रही। मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी द्वारा बताया गया कि चल रहे निर्माण कार्य को लेकर नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में बैठक हुई जिसमें संबंधित सभी निर्माण के ठेकेदारों ने भी प्रतिभाग किया। नगर आयुक्त ने सभी ठेकेदारों को समय सीमा के दौरान कार्यों को रफ्तार देने के लिए निर्देश दिए तथा गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के लिए भी कहा गया जिसके क्रम में लगातार कार्य चल रहा है शहर के पांचो जोन में निर्माण के कार्यों को रफ्तार से किया जा रहा है वसुंधरा, सूर्य नगर, वैशाली, मोहन नगर, डीएलएफ, सेक्टर 23 संजय नगर, डायमंड फ्लाईओवर, गोविंदपुरम, पंचवटी कालका गाड़ी चौक अनेकों स्थानों पर निर्माण के कार्य पूर्ण कराये, एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत विजयनगर जोन में nh9 9 से तिगड़ी गोल चक्कर, तथा सेन चौक तक का कार्य कराया गया। कवि नगर जोन अंतर्गत डायमंड फ्लाईओवर की सड़क सुधार का कार्य कराया गया नसीरपुर फटक की सड़क सुधार का कार्य कराया गया वसुंधरा के अंतर्गत वार्ड संख्या 54 सेक्टर 11 तथा वार्ड संख्या 74 में सड़क सुधार का कार्य किया गया मोहन नगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 86 राजेंद्र नगर सेक्टर 5 में कार्य किया गया सिटी जोन के अंतर्गत अमृत स्टील कंपाउंड वार्ड संख्या 22 के अंतर्गत कार्य कराया गया। जिसकी मॉनिटरिंग भी लगातार की जा रही है, एयर क्वालिटी में अन्य कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के लिए भी कहा गया है।

## कार्य में लापरवाही बरतने वाले 131 कार्मिकों पर मुकदमा दर्ज



- विभागीय व दण्डात्मक कार्रवाई के लिए दिए आदेश
- अनुपस्थित कार्मिक जल्द से लें प्रशिक्षण : अभिनव गोपाल प्रभारी कार्मिक

**गाजियाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। आईटीएस कॉलेज के 31 कमरों में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चल रहे निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षिण के क्रम में 20 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत कार्मिकों का दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 3216 कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 40 पीठासीन अधिकारी, 25 मतदान अधिकारी प्रथम, 17 मतदान अधिकारी द्वितीय और 49 तृतीय मतदान अधिकारी सहित कुल 131 कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल ने सभी 131 अनुपस्थित कार्मिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कहा कि कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण का समय देते हुए तत्काल प्रभाव से प्रशिक्षण पूरा कराया जाए। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया। प्रशिक्षण में अभिनव गोपाल, आईएएस मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्मिक टीम संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया। आईटीएस कैम्पस में बैलेट के माध्यम से मतदान कार्य भी जारी रहा, जिसका लाभ अनेक कार्मिक ने उठाया।

उवाच

क्लब द्वारा चलाये गए इस जागरुकता अभियान में विभिन्न स्थानो पर बड़े बड़े बैनर, पोस्टर लगा कर लोगों को जागरुक 26 अप्रैल को अपने अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरुक किया जा रहा है।

सौरभ बंसल, पूर्व अध्यक्ष

# कैपिटल ज़ोन

## हाईस्कूल में तनिश व इंटर में निधि ने किया टॉप



■ यूपी बोर्ड में जिले का 10वीं का 95.11 और 12वीं का 84.96 प्रतिशत रहा परिणाम
■ पूरे प्रदेश में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम तीसरे स्थान पर

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। परिक्षा परिणाम देखकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में गौतमबुद्ध नगर जिला पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा। गौतमबुद्ध नगर में 10वीं में कुल 22 हजार 828 छात्र छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें से 21 हजार 554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वहीं 20 हजार 501 छात्र-छात्राएं पास हुआ। परीक्षा परिणाम 95.11 प्रतिशत रहा। पिछले साल 10वीं में परीक्षा परिणाम 93.03 प्रतिशत रहा। इस बार दो प्रतिशत और बेहतर परिणाम रहा। बोर्ड परीक्षा में दसवीं में इस बार तनिश ने जिला टॉप किया है। तनिश को 95.83 प्रतिशत अंक मिले है। तनिश एसडीएस इंटरकॉलेज नवादा दनकौर का छात्र है। वहीं दूसरे स्थान पर योगेंद्र है। योगेंद्र को 95.17 प्रतिशत अंक मिले है। वह डालचंद शर्मा मिथलेश देवी ज्ञान दीप इंटरकॉलेज का स्टूडेंट है। तीसरे स्थान पर खुशी कुमारी बीआर इंटरकॉलेज नोएडा की छात्रा है। खुशी ने 94.83 प्रतिशत अंक हासिल किए। बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में इस बार 191709 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। 18554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वहीं 15764 छात्र-छात्राएं पास हुए। इस बार का परीक्षा परिणाम 84.96 प्रतिशत रहा।

वहीं विगत साल 12वीं में 82.14 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इस बार 12वीं में निधी रानी ने जिला टॉप किया। निधी ने 93.88 प्रतिशत अंक हासिल किए। वे मिहिर भोज गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा है। वहीं दूसरे स्थान पर नीरज सोलंकी रहे। नीजर ने 93.40 प्रतिशत अंक हासिल किए। नीरज शिवराज शर्मा इंटरकॉलेज का छात्र है। बोर्ड परीक्षा में इस बार परीक्षा परिणाम विगत वर्षों से अच्छा रहा है।



यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले की स्थिति अच्छी रही है, हाई स्कूल में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। परीक्षा परिणाम में सभी विद्यालयों के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। भविष्य में जिले के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के और प्रयास किए जाएंगे।
धर्मवीर सिंह, जिलाविद्यालय निरीक्षक

## बारहवीं की टॉपर निधि बनना चाहती हैं आईएएस

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में 12वीं की टॉपर निधि 10 घंटे से ज्यादा पढ़ाई करती है। उन्होंने बताया कि टाइम मैनेजमेंट और टाइम टेबल बनाकर पढ़ने से काफी परेशानी कम हो जाती है। एक साथ पढ़ने की बजाए साल भर पढ़ना बेहतर है। उनका लक्ष्य आईएएस है। इसके बाद वे पहले ग्रेजुएशन करेंगी इसके साथ ही आईएएस की तैयारी करेंगी। उन्होंने बताया कि इंटरनेट से पढ़ाई में बहुत सहायता मिली है। समझ नहीं आने पर यू ट्यूब से लिंक निकालकर उसे जरुर देखती है। उनका कहना है कि इंटरनेट जानकारी का खजाना है। लेकिन सही प्रयोग से ही इसका फायदा लिया जा सकता है। इसलिए जब फंसे तब ही इसका प्रयोग किया। सोशल मीडिया एकाउंट तो बनाए है लेकिन एक्टिव नहीं रहती। उनका कहना है कि सोशल मीडिया से समय की होती है बर्बादी। उनका लक्ष्य आईएएस बनने का है। इसके लिए वह अभी से अखबार और सामान्य ज्ञान को मजबूत कर रही है। साइंस स्ट्रीम में उन्होंने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने 500 में से 469 अंक मिले। उन्होंने बताया कि उनके सब्जेक्ट पीसीएम के अलावा हिंदी और अंग्रजी थे। फिजिक्स में 87, कमेस्ट्री में 97, मैथ में 96 हिंदी में 96 और अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त किए। मेहनत के साथ उन्होंने ट्यूशन लिया। उनके पिता राजीव कुमार पेशे से इंजीनियर है। और प्राइवेट फर्म में जॉब करते है। वहीं माता कमलेश हाउस वाइफहै। उन्होंने बताया कि टीचरों ने उनका पूरा साथ दिया। पिता को रोल मॉडल मानती है। उनके कहने पर ही चलती हूं।



■ पढ़ाई में इंटरनेट से मिली मदद
■ सोशल मीडिया से समय की होती है बर्बादी

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल में जिले के टॉपर

- >>> प्रथम स्थान पर एसडीएस इंटर कॉलेज के तनीश ने 600 में से 575 (95.83 प्रतिशत)
- >>> दूसरे स्थान पर डालचंद शर्मा मिथलेश देवी ज्ञानदीप इंटर कॉलेज, रबूपुरा योगेंद्र 571 (95.17 प्रतिशत)
- >>> तीसरे स्थान पर नोएडा के पर्थला खंजरपुर की खुशी कुमारी ने 569 (94.83 प्रतिशत) अंक
- >>> चौथे स्थान पर नोएडा के सेक्टर-58 के यश मेमोरियल स्कूल की शगुन सिंह ने 568 (94.67 प्रतिशत)
- >>> पांचवें स्थान पर पारसौल के किसान इंटर कॉलेज के पीयूष मलिक ने 566 (94.33 प्रतिशत)
- >>> छठें स्थान पर महाराणा कुंभ हायर सेकेंडरी स्कूल के उत्तम कुमार ने 564 (94 प्रतिशत)
- >>> सातवें स्थान पर आकलपुर के सीएस इंटर कॉलेज की गरिमा और दनकौर के नवादा के एसडीएस इंटर कॉलेज की तान्या ने 563 (93.83 प्रतिशत)
- >>> आठवें स्थान पर दनकौर के एसडीएस इंटर कॉलेज की रितिका, छिजारसी के गवर्मेंट इंटर कॉलेज की संजना कुमारी और सादुल्लापुर के केएबीवीएम इंटर कॉलेज की कशिश शर्मा, पर्थला खंजरपुर के बीआर पब्लिक स्कूल की भारती यादव ने 562 (93.67 प्रतिशत) अंक
- >>> नौवें स्थान पर वैदपुरा के एसएसवी इंटर कॉलेज के आदर्श खारी और पर्थला खंजरपुर के बीआर पब्लिक इंटर कॉलेज की दिव्या सिंह मावी ने 560 (93.33 प्रतिशत)
- >>> दसवें स्थान पर बैदपुर के एसएसवी इंटर कॉलेज की शिवानी, जहांगीरपुर के पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रशांत ठाकुर, दनकौर के एसडीएस इंटर कॉलेज ध्रुव, रोजा जलालपुर के एसआरएस इंटर कॉलेज की सोनिया नागर और सादुल्लापुर के केए बीवीएम इंटर कॉलेज के सोनू ने 559 (93.17 प्रतिशत)।

## यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में जिले के टॉपर

- >>> मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज दादरी की निधि रानी 500 में से 469 अंक लेकर (93.80 प्रतिशत)
- >>> दूसरे स्थान पर बिलासपुर के शिवराज शर्मा इंटर कॉलेज के नीरज सोलंकी और खेड़ा धर्मपुरा गांव के एसआरएस इंटर कॉलेज की विधि रही। दोनों ने 500 में से 467 (93.40 प्रतिशत) अंक
- >>> तीसरे स्थान पर नोएडा के भंगेल स्थित कन्या इंटर कॉलेज की अंकिता सिंह 466 (93.20 प्रतिशत) अंक
- >>> चौथे स्थान पर दादरी के मिहिर भोज इंटर बालिका कॉलेज की रीतू ने 463 (92.60 प्रतिशत) अंक
- >>> पांचवे स्थान पर मिहिर भोज की मोनिका गौतम ने 461 (92.20 प्रतिशत)
- >>> छठें स्थान पर मिहिर भोज की महक, एसडीके विद्यालय रबूपुरा की सोनाली भाटी और हल्द्वानी के बाल उदय मॉडल इंटर कॉलेज की मानसी तोमर ने 459 (91.80 सातवें स्थान पर खेड़ा धर्मपुरा गांव के एसआरएस इंटर कॉलेज की शोभा नागर 457 (91.40)
- >>> आठवें स्थान पर मिहिर भोज बालिका कॉलेज की पलक तोमर ने 456 (91.20 प्रतिशत)
- >>> नौवें स्थान पर सैथली के जेएस इंटर कॉलेज की मानसी तोंगड़ ने 455 (91 प्रतिशत)
- >>> दसवें स्थान पर एसके इंटर कॉलेज गढ़ी चौखंडी के अजीत कुमार राय और दौला रजपुरा के डॉ. शिव चरण शर्मा की सिद्धि ने 454 (90.80 प्रतिशत) अंक हासिल किया।

## दसवीं टॉपर तनिश सिविल सेवा में जाकर करना चाहता है देश की सेवा



**दनकौर,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर कुछ लोगों के चेहरे मुरझा गए तो वहीं परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के घर में जमकर खुशियां मनाई गईं। दनकौर क्षेत्र के गुनपुरा गांव के रहने वाले तनिश भड़ाना और उसके परिवार के सदस्यों की खुशी उस समय अधिक बढ़ गई जब पता चला कि तनिश भड़ाना ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 575 अंक (95.83 प्रतिशत) लाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तनिश बताते हैं कि उनके पिता किसान हैं। वह दो भाइयों में बड़ा है और एक बहन भी है। उन्होंने बताया कि सामान्य दिनों में स्कूल ले अलावा करीब चार घंटे की पढ़ाई करते थे, जबकि परीक्षा से एक माह से ही आठ घंटे तक पढ़ाई शुरू कर दी थी। दिन की अपेक्षा रात के समय अधिक पढ़ाई की गई। तनिश भड़ाना बताते हैं कि परीक्षा देने के बाद उन्हें यह अहसास हो गया था कि परीक्षा परिणाम काफी अच्छा आएगा लेकिन यह नहीं सोचा था कि जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हो जाएगा।

शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने पर अध्यापकों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने की जानकारी हुई तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनका कहना है कि वैसे तो पढ़ाई में पूरे परिवार का अच्छा स्पोर्ट रहा है, लेकिन दादा केसर भड़ाना द्वारा विशेष सहयोग किया गया है। विज्ञान विषय में सबसे ज्यादा रुचि है और आगे चलकर सिविल सेवा की तैयारी करेंगे। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करनी है।

## यूपी परीक्षा परिणाम आने पर छात्रों में खुशी का माहौल



■ जहांगीरपुर के दसवीं के छात्र ने जिले में पाया दसवां स्थान

**जेवर,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उप्र बोर्ड का दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के बाद छात्र छात्राओं व विद्यालयों में खुशी का माहौल है। पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर के कक्षा दसवीं के छात्र प्रशांत ठाकुर ने जिले में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा व शिक्षकों ने उसे बधाई दी। गोपालगढ़ स्थित ओम पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय का दसवीं व बारहवीं के परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में शिवा ने 92 प्रतिशत, शिवम 85 प्रतिशत व गुंजन ने 81 प्रतिशत अंक हासिल किए तथा कक्षा बारहवीं में शीतल ने प्रथम, तनु ने द्वितीय व राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अग्रसेन पब्लिक इंटर कॉलेज दयानतपुर के प्रबंधक नवनीत गोयल ने बताया कि विद्यालय का कक्षा दसवीं व बारहवीं के परिणाम शतप्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कल्पना मीना ने 90 प्रतिशत, दीपांशी ने 87 प्रतिशत, काजल ने 86 प्रतिशत अंक हासिल किए तथा बारहवीं में रामू ने 82 प्रतिशत, गोपीचंद ने 81 प्रतिशत व संजय ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। श्रीराम मॉडल इंटर कॉलेज थोरा, जनता इंटर कॉलेज जेवर, कमरटेक्निकल इंटर कॉलेज जेवर, जैन इंटर कॉलेज जेवर, आदर्श इंटर कॉलेज जेवर, सर्वहितकारी इंटर कॉलेज दयानतपुर आदि विद्यालयों का कक्षा दसवीं बारहवीं के परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा। विद्यालय द्वारा सभी छात्रों को बधाई दी गई।

## तकनीकी प्रगति के साथ विपणन के विकसित परिदृश्य पर सेमिनार आयोजित




**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, में पांचवें मार्केटिनार 'विपणन क्षेत्र का विकसित परिदृश्य: विपणन 5.0' विषय पर आयोजित किया गया।

सेमिनार में एवल्विंग लैंडस्कैप ऑफ मार्केटिंग के उद्भव पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। एयर कमोडोर (डॉ.) जेके साहू, निदेशक-एआईएमटी ने अथितियों का स्वागत किया। मेजर जनरल सुमित मेहता, वीएसएम, मुख्यालय दिल्ली क्षेत्र ने एआईएमटी के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि मिस श्वेता बेरी ने स्वयं के लिए एक विशिष्ट भिन्नता बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने जीवन के अनुभव को साझा किया।

महावीर बिष्ट, सीनियर मैनेजर करने ग्लोबल मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म ने बाजार में बढ़ते प्रतिस्पर्धा और कस्टमर सर्विस तरीको की जानकारी दी। बायजू कुर्रियां, प्रमुख उत्तर सीएसआर, बिसलेरी इंडिया ने विपणन में स्थिरता का महत्व एवं बिजनेस में ग्राहक अनुभव और सेवा की बारीकियों के बारे में बात की। प्लेनरी सेशन के अतिथि राहुल मिश्रा, सेल्स मैनेजर, एडीपी इंडिया, ने कॉर्पोरेट जगत में हरित उपभोक्ता के व्यवहार और पर्यावरण अनुकूल उत्पादों, नैतिक प्रथाओं और टिकाऊ ब्रांडों के लिए उनकी प्राथमिकताओं का पता लगाने की बारीकियों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का समापन डॉ. पल्लवी, एरिया चेयर, मार्केटिंग एआईएमटी द्वारा अतिथियों को धन्यवाद करके हुआ।

## झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगने से महिला की हुई मौत



**दनकौर,** 20 अप्रैल (देशबन्धु। दनकौर कस्बे में स्थित झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगने से एक महिला की शनिवार को मौत हो गई। सूचना के बाद महिला के परिवार के लोगों ने पहुंचकर आरोपी डॉक्टर की क्लिनिक पर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद डॉक्टर लोगों की भीड़ को देखकर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने आरोपी डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की है। दनकौर कस्बे के प्रेमपुरी मोहल्ला निवासी ओमपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनकी मां दयावती (55) की तबीयत शनिवार की दोपहर अचानक खराब हो गई थी। जिसके चलते वह अकेली घर के पास स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक पर दवा लेने गई थी। बताया जाता है कि जहां डॉक्टर ने उनको इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के दौरान ही महिला अचानक पीछे गिर गई। कुछ देर बाद में ही उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग सूचना का आधार पर मौके पर पहुंच गए। जहां परिवार के लोगों का गुस्सा देखा डॉक्टर क्लिनिक छोड़कर फरार हो गया। परिवार के लोगों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही की चलते ही यह घटना हुई है। इसके बाद परिवार के लोग महिला के शव को कोतवाली पहुंच गए जहां से पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित परिवार की शिकायत ले ली गई है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपी डॉक्टर के खिलाफआगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

मैं मोनिका चौधरी पत्नी संजय सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा ने अपना नाम मोनिका चौधरी से बदलकर मोनिका मलिक कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मोनिका मलिक के नाम से जाना जाएगा

## अर्थ डे पर पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,**20 अप्रैल (देशबन्धु)। एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा ने अर्थ डे पर किया 'पृथ्वी' का आयोजन किया। गिव मी ट्रीज ट्रस्ट के प्रबंधक इश्तियाक अहमद, मिस अर्थ इंडिया 2023 प्रियन सेन और पशु कल्याण प्रचारक नोयोनिका गोगोई अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा के ईवीपी डॉ. रमन बत्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी। एनआईईटी के निदेशक डॉ. विनोद एम. कापसे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह की अध्यक्षता की। छात्र कल्याण के डीन डॉ. मनीष कौशिक और एसोसिएट डीन छात्र कल्याण कनिका जिंदल ने कार्यक्रम की सनरचना की। अर्थ डे, सजावट में किसी भी प्लास्टिक उत्पाद का उपयोग नहीं किया गया था,सब कुछ वेस्ट मटीरियल से बनाया गया था। छात्रों ने मिस्टर और मिस अर्थ, एनआईईटी के खिताब के लिए स्पर्धा मे भी भाग लिया, और कई क्लबों के प्रदर्शन ने धरती मां की रक्षा करने और प्लास्टिक से दूर रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## ऐतिहासिक बाराही मेला कल से शुरू






■ दिखेगी लोककला एवं संस्कृति
■ बाराही मेले की थीम है- अपनी संस्कृति व अपना स्वाभिमान

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राचीन ऐतिहासिक बाराही मेला आयोजन समिति ने प्रेस वार्ता कर मेले की तैयारी की जानकारी दी। शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने कहा कि इस बार मेला 22 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है जो 4 मई तक सूरजपुर में चलेगा।

इस बार मेले का थीम अपनी संस्कृति व अपना स्वाभिमान रखा गया है। मेले में ग्रामीण जन जीवन पर आधरित दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे सबसे बड़ी खाट यानी चारपाई, हुक्का, पीढ़ा, रई, आटा चक्की हाथ वाली, बैलगाड़ी आदि यहां की चौपाल पर खासा आकर्षण का केंद्र होंगी। इसके अलावा लोक गायन के कला रूप में रागनी और राजस्थानी लोक कला, गीत संगीत और नृत्य भी प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक बाराही मेले के अंतिम दिन 4 मई को दोपहर 2.30 बजे से 101 रूपए से लेकर एक लाख रूपए तक के दंगल में दूर दूर से आकर पहलवान अपनी मल्ल कला का प्रदर्शन करेंगे।

ओमवीर बैंसला ने बताया कि इस बार भी मेले में स्कूलों के बच्चों के द्वारा गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और रागनियों की श्रृंखला चलेगी। साथ ही मौत का कुआं, सर्कस, झूले, जादूगर शो, कठपुतली, नटकला आदि खेल तमाशे लोगों का मनोरंजन करेंगे। मंदिर मेला समिति के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल ने कहा कि बाराही मेले में आने वाले दर्शकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था पूर्व भांति की गई है, जहां लोग अपने वाहन पार्क कर मेले का लुत्फ उठा सकते हैं। बाराही मेला समिति मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस बार लगने वाले बाराही मेला की तैयारियां पूरे जोर शोर से शुरू कर दी है।

प्राचीनकालीन तालाब में स्नान करने से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। दूर दूर से यहां लोग स्नान करने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से ऐतिहासिक बाराही मेला-2024 में भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। इस दौरान डा. धनीराम देवधर,चौ. ब्रजपाल भाटी, महेंद्र सिंघल, चौ. शाहमल, टेकचंद प्रधान, चौ. राजू प्रधान, महेंद्र आर्य, सतवीर सिंह ठेकेदार, राजवीर भगत, बिजेंद्र सिंह आर्य, शिवदत्त आर्य, भूदेव शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ग्रीन 26 अप्रैल को मतदान के लिए किया जागरूक



**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने आगामी 26 अप्रैल को गौतमबुद्धनगर में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नागरिकों को प्रेरित करने के लिए जगत फार्म मार्केट में जागरूकता अभियान चलाया। रोटरियन सरदार मंजीत सिंह ने सभी दुकानदारों से परिवार के सभी वोटरों की वोट के साथ साथ सभी कर्मचारियों की भी वोट डलवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के इस महापर्व को सभी क्षेत्रवासी उत्साह से मनाये। पूर्व अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि क्लब द्वारा चलाये गए इस जागरुकता अभियान में विभिन्न स्थानो पर बड़े बड़े बैनर, पोस्टर लगा कर लोगों को जागरुक 26 अप्रैल को अपने अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभियान में क्लब अध्यक्ष अतुल जैन, ऋषि अग्रवाल, शैलेश वार्ष्णेय, एमपी सिंह, गुरचरण सिंह, शिवकुमार आर्य, सुशील भाटी एडवोकेट, नवीन जिंदल, अमित गोयल, राहुल शर्मा, अंकुर गर्ग व अन्य लोगों ने सहयोग किया।

## तीन नाबालिग छात्र संदिग्ध हालात में लापता

**दनकौर,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा निवासी तीन नाबालिग छात्र शुक्रवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर छात्रों की तलाश शुरू कर दी है। देव, सोनू व दुष्यंत तीनों दोस्त हैं। एक ही स्कूल में 10वीं के छात्र है और बोर्ड परीक्षा भी साथ ही दी है। लेकिन परीक्षा परिणाम आने से पहले ही तीनों छात्र अचानक एक साथ लापता हो गए। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार सुबह तीनों घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते वक्त ही लापता हो गए। परिजनों ने सभी जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की।

कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जल्द बच्चों का सुराग लगा लिया जाएगा।

समीक्षा

# चलो फिर से शुरू करें

■ सुधा ओम ढींगरा



लगातार साहित्य लेखन से जुड़ी सुधा ओम ढींगरा अपने नवीन कहानी संग्रह 'चलो फिर से शुरू करें' के साथ पाठकों के सम्मुख उपस्थित हुई हैं। लंबे समय से प्रवास में रहने के कारण सुधा जी के साहित्य में प्रवासी भारतीयों को मुखर रूप से देखा जा सकता है। उनसे जुड़े पारिवारिक रिश्तों व अन्य समस्याओं को कहानी के केंद्र में रखकर, भारत व प्रवासी संदर्भों के बीच पुल का काम भी करती है और पाठकों को वहाँ के परिवेश से परिचित भी करवाती है, जिनकी जानकारी हमें यहाँ बैठे नहीं होती।

'वे अजनबी और गाड़ी का सफर' कहानी में एक ऐसे विषय से अवगत करवाती है, जिसे अक्सर फिल्मों व सीरियलों में देखा जाता है। दो भारतीय पत्रकार युवतियों ने एक चीनी युवती को यूरोपीय पुरुष के साथ रेलगाड़ी में जाते देखा परन्तु वह लड़की बहुत तकलीफ में प्रतीत हो रही थी। उन दोनों युवतियों ने किस होशियारी व सर्तकता से उस लड़की को ड्रग माफिया से मुक्त करवाया, वह कहानी पढ़ने से ही पता लगता है। यह कहानी हमें अपने और अमरीकी तंत्र व पत्रकारिता के बीच के अंतर को दर्शाती है। वहाँ एक युवती पत्रकार के एक मैसेज पर सिक्योरिटी ऑफिसर्ज़ द्वारा 'हयूमन ड्रग बॉम्ब' के तहत उठायी जा रही उस चीनी लड़की को उस पूरे गैंग से मुक्त करवा लिया गया।

अंधविश्वास केवल एशिया व भारत में ही सर्वोपरि नहीं, बाहर के देश भी इसके प्रभाव से मुक्त नहीं। वहाँ भी ग्रामीण क्षेत्र हमारे समान ही पिछड़े हुए, कई प्रकार के दुरावों व पाप-पुण्य के बीच उलझे हुए हैं। इसी कारण जब अगाध सुंदरी ड्यू स्मिथ ने गौरव मुखी को अपने जीवन के काले अतीत के बारे में बताया तो एक बार वह यकीन न कर पाया। उसे यह जानकर अत्यन्त हैरानी हुई कि डयू के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ, जैसाकि किसी भी सुंदर लड़की को जवान होने पर बुरी नीयत और दुष्कर्म से गुज़रना पड़ सकता है परन्तु माँ-बाप ने अपने धर्माधिकारी के चरित्र पर संदेह न किए जाने के अपने रूढ़िवादी और अंधविश्वासी व्यवहार को निभाया। जबकि ड्यू उस दुष्कर्म के कारण एच आई वी वायरस की लपेट में आ गयी। अपनी मेहनत व योग्यता के बल पर वह एक बड़ी कंपनी में उच्च पद पर पहुँच गयी, उसके पास सब कुछ था परन्तु उसकी सुंदर नीली आँखें उदास बेनूर थी, जिसके पीछे का रहस्य आज गौरव को समझ में आया था। इसलिए ड्यू उससे शादी नहीं करना चाहती थी क्योंकि वास्तविक जीवन में ऐसा करना संभव नहीं था। इस बीमारी का इलाज सारी उम्र करना पड़ता है। बाहर के देशों में ऐसी बीमारी के मरीज़ ज़्यादा है परन्तु इसके बाद भी वे जीवन में आगे बढ़ते हैं, समाज उन्हें उस प्रकार से नहीं दुत्कारता, जिस प्रकार का व्यवहार हमारे यहाँ परिवार व समाज द्वारा किया जाता है।

'वह ज़िन्दा है...' कहानी अस्पताल की उस वास्तविकता को दर्शाती है, जिसमें अल्ट्रासाउंड करने वाली नर्स कीमर्ली ने जब एकदम सपाट तरीके से गर्भवती कविता से कह दिया कि 'मिसेज़ सिंह युअर बेबी इज़ डेड।' ऐसा सुनते ही कविता के शरीर की गति वहीं रुक गई। फिर जो हुआ, वह बहुत ही दर्दनाक था। कविता के शरीर के गतिहीन हो जाने से मृत बच्चे को बहुत मुश्किल से उसके शरीर से बाहर निकाला गया। कविता की केवल साँसें से चल रही हैं जबकि वह अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है क्योंकि दो बार गर्भपात हो जाने के बाद यह तीसरा मौका ही उसे माँ बना सकता था परन्तु नर्स द्वारा बिना किसी भावनात्मक अंदाज़ के, प्यार या फुसला कर कहने की बजाय सच को पत्थर की तरह उसके दिल पर दे मारा। जिसे कमज़ोर कविता सहन नहीं कर पायी। पति के कार को पार्क करके वापस आने तक के कुछ मिनटों में ही उस दंपत्ति की ज़िंदगी उजड़ गयी। अब पति अस्पताल के मैनेजमेंट से मानवता की लड़ाई लड़ रहा है । उसका तर्क बस इतना ही है कि 'वह सच बोलने के खिलाफ नहीं पर सच को बोला कैसे जाए!' यह बात विदेशियों को हमसे सीखने की आवश्यकता है। अच्छी बात, अच्छी सलाह जहाँ से भी मिले, उसे सीख लेने में कोई बुराई नहीं। इससे आगे बढ़ने में मदद मिलती है।

'भूल-भुलैया' भी कुछ इसी प्रकार के अंतर को बयान करती है। भारतीयों के वाट्सएप ग्रुपों में लगातार इस प्रकार संदेश आ रहे थे कि एशियाई लोगों को अकेले-दुकेले देख कर, अगवा कर लिया जाता है और उन्हें मॉल्स के बड़े ट्रकों में उठा ले जाकर, उनके मानवीय अंग निकाल लिए जाते है। इन संदेशों से घबरायी सुरभि ने जॉगिंग करते हुए एक पार्क में उसका पीछा करते एक पुरुष-स्त्री को उसी गैंग का समझ लिया और अपने बचाव के लिए पुलिस को फ़ोन कर दिया। पुलिस ने आकर उसकी गलतफहमी दूर की कि ये सारी अफवाहें हैं और वे स्त्री-पुरुष उसकी सहायता के लिए उसके साथ-साथ आ रहे थे। जिस घटना के कारण ऐसी अफवाहें फैलने लगी, वह एक गलती के कारण घटी और तभी खत्म भी हो गई परन्तु उस एशियन महिला ने बात का बतंगड़ बना कर, अटेंशन लेने के लिए कुछ का कुछ बना दिया। डिज़ीटल मीडिया की सुख-सुविधा ने हमारा जीवन आसान किया है, उस पर बढ़ती निर्भरता हमें बेआराम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही।

भावनात्मक स्तर की बात करें तो संग्रह की बहुत सारी कहानियों में इसे प्रमुखता से देखा जा सकता है, जिसमें भारतीय पारिवारिक मूल्यों की अधिकता समायी हुई है। 'कभी देर नहीं होती' में ददिहाल के लाडले नंदी को माँ और ननिहाल के प्रभाव में आनंद में बदलना पड़ा। ननिहाल की चालाकी और तेज़-तर्रार भरे व्यवहार के कारण आनंद और उसके छोटे भाई को बचपन से ही दादा-दादी के प्यार व ममत्व भरे माहौल से दूर होना पड़ा। सब कुछ समझने के बावजूद उसके पापा ने मम्मी और ननिहाल के आगे चुप्पी साध ली ताकि बच्चों की परवरिश पर कोई बुरा असर न पड़े। जब इतने वर्षों के बाद अमरीका के एक शहर में रहते हुए उसकी बुआ ने 'नंदी' कह कर पुकारा, तो वह इतने वर्षों के लंबे अंतराल के बाद उसी माहौल व अपनेपन से भर उठा। अंग्रेज़ी के दो शब्द हैं, जो संबंधों के लिए प्रयोग किए जाते हैं 'कनेक्ट' होना और 'रिलेशन' होना। परन्तु हम जानते हैं कि हर शब्द का अपना लहज़ा, टोन व संदर्भ तो होता ही है, उसकी अनुभूति भी अलग होती है। यहाँ कनेक्शन से अर्थ, संस्कारों से, भावनाओं से, अपने मूल से जुड़ा होना है, जिसमें वर्षों की दूरी भी कोई अर्थ नहीं रखती जबकि दूसरी ओर रिलेशनशिप में संबंध तब तक रहेगा, जब तक आप चाहें... ! इसलिए रिश्तों में कनेक्शन होना चाहिए, रिलेशनशिप तो आती-जाती चीज़ है।

ऐसा ही कुछ 'चलो फिर से शुरू करें' शीर्षक कहानी में भी देखा जा सकता है। विदेशी महिला से विवाह कर पुत्र माँ-बाप से अलग हो गया। माँ-बाप ने भी उसकी गृहस्थी में दखल देना ठीक न समझ, उससे दूरी बनाना उचित समझा। परन्तु जब उन्हें किसी परिचित द्वारा मालूम हुआ कि मार्था, कुशल को तलाक देकर, बच्चों को उसके पास छोड़ कर चली गई।

इतना ही नहीं, वह उसके नाम पर तीन मिलियन का कर्ज़ ले, अपनी माँ के साथ चली गयी। यदि कुशल श्वेत अमेरिकन होता तो मार्था बच्चे साथ ले जाती परन्तु भारतीय अमेरिकन पिता के बच्चों को वह कभी स्वीकार नहीं करेगी। ऐसी मुश्किल स्थिति में कुशल को भुला दिए गए माँ-बाप ही याद आए क्योंकि उसे मालूम था कि उसके माँ-बाप ने उसे कभी भुलाया नहीं होगा। इसलिए उसने अपने पिता को फ़ोन किया और उनके पास अपने बच्चों को छोड़ कर, जीवन में एक नयी शुरूआत करने का संकल्प लिया।

कॉलेज जीवन में ऐसे कई मित्र मिलते हैं, जिनसे सारी उम्र का नाता बन जाता है और कई बार ऐसी कुछ घटनाएँ भी घट जाती हैं, जिसकी कड़वाहट जीवन में घुल कर, परिवार को भी बदनाम कर देती है। 'कँटीली झाड़ी' में डिप्टी कमिश्नर की बेटी होने के घमंड में खोयी अनुभा ने कॉलेज में अपना रौब बनाए रखा। परन्तु जब उससे अधिक योग्य और सुंदर नेहा पर उसका यह रौब न चला तो उसने नेहा को बदनाम करने की कोशिश की। यहाँ तक कि शादी के बाद किसी परिचित के घर पर मिलने पर, अनुभा ने फिर से नेहा के ड्राईवर के साथ घर से भाग जाने की बात फैला कर, ससुराल में उसकी बदनामी करनी चाही। तब नेहा ने सभी को उसकी सारी सच्चाई से अवगत करवाया कि यह उसी के साथ घटा था। नेहा को समझ आ गया कि कुछ लोग इतने विषैले व कांटों भरे होते हैं कि उनसे न केवल बच कर रहना चाहिए बल्कि उन्हें उनकी औकात भी बता देनी चाहिए ताकि उनके खतरनाक कारनामों पर लगाम लग सके।

माना जाता है कि सारा ब्रह्मांड एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है, इससे बाहर कुछ भी नहीं। इसलिए प्रकृति में कुछ भी घटने का भास, विशेषकर अप्रिय व दुखद घटने का एहसास संसार के कुछ जीवों को होने लगता है। कुछेक मनुष्यों को ऐसी अनुभूतियों का एहसास होना उनके अपने बूते की बात नहीं होती मगर कभी-कभार ऐसा होता है। ऐसी अनुभूतियों को लेकर दो कहानियाँ इस संग्रह में शामिल है। 'इस पार से उस पार' में सांची को ऐसा कुछ का एहसास अपने बचपन से ही होने लगा। उसने जब अपने परिवार व गली-मुहल्ले में एक-दो घटनाओं के बारे में घटने से पहले ही बता दिया परन्तु उसके परिवार वालों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बल्कि उसकी इस अनुभूति को हमेशा के लिए दबा देने की कोशिश की। बरसों बाद उसने फिर एक बार अपनी सखी अनुघा को फलां समय पर सड़क पार करने से चेतावनी देकर उसे बचा लिया। 'अबूझ पहेली' नामक कहानी की मुक्ता धीर को 9/11 के हवाई जहाज़ हादसे के दृश्य कुछ दिन पहले से ही नज़र आने लगे थे। उसे बार-बार दिखायी दे रहे इस दृश्य की समझ नहीं आ रही थी। परन्तु उसका तन-मन उदास, क्लांत और निर्जीव महसूस कर रहा था। अपने पति व बेटे को बता देने के बावजूद, उसे स्वयं पर भी यकीन हो रहा था। परन्तु वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का हादसा सच में घट गया, उसके पति व बेटे को उसकी बात पर यकीन आ गया । परन्तु इतने बरसों बाद भी मुक्ता स्वयं इस पहेली को बूझ नहीं पायी कि उसे वे दृश्य कुछ दिन पहले कैसे दिखायी देने लगे थे। वास्तव में मनुष्य विज्ञान, मेडिकल, अंतरिक्ष व तकनीकी स्तर पर कितनी भी प्रगति कर लें, प्रकृति और मन के बहुत सारे रहस्यों को समझ पाना अभी भी उसके वश की बात नहीं है। सुधा ओम ढींगरा की सारी ही कहानियाँ उसके शीर्षक 'चलो फिर से शुरू करें' को ही सार्थक करती है। मानवीय जीवन उतार-चढ़ाव का ही नाम है। इसमें हिम्मत रखकर, डट कर चलने वाले ही जीवन की बहती धारा को पार सकते हैं।

**प्रकाशक**- शिवना प्रकाशन, सीहोर, मप्र 466001
**समीक्षक** - जसविन्दर कौर बिन्द्रा
**आर**-142, प्रथम मंज़िल
ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048

व्यंग्य

# पोलिंग बूथ पर आकर्षक लकी ड्रा

■ सुधाकर आशावादी

भीषण गर्मी में चुनाव और पारा सातवें आसमान पर। लोकतंत्र की जिसे परवाह होगी, वही तो पहले मतदान फिर जलपान की बात करेगा। बाक़ी लापरवाह लोग हर जगह रहते हैं, जो विचारते हैं कि उनके एक वोट से न किसी का भला होने वाला है न बुरा। वैसे भी जो सुविधाएँ मिलनी हैं वे तो मिलेंगी ही। कोई यह पूछकर सुविधाएँ थोड़े ही देता है कि सुविधाभोगी ने वोट दिया था भी या नही। लोकतंत्र के महापर्व को कितने लोग दायित्व दिवस मानते हैं और कितने छुट्टी का दिन , यह समझने समझाने का विषय नही हैं। कुछ लोगों की आदत ही सुख सुविधाओं में रहने की होती है, उनके लिए मतदान दिवस पिकनिक दिवस ही रहता है। कुछ घर में रहकर भी मतदान स्थल तक जाने से परहेज करते हैं। कुछ किसी पार्टी प्रत्याशी से प्रभावित नहीं होते, कुछ मतदान के प्रति उदासीन रहते हैं।

ऐसे लोगों को मतदान स्थल तक ले जाना टेढ़ी खीर होता है। उनके लिए चाहे कितने ही भाषण दो, चाहे जितना भी मुफ्त में राशन दो, सब बेकार रहता है। यदि मतदाता स्वयं ही जागरूक होता, तो मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता ही क्यों पड़ती ? स्कूली छात्र छात्राओं के हाथों में मतदाता जागरूक की पट्टिकाएं क्यों पकड़ाई जाती। उनसे सड़कों पर रैलियां क्यों निकलवाई जाती। सरकारी खर्चे पर गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले मतदाता दिवस क्यों मनाया जाता ?

सीधी सी बात है कि लोकतंत्र में सत्ता की सीढ़ी पर पहला कदम मतदाता की कृपा से ही रखा जाता है, जिसके लिए मतदाता की स्तुति की जाती है तथा 'तुम्हीं हो माता पिता तुम्ही हो , तुम्ही हो बंधु , सखा तुम्ही हो , तुम्ही हो साथी तुम्ही सहारे, कोई न अपना बिना तुम्हारे, तुम्ही हो नैया तुम्ही खिवैया' आरती गाकर मतदाता को लुभाने का प्रयास किया जाता है, फिर भी जरुरी नहीं, कि मतदाता मोगेम्बो खुश हुआ की तर्ज पर मतदान हेतु मतदान स्थल पर उपस्थित हो जाए। चुनावी काल में मतदाता अपनी अहमियत खूब समझता है,कि वातानुकूलित कक्षों में रहने वाले और वातानुकूलित वाहनों में घूमने वाले तभी तक उसके आगे पीछे घूम रहे हैं, जब तक कि वह मत का दान करके अंगुली पर विशेष स्याही का निशान नहीं लगवाता। ऊँगली पर स्याही लगते ही मतदाता की खैर खबर लेने का ड्रामा बंद हो जाता है। घरों से वोटर को मतदान स्थल तक ले जाने वाले कार्यकर्ता मतदाता को पहचानने से भी इंकार करने लगते हैं, कहने लगते हैं कि हम आपके हैं कौन।

फिर भी व्यवहारिकता में मतदाता को पोलिंग बूथ तक लाना और मतदान के लिए प्रेरित करना अनिवार्य होता ही है। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए विशिष्ट अभियान चलते तो हैं, मगर उनमें खानापूरी अधिक होती है। खाने और पीने की आपूर्ति अधिक होती है, पैसा भी खूब खर्च किया जाता है, मगर उसका सदुपयोग नहीं किया जाता। मतदाता और उसके परिवार के लिए मुफ्त राशन, चिकित्सा, शिक्षा सुविधाएँ तो हैं, मगर उनमें यह शर्त नहीं है, कि ये सारी सुविधाएँ मतदान करने के बदले में दी जाएंगी। जो मतदान नहीं करेगा, उससे मुफ्त में मिलने वाली सुविधाएं छीन ली जाएँगी। धन की बंदरबाट के लिए कहीं पिंक बूथ कहीं सेल्फी पाइंट तो बनवा देंगे, मगर यह नहीं कहेंगे, कि मनपसंद सरकार चुनने के लिए मतदाता का प्रथम दायित्व मतदान करना है। ऐसा भी तो किया जा सकता है कि मतदान स्थल पर भंडारे का आयोजन हो। पहले मतदान, फिर भंडारे का खान पान।

जो मतदान के प्रमाण को अपनी उंगली पर लगे निशान से दिखाएगा, वही नाश्ते का टोकन पाएगा। आज के दौर में जब सड़कों पर नित्य ही कहीं न कहीं शर्बत की छबीलें लगी होती हैं, कहीं कचौड़ी के भंडारे चलते हैं तथा भीड़ लाइन में लगकर भंडारे का स्वाद चखती है। ऐसे में यदि चुनाव महोत्सव में भी एक समय का नाश्ता मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा, तब मतदान का प्रतिशत बढ़ने की संभावना भी बढ़ सकती है।

वैसे भी प्रयोगधर्मी युग है। इस युग में मतदान के उपरांत सरकारी नाश्ता असरकारी कदम सिद्ध हो सकता है। यदि इससे भी बात न बने तो बूथ स्तर पर लकी ड्रा की व्यवस्था की जा सकती है, कि वोट देने वालों के नाम की पर्ची एक बक्से में डालते रहो और मतदान के उपरांत पर्चियों में से एक पर्ची निकालकर लकी मतदाता पुरस्कार दे दो । मतदान भी बढ़ चढ़ कर होगा, तो लोकतंत्र भी समृद्ध और मतदान भी भरपूर ।

**ब्रह्मपुरी, मेरठ**
**मो. 9758341282**

> **आज के दौर में जब सड़कों पर नित्य ही कहीं न कहीं शर्बत की छबीलें लगी होती हैं, कहीं कचौड़ी के भंडारे चलते हैं तथा भीड़ लाइन में लगकर भंडारे का स्वाद चखती है। ऐसे में यदि चुनाव महोत्सव में भी एक समय का नाश्ता मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा, तब मतदान का प्रतिशत बढ़ने की संभावना भी बढ़ सकती है। वैसे भी प्रयोगधर्मी युग है। इस युग में मतदान के उपरांत सरकारी नाश्ता असरकारी कदम सिद्ध हो सकता है।**

कहानी

# जुलूस का औचित्य

■ संतोष श्रीवास्तव 'सम'



आज जब मैं एक चौराहे पर एक पान की दुकान जो कि मेरे पुराने एक मित्र का है, खड़ा हुआ था, तो कुछ पुरानी यादें ताजा हो आई थी। मित्र ने एक बात कही कि आज रामनवमी पर कांकेर में निकलने वाली रैली में तुम शिरकत नहीं कर रहे।

मैंने तपाक से कहा-

अब वह दिन गये जब हम तमाम रैलियों में कूदते फांदते चला करते थे। अब वह उम्र नहीं रही। उम्र का वह पड़ाव गया। अब तो ज्यादा दूर चला ही नहीं जाता।

मित्र ने कहा- तुम सही कहते हो। वह दिन कुछ और थे, जो हम रैलियों में शिरकत किया करते थे।

तभी मैंने उसे अपनी बीती एक रैली संबंधी घटना बताई।जो अचानक यादों के पहर में अनायास सामने आ गई थी। मैंने उससे कहा उस लच्छू को जानते हो ना। कैसे वह हमारी एक शराबबंदी वाली रैली में बड़े जोर-जोर के नारे लगाते चल रहा था।

शराबबंदी की एक रैली में वह बड़े जोश के साथ आगे आगे चल रहा था। वह एक हाथ में झंडा लेकर शराब पीया हुआ मदहोश होकर चिल्लाया जा रहा था कि शराबबंदी लागू हो। तब हमारी हंसी का ठिकाना नहीं रहा।

उसका शराब बंदी के लिए नारा लगाना और उसका स्वयं ही शराब में मदहोश हुआ रहना, हमारे लिए हास्य का विषय बना हुआ था।

गांव में लच्छू एक मेहनती, ईमानदार, सहयोगी प्रवृत्ति का था। हमारे तमाम आयोजन में वह सहयोगी भाव लेकर हमारी मदद करता। वह पूरे गांव में जाना जाता था। हर आयोजन में वह स्व प्रेरणा से झंडे बाँधता, बैनर लगाता, सबके लिए वह पानी की व्यवस्था तक करता। हर सहयोग प्रदान करता पर शराब बंदी का मतलब नहीं समझता और खुद ही शराब में मदहोश रहा करता। यही उसकी बुराई थी।

आज उस घटना क्रम को याद कर हम खूब हँसे थे।

तभी एक दूसरे मित्र से वहीं भेंट होती है। जो रामनवमी के जुलूस में जाने वाला था। मैंने उससे कहा इतनी रात होने को है। क्या अभी रामनवमी का जुलूस निकलेगा। रामनवमी के जुलूस को रात में निकालने का औचित्य क्या है। दिन के उजाले में आम जनता के बीच जब यह जुलूस निकलता तो आम जनता देखकर कितनी खुश होती। और बच्चे से लेकर वृद्ध तक बिना किसी परेशानी के रामनवमी का जुलूस देख पाते। इतनी रात होने को है, जब जुलूस अभी निकलेगा तब तो यह परेशानी ही खड़ा करेगा। और फिर दंगे फसाद भी तो रात में संभव है। उस मित्र ने कहा- किसका डीजे कितना अधिक तेज बजता है, सवाल यह है।

मैंने कहा- क्या मतलब।

उसने कहा - यह प्रतियोगिता का युग है। कौन कितना प्रभावी अपने आप को कर सकता है।

सचमुच भक्ति भाव की कोई कीमत ही नहीं। सिर्फ दिखावे का जमाना है। बिना किसी डीजे के यदि मधुर भजन एक स्वर में गाते हुए दिन में यह जुलूस निकाला जाता तो शायद ज्यादा आकर्षक एवं प्रभावी होता। और इसका औचित्य भी सार्थकता को प्राप्त होता। उसने कहा- भक्ति भाव कहाँ रह गया है। यह तो दिखावे का जमाना है। किसकी फोटो कितनी बार सामने आई है। किसका डीजे धूम मचाया है, इन सारी चीजों का प्रदर्शन न हो तो ऐसे आयोजन का भला क्या।

मैंने अपना माथा पकड़ लिया।

जब उस लच्छू की वह बात याद आती है कि वह शराब पीकर झंडा लहराता हुआ कह रहा है कि शराबबंदी लागू करो, तो इधर यह भक्ति भाव के बिना सिर्फ हो हल्ला करते जुलूस समाज को संदेश कैसा देंगे। एक अहम सवाल मेरे सामने मुँह बांया खड़ा था।

**बरदेभाटा, कांकेर,**
**छत्तीसगढ़ - 494334**
**मो. 9993819429**

## ग़ज़ल

■ हनीफ़ कैफ़ी

की नज़र मैं ने जब
एहसास के आईने में

अपना दिल पाया धड़कता
हुआ हर सीने में

मुद्दतें गुज़रीं मुलाक़ात हुई
थी तुम से

फिर कोई और न आया
नज़र आईने में

अपने काँधों पे लिए
फिरता हूँ अपनी ही सलीब

ख़ुद मिरी मौत का मातम
है मिरे जीने में

अपने अंदाज़ से अंदाज़ा
लगाया सब ने

मुझ को यारों ने ग़लत कर
लिया तख़मीने में

अपनी जानिब नहीं अब
लौटना मुमकिन मेरा

ढल गया हूँ मैं सरापा तिरे
आईने में

एक लम्हे को ही आ जाए
मयस्सर 'कैफ़ी'

वो नज़र जो मुझे देखे मिरे
आईने में

## भूल सुधार

पिछले सप्ताह साहित्य पृष्ठ पर फिल्म चक्र की समीक्षा में लेखक का नाम अजीत चंद्रवंशी चला गया था, इस त्रुटि के लिए हमें खेद है। सही नाम अजय चंद्रवंशी है, पाठक कृपया सुधार कर पढ़ें।
**संपादक**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## हमले में मारे गए फिलीस्तीनियों की संख्या 34,049 हुई

**गाजा,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायली हमले में गाजा में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,049 हो गई। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इजरायली हमले में पिछले 24 घंटों के दौरान 37 फिलिस्तीनी मारे गए और 68 अन्य घायल हो गए। भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा हमले के बाद प्रतिक्रिया के रूप में इजरायल हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला कर रहा है। इस दौरान इजराइल के लगभग 1200 लोग मारे गए।

# रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ

■ प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करेगा यूरोपीय आयोग

**ब्रूसेल्स,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं। यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या अंधेरे बेड़े पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं।

राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है।



**दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या अंधेरे बेड़े पर विचार किया जाना चाहिए जो मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं : यूरोपीय संघ**

रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था। इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे। यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें कच्चे तेल,

## पश्चिम एशिया में तनाव कम हो : हुसैन



**न्यूयॉर्क,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान के बीच जारी 'जैसे को तैसा' कार्रवाइयों के बीच ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीरबदोल्लाहियान ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की वकालत की है। न्यूयॉर्क में शनिवार को ईरानी मीडिया से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने यह बात कही। अमीरबदोल्लाहियान ने कहा कि युद्ध और सैन्य तनाव से क्षेत्र में किसी भी पक्ष को कोई फायदा नहीं है, इसलिए मौलिक समाधान ढूंढे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों को राजनीतिक समाधान पर ध्यान देने की जरूरत है।

## राष्ट्रपति एर्दोगन करेंगे इस्तांबुल में हमास प्रमुख से मुलाकात

**इस्तांबुल,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शनिवार को इस्तांबुल में आतंकवादी संगठन हमास के राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनियेह से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि दोनों गाजा युद्ध पर चर्चा करेंगे। तुर्की समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार हनियेह ने गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई पर बुधवार को कतर में तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान से बातचीत की थी।



एर्दोगन सार्वजनिक रूप से हमास का समर्थन करते हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने संसद को संबोधित करते हुए हमास की तुलना 1920 के दशक के तुर्की के स्वतंत्रता सेनानियों से की थी। हालांकि तुर्की ने गाजा युद्ध में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता वाली वार्ता अब तक विफल रही है। 7 अक्टूबर को इजरायल में हमास ने बड़ा हमला किया था जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। उसी के खिलाफ इजरायल जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

## दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी

**बगदाद।** बाबिल प्रांत में शनिवार आधी रात के बाद अज्ञात विमान से दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने मीडिया को बताया कि हवाई हमले ड्रोन से किए गए। बाबिल प्रांत के उत्तरी हिस्से में महाविल क्षेत्र में इराकी अर्धसैनिक हशद शाबी बलों से संबंधित दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि दो लक्षित ठिकानों में से एक अर्धसैनिक बलों का गोला-बारूद का गोदाम था और दूसरा उनका टैंक मुख्यालय था।

## सुडोकू 6531

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | |
| | 6 | 2 | | 4 | | | 9 | |
| | | | | 7 | | | | 4 |
| 7 | | | | 3 | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 5 | |
| | | 4 | 2 | 8 | | | | 6 |
| 6 | | | | 2 | | | | |
| | 9 | | | 5 | | 3 | 2 | |
| | | | 3 | | | 4 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 21 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा।

वृषभ - आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। आप की वाणी किसी को मोहित करेगी और वह आप के लिए लाभदायी रहेगा। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - आज आप ज्यादा इमोशनल ना हो और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

कर्क - आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

सिंह - विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी।

कन्या - आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा।

तुला - क्रोध पर संयम रखें। संभव हो, तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। दुर्घटना की भी आशंका है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। सांसारिक सुख प्राप्त होगा। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

धनु - आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है।

मकर - आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे।

कुंभ - नियम विरुद्ध कामों से आप दूर रहें। वाणी पर संयम बरतें। इससे पारिवारिक विवाद को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरुरत है।

मीन - आज मनोरंजन और आनंद-प्रमोद में आप डूबे रहेंगे। कलाकार, लेखक आदि को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पार्टनरशिप के काम में आपको लाभ होगा। स्वजनों, मित्रों के साथ पर्यटन का आनंद ले सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## लाल सागर में हौथी आतंकियों के खिलाफ जर्मन युद्धपोत का अभियान खत्म

**बर्लिन,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन में हौथी आतंकवादियों से व्यापारिक जहाजों की रक्षा का मिशन खत्म कर एक जर्मन युद्धपोत शनिवार सुबह लाल सागर से रवाना हो गया। युद्धपोत को यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन एस्पाइड्स के एक हिस्से के रूप में और यमन में आतंकवादियों के हमलों से व्यापारी जहाजों को बचाने के लिए फरवरी में लाल सागर में तैनात किया गया था। गौरतलब है कि एशिया से यूरोप के लिए समुद्री मार्ग में लाल सागर का महत्वपूर्ण स्थान है। यह मार्ग स्वेज़ नहर से होकर गुजरता है।



ईरान से संबद्ध हौथी आतंकी गाजा पट्टी में इजराइली हमले का विरोध कर रहे हैं। जर्मन नौसेना के अपनी तरह के पहले मिशन में युद्धपोत हेसेन पर तैनात सैनिकों ने हौथी आतंकवादियों द्वारा लॉन्च ड्रोन को कई बार मार गिराया।

व्यापारिक जहाजों पर हमलों के बाद युद्धपोत को 23 फरवरी को लाल सागर में तैनात किया गया था। जर्मन रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्धपोत ने मिशन के दौरान 27 व्यापारिक जहाजों को आतंकवादियों के हमलों से बचाया।

# वेस्ट बैंक में इजरायली ऑपरेशन में दो की मौत



**यरुशलम,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। वेस्ट बैंक के तुल्कर्म में नूर शम्स शरणार्थी शिविर में इजरायली सैन्य अभियान में कम से कम दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि ऑपरेशन शुक्रवार को शुरू हुआ और शनिवार को भी जारी है। इसमें कहा गया है कि इजरायली सेना सशस्त्र विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। कहा गया है कि चार इजरायली सैनिकों को भी चोटें आई हैं।

फिलिस्तीनी मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चार और लोग मारे गए हैं, जिनमें इस्लामिक जिहाद का स्थानीय कमांडर भी शामिल है। मौतों की पुष्टि नहीं हुई है। नूर शम्स को आईडीएफ ने घेर लिया है। बताया गया है कि कई फ़िलिस्तीनियों को हिरासत में लिया गया है और सड़कों, स्वास्थ्य सुविधाओं और घरों को काफी नुकसान पहुंचा है।

## इजराइल ने लेबनान पर किए हवाई हमले, 2 की मौत व 3 घायल

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के कई गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में दो हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए। सैन्य सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इजरायल की सेना ने दो मिसाइलों से सीमा क्षेत्र के ऐता अल-शाब गांव में एक घर को नष्ट कर दिया। हमले में हिजबुल्लाह का एक लड़ाका मारा गया, जबकि दो नागरिक घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, एक अन्य इजरायली युद्धक विमान ने दक्षिणपूर्वी लेबनान के ब्लिडा गांव में एक दो मंजिला घर को निशाना बनाया। इस हमले में हिजबुल्लाह का एक अन्य सदस्य मारा गया और एक नागरिक घायल हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इजरायली विमानों और ड्रोनों ने सीमा क्षेत्र के पूर्वी तथा मध्य हिस्सों में पांच कस्बों और गांवों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए, जिससे 17 घरों को नुकसान पहुंचा। इस बीच, हिजबुल्लाह ने पुष्टि की कि उसने कई इजरायली स्थलों पर हमला किया है।



# पाकिस्तान में बारिश का कहर, 87 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घायल



**ज्यादातर लोगों की मौत घरों के ढांचे ढहने व बिजली गिरने से हुई**

**इस्लामाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है।

## केन्या में भारी बारिश से 32 लोगों की मौत

**नैरोबी।** केन्या में हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। सहायता एजेंसियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए ओसीएचए के अनुसार, 40 हजार से अधिक लोगों को अपने गांवों और बस्तियों से भागना पड़ा। बाढ़ से कृषि भूमि का बड़ा क्षेत्र भी नष्ट हो गया। केन्याई रेड क्रॉस ने बताया कि बेघर हुए लोगों के लिए अब तक 35 शिविर स्थापित किए गए हैं। वृहत नैरोबी क्षेत्र के अलावा, देश के पश्चिम में लेक विक्टोरिया क्षेत्र, ग्रेट रिफ्ट वैली क्षेत्र और उत्तर-पूर्व केन्या के क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हुए।

## पाकिस्तान में 84 प्रतिशत लोग कर भुगतान के समर्थन में : सर्वेक्षण

**इस्लामाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में 84 फीसदी लोग करों का भुगतान आवश्यक मानते हैं और कर चोरी के खिलाफ हैं जबकि 11 प्रतिशत इसके खिलाफ हैं। गैलप पाकिस्तान सर्वेक्षण के जरिए यह तथ्य सामने आया है। सर्वेक्षण में देश के करीब 1,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में शामिल 84 प्रतिशत पाकिस्तानियों ने कर भुगतान का समर्थन किया और कर चोरी को गलत बताते हुए कहा कि कर चोरी से देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। दूसरी तरफ 11 प्रतिशत लोग कर भुगतान के खिलाफ थे और अपने निर्णय के समर्थन में अलग-अलग कारण बताए। दो प्रतिशत लोगों ने अवसर मिलने के बावजूद कर न चुकाने पर मध्यम मार्ग अपनाया।

## वर्ग पहेली 6531

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | | ■ | ७ | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाक्रम
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन, फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुओं की दुर्गन्ध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१७. संग रहने वाला
१८. ज्ञात, मालूम
२०. प्रतिबद्धता, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधरवर्ग, ब्लडग्रुप

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञान भरी बातें करना (मुहावरा है भैंस के आगे ...)
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया (उर्दू)
१३. वगैरह
१४. घोसला, रहने की जगह
१५. गरमी (उर्दू)
१७. वादक (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6530

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | क्र | २ पा | णि | ■ | ■ | ३ खु | ले | ४ आ | म |
| म | ■ | र | ■ | ५ आ | गो | श | ■ | तं | ■ |
| ६ क | पा | ल | ■ | ग | ■ | ७ हा | नि | क | ८ र |
| ना | ■ | ग | ■ | ९ ज | ली | ल | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० आ | ना | ११ का | नी | ■ | ■ | १२ भा | स्क | र |
| ■ | ख्य | ■ | म | ■ | १३ नू | पु | र | ■ | खा |
| १४ अ | न | १५ म | ना | ■ | त | ■ | १६ त | १७ ना | व |
| द्धा | ■ | हा | ■ | १८ ज | न | १९ क | ■ | स्ति | ■ |
| २० गि | र | वी | ■ | ता | ■ | २१ स | म | क | २२ क्ष |
| नी | ■ | २३ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | ति |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1451 – लोदी वंश का संस्थापक बहलोल लोदी खां दिल्ली का शासक बना।

1526 – पानीपत की पहली लड़ाई में बाबर ने लोदी वंश के अंतिम शासक इब्राहिम लोदी को मार गिराया।

1572 – फ्रांस और इंग्लैंड के बीच स्पेन के खिलाफ सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर।
1654 – इंग्लैंड और स्वीडन के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
1720 – बाजी राव प्रथम पेशवा बालाजी विश्वनाथ के उत्तराधिकारी बने।
1739 – स्पेन और आस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1782 – थाईलैंड की राजधानी बैंकाक शहर की स्थापना।
1895 – अमेरिका में विकसित पहले फिल्म प्रोजेक्टर पैनटॉप्टिकान का प्रदर्शन किया गया।
1910 – टॉम सायर तथा हकलबरी फिन जैसे संजीदा किरदारों के रचियता अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन का निधन।
1926 – इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का जन्म।
1938 – मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल का पाकिस्तान के लाहौर में निधन।
1941 – यूनान ने नाजी जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण किया।
1945 – दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सोवियत संघ की सेना ने जर्मनी के बर्लिन शहर के बाहरी इलाकों पर कब्जा किया।
1960 – ब्राजीलिया ब्राजील की राजधानी बनी।
1967 – यूनान में सैन्य तख्तापलट हुआ।
1975 – दक्षिण वियनाम के राष्टपति गुएन वान थिऊ को इस्तीफा देने पर मजबूर किया गया।
1987 – श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बम धमाके में 100 से ज्यादा लोगों की मौत।
1996 – भारतीय वायु सेना के संजय थापर को पैराशूट के जरिए उत्तरी धुव्र पर उतारा गया।

**अपील** संरा ने किया आर्मेनिया व अजरबैजान से सीमा परिसीमन जारी रखने का आग्रह

# गुटेरेस ने द्विपक्षीय मुद्दों का निपटारा करने के लिए किया प्रोत्साहित

**संयुक्त राष्ट्र, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने आर्मेनिया और अजरबैजान से सीमा परिसीमन और सीमांकन जारी रखने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच शुक्रवार को सीमा परिसीमन पर आयोगों की आठवीं बैठक हुई। जिस पर आर्मेनिया चार बस्तियों को अजरबैजान को वापस लौटाने पर सहमत हुआ।**

जिन पर उसने 1990 के दशक की शुरुआत से कब्जा कर लिया था। दुजारिक ने एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच स्थिति को सामान्य करने की प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। गुटेरस ने येरेवान और बाकू के बीच सीमा परिसीमन पर संबंधित राज्य आयोगों के बीच 19 अप्रैल को हुए समझौते का स्वागत किया है और दोनों देशों को सीमा के शेष हिस्सों का परिसीमन और सीमांकन जारी रखने और संबंधों के पूर्ण सामान्यीकरण करने की दिशा में सभी बकाया द्विपक्षीय मुद्दों का निपटारा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

दक्षिण काकेशस को विश्व के सबसे संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में से एक के रूप में जाना जाता है। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच आंशिक रूप से नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र को लेकर लंबे समय संघर्ष चल रहा है। इसके कारण सितंबर 2023 में अजरबैजान ने इस क्षेत्र पर अपने कब्जे में ले लिया, जहां मुख्य रूप से अर्मेनियाई लोग रहते थे, जिसके बाद सभी स्थानीय निवासियों को आर्मेनिया भागने के लिए मजबूर होना पडा।




**संयुक्त राष्ट्र महासचिव आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच स्थिति को सामान्य करने की प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखे हुए है : दुजारिक**

## रूसी पत्रकार एरेमिन के मौत की जांच होनी चाहिए : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पत्रकार की हत्या का विरोध करता है। यह जानकारी स्पुतनिक ने दी। इज़्वेस्टिया अखबार के रूसी पत्रकार सेमयोन एरेमिन की हत्या के बारे में पूछे जाने पर हक ने स्पुतनिक से कहा कि हम किसी भी पत्रकार की हत्या के खिलाफ हैं और मानते हैं कि उसकी पूरी जांच होनी चाहिए। इज़्वेस्टिया अखबार ने शुक्रवार को रूस के विशेष सैन्य अभियान क्षेत्र में अपने युद्ध संवाददाता एरेमिन के मौत की सूचना दी। वह एक यूक्रेनी एफपीवी ड्रोन द्वारा एक गोला बारूद गिराने से मारे गए।

## दुनिया को जानें

### संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस थीम गीत का एमवी जारी

**बीजिंग,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस-2024 और चाइना मीडिया ग्रुप के चौथे ओवरसीज इमेज फेस्टिवल के थीम गीत 'यूथ वॉयेज' का एमवी आधिकारिक तौर पर जारी किया गया। इसके साथ ही इसे जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया पर लॉन्च किया गया। थीम गीत का एमवी एआई तकनीक का उपयोग करके बनाया गया है, जिसमें युवाओं की तुलना सपनों को पूरा करने के लिए दूर जाने वाली नाव से की गई है। यह हवा और बारिश से डरता नहीं है, हवा और लहरों में सवारी करता है, और युवा विषय के समृद्ध अर्थ की व्याख्या करता है। संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस-2024 और चाइना मीडिया ग्रुप के चौथे ओवरसीज इमेज फेस्टिवल का विषय है युवा एक साथ : मानव जाति के साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण में युवाओं का योगदान। इस मौके पर दुनिया भर में चीनी संस्कृति से प्यार करने वाले दोस्तों को आमंत्रित किया गया। इमेज और संस्कृति के माध्यम से जीवंत युवाओं और विविध संस्कृतियों के अनंत आकर्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल का जवान नगालैंड में ड्यूटी के दौरान शहीद

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के एक जवान की नगालैंड में ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुक जाने से मृत्यु हो गयी।सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का जवान हैड कांस्टेबल सुनील कुमार इन दिनों नागालैंड में ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान जवान की अचानक ही हृदय गति रुक जाने के कारण मौत हो गई। शहीद जवान के परिवार में पत्नी और दो मासूम बच्चे हैं। परिवार समाचार को सुनकर सदमें में है। जानकारी अनुसार कांगड़ा जिला की विधानसभा फतेहपुर की पंचायत गोलवां के सथेरा निवासी सुनील कुमार (41) पुत्र स्व. भान सिंह वर्ष 2002 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे। शहीद जवान की मां पवन कौर, पत्नी सुनीता कुमारी, आकर्ष (10) और समन्यु (05) बिलख-बिलख कर रो रहे हैं।

### मतदान के बहिष्कार ने खोल दी विकास के दावों की पोल

# प्रदेश में हजारों ग्रामीणों ने नहीं किया मतदान

## 2019 में 10 गांव में तो 2024 में 35 गांव में हुआ मतदान का विरोध

अमर नाथ तिवारी

**देहरादून,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का चुनाव अभियान राजनीतिक दलों और मतदाताओं की खामोशी के चलते अभूतपूर्व ढंग से फीका तो नजर आ ही रहा था लेकिन

■ प्रशासन ने लगातार किया मनाने का प्रयास लेकिन नहीं माने ग्रामीण

पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों और पश्चिम बंगाल को छोड़ दें तो उत्तराखण्ड, बिहार, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के मतदताओं ने निर्वाचन आयोग की लाख कोशिशों के बावजूद मतदान के प्रति अभूतपूर्व ढंग से बेरुखी का इजहार कर राजनीतिक दलों के प्रति अरुचि का इजहार कर दिया। उत्तराखण्ड जैसे राज्य में जहां 35 लाख लोगों ने मतदान नहीं किया वहीं दर्जनों गावों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में मतदान का बहिष्कार कर विकास के दावों और जनता के प्रति संवेदनशीलता की पोल भी खोल दी। कुल मिला कर प्रदेश के चार जिलों में बुनियादी सुविधाएं न मिलने से नाराज होकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया है। चकराता, मसूरी, पिथौरागढ़ में भी लोगों ने सड़क, पानी आदि की सुविधा के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया। निर्वाचन आयोग द्वारा देर शाम को जारी आंकड़ों के अनुसार पूर्वोत्तर के असम मेघालय जैसे हिमालयी राज्यों और खास कर जातीय हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के मतदाताओं ने मतदान के प्रति खास रुचि दिखाई वहीं उत्तराखण्ड के मतदाताओं ने न केवल मतदान के प्रति अरुचि दिखाई बल्कि अभूतपूर्व ढंग से मतदान का बहिष्कार कर विकास के खोखले दावों की पोल भी खोल दी। उत्तराखण्ड में 2019 के मुकाबले इस बार मतदान प्रतिशत गिरने के साथ ही मतदान बहिष्कार में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2019 में जहां 10 स्थानों पर चुनाव का बहिष्कार हुआ था, इस बार के चुनाव में यह आंकड़ा 35 को पार कर गया है। यहां धारचूला में तीन बूथों पर मतदान का बहिष्कार किया गया। उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों से अब तक प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बुनियादी सुविधाओं के अभाव के विरोध में राज्य में 35 से ज्यादा गांवों के लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर सत्ताधारियों की बेरुखी के प्रति अपने गुस्से का इजहार किया। मूलरूप से कनेक्टिविटी की सुविधा न होने से इन गांवों के लोग परेशान हैं तथा काफी पहले से ये ग्रामीण चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे रहे थे। लेकिन सत्ता और हाकिमी के गरूर ने इन ग्रामीणों के प्रतिकार की आवाजें अनसुनी कर दीं। जिन गावों को विकास का भरोसा देकर बहिष्कार न करने के लिये मनाया भी गया वहां बहुत कम मतदान हुआ।




### पौड़ी जिले में भी हुआ बहिष्कार

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार के कुल 8 मंत्रियों में तीन मंत्री पौड़ी गढ़वाल के हैं। इस जिले में हेमवतीनन्दन बहुगुणा जैसे बड़े नेता पैदा हो चुके हैं। लेकिन यहां के नागरिकों को मिल रही बुनियादी सुविधाओं का हाल यह है कि विकास खंड पाबौ के मतदान केंद्र चौड़ में मतदाता वोट डालने के लिए नहीं निकले। इसकी जानकारी लगने पर आनन-फानन में निर्वाचन विभाग की टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों से वोट डालने की अपील की। काफी मान-मनौव्वल के बावजूद सिर्फ 13 ग्रमीणों ने ही मतदान किया, जिसमें दो मत कर्मचारियों के पड़े। चौड मल्ला व तल्ला गांवों के कुल 308 मतदाता हैं।

### सड़क के लिए किया बहिष्कार

**देहरादून।** देवाल विकास खंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव बलांण के ग्रामीणों ने गांव तक सड़क नही पहुंचने से आक्रोशित हो कर लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करते हुए मतदान नहीं किया यहां पर कुल 518 मतदाता हैं। जिनमें 266 महिला एवं 252 पुरुष मतदाता शामिल है।इसी तरह बलांण गांव से लगे पिनाऊ गांव के मतदाताओं ने गांव तक सड़क का निर्माण नहीं होने एवं 2013 की देवी आपदा में कैल नदी पर सुपलीगाड़ नाम स्थान पर बह गए झूला पुल के स्थान पर नया झूला पुल का निर्माण कार्य नहीं होने से आक्रोशित मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया। यहां पर कुल 87 मतदाता हैं जिनमें 43 महिला एवं 44 पुरुष मतदाता शामिल है।

### चमोली के 8 गावों में किया मतदान बहिष्कार

**देहरादून।** सीमान्त जिला चमोली से कई महीनों से कहीं सड़क तो कहीं बिजली, पानी और स्कूल के लिये ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार की चेतावनियों समाचार पत्रों में आ रही थीं। लेकिन सत्ताधारियों को लगा कि उनको सत्ता में बनाये रखना जनता का अनिवार्य कर्तव्य है। इसलिये जनता की चीत्कार नकारखाने की तूती बन कर रह गयी। आखिर जनता के पास सत्ताधारियों को असलियत की धरती पर उतारने का मौका तो चुनाव ही होता है। हालांकि प्रतिकार के इस तरीके को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता, फिर भी जनता के प्रतिकार की अनसुनी भी कतई नहीं की जानी चाहिये। इस बार चमोली जिले में आठ गांवों के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। निजमुला घाटी के ईराणी गांव में मात्र एक ग्रामीण का वोट पड़ा। पाणा, गणाई, देवराड़ा, सकंड, पंडाव, पिनई और बलाण गांव में ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया। कर्णप्रयाग के संकड, आदिबदरी के पड़ाव, नारायणबगड़ के मानूर और बेड़गांव के ग्रामीण रहे मतदान से दूर।

### दून जिले में भी हुआ मतदान का विरोध

**देहरादून।** देहरादून जिले में मतदान का प्रचार सबसे अधिक हो रहा था। लोगों को पकड़-पकड़ कर वोट डालने की शपथ दिलाई जा रही थी। लेकिन प्रदेश के इस राजधानी जिले के पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्र में भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर मतदान का बहिष्कार किया। जिले के चकराता क्षेत्र में द्वार और बिशलाड़ खतों के 12 गांवों के ग्रामीणों ने मतदान नहीं किया। छह मतदान स्थलों पर सुबह 7.00 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। तहसीलदार और एडीओ पंचायत ग्रामीणों को मनाने के लिए गांव में पहुंचे, लेकिन ग्रामीण नहीं मिले। मतदान स्थल मिंडाल में केवल दो मतदानकर्मियों ने मतदान किया। दांवा पुल-खारसी मोटर मार्ग का मरम्मत न होने से 12 गांवों मिंडाल, खनाड़, कुराड़, सिचाड़, मंझगांव, समोग, थणता, जोगियो, बनियाना, सेंजाड़, सनौऊ, टावरा आदि ने बहिष्कार किया। मसूरी में भी करीब सात मतदान केंद्रों पर इक्का-दुक्का ही वोट पड़े।

**सार संक्षेप**

### सांसद हर्ष महाजन को नोटिस जारी कर 23 मई तक जवाब तलब किया

**शिमला।** भाजपा के राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रदेश हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग सहित सांसद हर्ष महाजन को नोटिस जारी कर 23 मई तक जवाब तलब किया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट से हर्ष महाजन को उनकी ईमेल पर नोटिस की तामील कराने की गुहार भी लगाई गई थी जिसे कोर्ट ने फिलहाल अस्विकार करते हुए साधारण प्रचलित माध्यम से नोटिस की तामील कराने के आदेश जारी किए। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी की चुनाव याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। सिंघवी ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग की बराबरी के बाद पर्ची सिस्टम से निकाले गए परिणामों को चुनौती दी है। प्रार्थी के अनुसार इस चुनाव के दौरान कानूनी प्रक्रिया की अनुपालना नहीं की गई और भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को विजयी घोषित कर दिया। याचिका में दिए तथ्यों के अनुसार राज्यसभा वोटिंग में दोनों ही उम्मीदवारों को 34-34 वोट प्राप्त हुए थे।

### 1500 रुपए पेंशन रुकवाने बार-बार चुनाव आयोग क्यों जा रही भाजपा : जैनब

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जैनब चंदेल ने भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं का सशक्तिकरण बर्दाश्त नहीं पा रही है, इसलिए महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन प्रदान करने में अड़ंगे लगा रही है और बार-बार चुनाव आयोग के पास जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए पेंशन प्रदान करने के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि आरंभ की है। लेकिन पहले से जारी एक योजना को भाजपा नेता चुनाव आचार संहिता की आड़ में रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ महिला हितैषी होने का ढोंग रचती है, जबकि विपक्षी दल पूरी तरह से महिला शक्ति का विरोधी है। भाजपा चुनावों में वोट लेने के अलावा महिलाओं के लिए कुछ नहीं करती। जैनब चंदेल ने कहा कि भाजपा 1500 रुपए पेंशन रुकवाने का जितना मर्जी विरोध कर ले, लेकिन यह राशि अप्रैल 2024 से महिलाओं को मिलकर रहेगी।

### फतेहाबाद : बारिश से अनाज मंडी में हजारों क्विंटल गेहूं भीगी

**फतेहाबाद,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के फतेहाबाद में शनिवार बारिश के कारण अनाज मंडी में रखी हजारों क्विंटल गेहूं की ढेरियां और बोरियां भीग गयीं। पिछले एक सप्ताह से भी उठान कार्य में तेजी नहीं आने के कारण किसानों और व्यापारियों की गेहूं खुले आसमान के नीचे रखी हुई थी। शुक्रवार मंडी में जगह नहीं होने के कारण गेहूं की ढेरियां अनाज मंडी के बाहर सड़क किनारे लगानी पड़ी थी। पहले से मौसम खराब होने का अलर्ट होने के बावजूद प्रशासन उठान कार्य में तेजी लाने में नाकाम रहा। उठान की गति इतनी धीमी है कि पिछले एक सप्ताह में मात्र 14.11 प्रतिशत गेहूं का ही उठान किया गया है।

## कम मतदान का भाजपा की जीत पर कोई असर नहीं होगा : धामी

**देहरादून,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदान संपन्न हो चुका है हार जीत किसकी होगी यह अलग बात है, लेकिन मतदान शांतिपूर्ण रहा यह शासन-प्रशासन के लिए सुकून की बात है। हां मतदान के कम होने का मुद्दा अब जरूर चर्चाओं के केंद्र में है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि कम मतदान का कोई असर नहीं होगा। भाजपा पांचों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत का कहना है कि 2014 व 19 के मुकाबले भाजपा का वोट 10 से 12 फीसदी घटा है। उनका दावा है कि जहां भाजपा का वोट 10 से 12 फीसदी कम हुआ है वहीं कांग्रेस के वोट प्रतिशत में चार से पांच फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। चुनाव के बाद आज दून लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जब राज्य में हुए कम मतदान के विषय में पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि कम मतदान



का भाजपा की जीत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत ठीक-ठाक ही है जो थोड़ा बहुत कम रहा है उसके कुछ कारण हो सकते हैं। जैसे फसल की कटाई का समय होने के कारण लोगों की व्यस्तता या फिर विवाह समारोह में लोगों की व्यस्तता के कारण वोट न डाल पाना। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या भाजपा के कार्यकर्ता वोटरों को बूथ तक नहीं ला सके तो उन्होंने कहा कि यह दूसरे दलों की चुनाव को लेकर रही उदासीनता है जो भी वोटर बूथ तक पहुंचे हैं उन्हें लाने का काम सिर्फ भाजपा ने ही किया है किसी भी दूसरे दल ने तो इस तरफ न ध्यान दिया न कोई प्रयास किया उन्होंने कहा कि भाजपा की सभी पांचो सीटों पर जीत सुनिश्चित है इसमें कोई संदेह की बात नहीं है। राज्य में हुए कम मतदान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से जब पूछा गया तो उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर जनता के मन में उदासीनता का भाव है जिसके कारण इस बार भाजपा का वोटर कम संख्या में मतदान के लिए बाहर निकला है। वह मानते हैं कि भाजपा को इस बार 10 से 12 फीसदी कम वोट मिलेंगे। वही वह कहते हैं कि कांग्रेस के मतदान प्रतिशत में चार से पांच फीसदी तक की वृद्धि हुई है दोनों को मिलाकर देखा जाए तो यह 15 से 16 फीसदी तक का फर्क आएगा और यही कांग्रेस की जीत का कारण बनेगा।

## प्रदेश में भ्रष्टाचारी नेताओं को बेनकाब कर सबक सिखाने का समय आ गया : सुक्खू

**शिमला,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी नेताओं को बेनकाब कर सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा ने एक षड्यंत्र रच कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास किया है उससे इसका असली चेहरा देश व प्रदेश के सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि पार्टी से दगा करने वाला कोई भी नेता अब कभी जीत नही पायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा व छह विधानसभा उप चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इसके लिये पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने को कहा। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शिमला संसदीय क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डी व शिमला संसदीय क्षेत्र में इस बार पार्टी ने दो नए अनुभवी व ऊर्जावान नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शेष दो संसदीय क्षेत्रों के लिये भी पार्टी अपने चेहरों का एलान कर देगी। सुक्खू ने कहा कि उन्होंने हमेशा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को धनबल से नही लूटने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास जनबल है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में धनबल से सरकार को अस्थिर करने का जो असफल प्रयास किया अब उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## अपनी सरकार में अपने पिता वीरभद्र की प्रतिमा को नहीं दिला पाए 2 गज जमीन : राकेश जमवाल

**शिमला,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मंडी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य पिछले दिनों जिस सरकार के आज गुणगान गा रहे हैं, उनकी कार्यशैली से नाराज होकर एक समय में इस्तीफा दे दिया था. लेकिन, बाद में आज उसी सरकार के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का दिखावा कर रहे हैं. भाजपा प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि या तो मंत्री जी को सत्ता की इतनी ललक है कि जिस तरह को पलड़ा भारी होता है उस तरफ अपने कदम बढ़ा देते है। उनका व्यवहार बिन पेंदे के लोटे के समान है, जो कभी इधर तो कभी उधर डोलते नजर आते हैं। उन्होंने विक्रमादित्य सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो अपने पिताजी को उनका सम्मान अपनी ही सरकार में नहीं



मंत्री जी को सत्ता की इतनी ललक है कि जिस तरफ को पलड़ा भारी होता है, उसी तरफ अपने कदम बढ़ा देते है : राकेश जमवाल, भाजपा प्रवक्ता

दिला पाए, वो मंडी का अधिकार किस तरह दिला पाने में सक्षम होंगे? इस बारे में मंडी कि जनता परेशान है। बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा प्रदेश की सरकार व कांग्रेस संगठन में समन्वय की कमी है। मुख्यमंत्री हर जनसभा में यह प्रचार कहते जा रहे हैं कि केंद्र से कोई सहायता हिमाचल प्रदेश को नहीं मिली है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से 3000 करोड़ से अधिक की राशि सिर्फ और सिर्फ सड़कों को मिलने की बात स्वीकार अपने सोशल मीडिया अकाउंट से की है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या सरकार झूठ बोल रही है।भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि आपदा के समय में केंद्र से भरपूर सहायता प्रदेश को मिली है, लेकिन कांगेस हमेशा इससे झूठ बोलकर इनकार करती रही। हिमाचल बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि पहले विक्रमादित्य सिंह ने अपने पिता के अपमान की बात की वे अपने पिता की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दो गज जमीन उपलब्ध नहीं करवा सके।उनकी मां और मंडी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद कहती है कि सांसद निधि देकर चुनाव नहीं जीते जाते।अब विक्रमादित्य सिंह कह रहे हैं कि वह मंडी के समस्याओं का समाधान करेंगे।

## कांग्रेस ने कम मतदान के लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेदार

**देहरादून,** 20 अप्रैल (देशबन्धु) समूचे राज्य में लोकसभा चुनाव का मत प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में कम रहा। पूरे प्रदेश की बात की जाए तो इस बार के लोकसभा चुनाव में करीब 55.89 प्रतिशत मतदान हुआ है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने कम मतदान के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट का कहना है कि कम मतदान की एक वजह यह भी है कि बीते 10 सालों से भाजपा के सांसदों ने अपने क्षेत्रों में जाने की जहमत नहीं उठाई और अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के दुख दर्द को नहीं जाना। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार भी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह से असफल साबित हुई। महिलाओं को इन 5 सालों में



सुरक्षा नहीं मिल पाई। किसानों को अपने हकों के लिए आंदोलन करने पड़े। इसी तरह भारत सरकार की ओर से लाई गई अग्निवीर योजना से राज्य के युवा पहले से ही निराश हैं और इस योजना का लगातार विरोध भी हो रहा है। इसलिए कुल मिलाकर सत्ता विरोधी लहर है। भाजपा का मतदाता पोलिंग बूथ तक मतदान करने नहीं पहुंचा, इसलिए कहीं ना कहीं भाजपा की नाकामियों का असर इस बार के चुनाव में देखने को मिला है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि इस बार के मतदान ने यह साबित कर दिया है कि अब पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की विदाई तय है। गौर हो कि इस बार उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों पर कुल 55.89 फीसदी मतदान हुआ है।

# उत्तराखंड के कई क्षेत्र जंगल की आग की चपेट में

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**देहरादून,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ वनाग्नि की रोकथाम के सम्बन्ध में वर्चुअल बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि गर्मियों के चार

■ वोटिंग के बाद एक्शन में धामी, संभाला कामकाज

महीने वनाग्नि की दृष्टि से हमारे लिये चुनौतीपूर्ण होते हैं। इन महीनों में अधिक से अधिक सतर्क रहते हुये पूरा प्रयास किया जाए कि वनाग्नि की घटनाये न के बराबर हों। उन्होंने कहा कि जैसे ही वनाग्नि घटना की सूचना मिलती है, उस पर तुरंत कार्यवाई होनी चाहिए तथा जिसका रिस्पॉन्स टाइम



कम से कम होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो को वनाग्नि की रोकथाम के सम्बन्ध में निर्देश दिये कि स्थानीय स्तर पर प्रभारी वनाधिकारी के स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाये, हेल्पलाइन नम्बर तथा टोल फ्री नंबर जारी करते हुए, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों में जागरूकता लाई जाये स मुख्यमंत्री ने ये भी निर्देश दिये कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए सभी सम्बंधित विभाग आपसी तालमेल स्थापित करना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में स्थानीय लोगों, जन-प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों आदि का भी सहयोग लिया जाये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिस क्षेत्र में भी वनाग्नि की घटनाये घटित होती हैं, उसके लिये सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए स उन्होंने निर्देश दिये कि जानबूझ कर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये स बैठक में पिरुल का उपयोग किये जाने तथा आबादी क्षेत्रों में बंदरों के आवागमन को रोकने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

### चौरास परिसर की टीचर कॉलोनी तक पहुंची वनाग्नि, एक व्यक्ति की जलकर मौत

**श्रीनगर।** पहाड़ों में आग का तांडव जारी है। श्रीनगर कीर्तिनगर के विभिन्न इलाकों में पिछले एक सप्ताह से जंगल जल रहे हैं। श्रीनगर में वनाग्नि के कारण 3.5 हेक्टेयर वन सम्पदा जल कर खाक हो गई है। वानाग्नि के कारण घर के बगल में लगी आग बुझाने गया व्यक्ति भी आग की चपेट में आ गया। जिसके कारण उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। अब वह विभाग व्यक्ति की पोस्टमार्टम आने का इंतज़ार कर रहा है। सम्बंधित व्यक्ति को आपदा राहत कोष से ही राहत राशि दी जाएगी। श्रीनगर



सिविल वन वन क्षेत्र में अब तक वानाग्नि 14 वानाग्नि की घटनाएं घटित हो गयी हैं। जिसके कारण आम लोगों के प्राण भी संकट में आ गये हैं। कल देर रात गढ़वाल केन्द्रीय विवि के चौरास परिसर की टीचर कॉलोनी तक भी आग की लपटें पहुंची। जिसे बुझाने के लिए विवि के छात्रों ने ही पहल की। लगभग आधा घंटे की कड़ी कोशिशों के बाद छात्रों ने आग पर काबू पाया। नयालगढ़ में 62 साल के दुर्गा प्रसाद दिया जलाने के लिए मन्दिर गए थे। जहां वे जंगल में लगी आग में झुलस गये। जिससे उनकी मौत हो गई। वन विभाग के सिविल रेंज के रेंजर राजेन्द्र प्रसाद कुकरेती ने बताया अब तक 14 वानाग्नि कि घटना घटित हुई हैं। जिनमें से ,ऐंठाना, ढिक्कलगांव, सांपला, धमाखोली, चढिगांव,रामपुर, कंडी में वानाग्नि कई घटना घटित हुई हैं।

### सुडोकू 6531 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

# प्रादेशिकी

## बूथ पर लड़ने वाला कार्यकर्ता ही चुनाव जीत सकता है : वर्मा

**फर्रुखाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में अमृतपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री डॉ. बी.एल. वर्मा ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। अमृतपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. बी.एल. वर्मा ने कहा बूथ पर लड़ने वाला कार्यकर्ता ही चुनाव में जीत दिलाता है प्रत्याशी को अपने पूरे क्षेत्र में पहुंचने का समय कब मिलता है लेकिन बूथ का कार्यकर्ता ही प्रत्याशी बनकर पूरे चुनाव को संचालित करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक पार्टी है संगठन में बूथ अध्यक्ष का दायित्व महत्वपूर्ण होता है। संगठन का कार्यकर्ता 365 दिन पार्टी के लिए कार्यकर्ता है 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है।

# देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल : योगी

## मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर साधा निशाना

**लखनऊ,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की 8 सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अब तक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है।

**पश्चिम बंगाल सरकार पर साधा निशाना**

मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है, जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं। सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया किया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने राजस्थान के चुनावी दौरे पर निकलने से पहले कहा कि राजस्थान परिवारवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोदी मॉडल को स्वीकार करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरी बार राजस्थान में चुनावी जनसभाओं के लिए जाने का अवसर मिल रहा है, जिसे लेकर मैं उत्साहित हूं। वहां हर बार नए स्वरूप में लोगों में उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी शत-प्रतिशत सीटें राजस्थान की जनता भाजपा को देने का कार्य करेगी।



आधी आबादी तो पूरी तरह से सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है : योगी आदित्यनाथ

### बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों को योगी ने दी बधाई

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है और साथ ही उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए परिश्रम, लगन और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई। आप सभी नए उत्तर प्रदेश का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। मां शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को यूपी बोर्ड ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट की घोषणा की, जिसमें दसवीं में 89.55 प्रतिशत तो इण्टर में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

# सभासद भाई सहित दो गिरफ्तार

## कई अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मवाना,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। मवाना की कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काबली गेट के समीप डेरी की आड में चल रहे अवैध पशु कटान के धंधे का पर्दाफाश कर पुलिस ने सभासद के भाई सहित मौके से दो आरोपितों को दबोच लिया। मौके से पशु कटान में प्रयुक्त उपकरण भैंस का मांस पशु अवशेष इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुभाष ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि मौहल्ला काबली गेट स्थित मस्जिद के पास घर के अंदर अवैध ढंग से पशु कटान किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वह तुरंत वह पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम के आने की भनक लगने पर कटान कर रहे आरोपितों ने फरार होने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने कटान कर रहे सभासद के भाई सहित दो आरोपितों को दबोच लिया, जबकि अन्य आरोपित मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस टीम ने मौके से कटान में प्रयुक्त उपकरण, भैंस का मांस, पशु अवशेष आदि बरामद हुए। इस दौरान पशु चिकित्सकों ने जांच के लिए अवशेषों के नमूने लिए हैं। वहीं, पुलिस ने अवशेषों को जमीन में दफना दिया है। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौहल्ला काबली गेट में डेरी की आड में चल रहे अवैध कटान में थाना पुलिस ने वार्ड के सभासद के भाई नौसाद और सुफियान को अवैध कटान करते हुए गिफ्तार किया।



# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में ही भाजपा की बैटिंग फ्लॉप : अखिलेश

## चुनावी जनसभा में भाजपा पर बोला हमला

**मेरठ,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मेरठ पहुंचे। जनसभा को सम्बोधत करते हुए भाजपा पर जमकर बरसे। अखिलेश ने कहा, जब हवाएं तेज चलती हुई देख रहा था तो ये गुब्बारा नीचे तक आ रहा था। पश्चिम में ऐसी हवा चली है कि सब पलट दिया। ये पलटने वाली हवा पहले चरण की थी। जो लोग दूसरे दल की फिल्म को फ्लॉप शो बोल रहे थे, पहले दिन पहले चरण में ही उनकी फिल्म फ्लॉप हो गई। भाजपा की घिसी पिटी कहानी और डॉयलाग लोग अब सुनना नहीं चाहते। कोई भी अब उन्हें वोट नहीं देना चाहता। अखिलेश यादव ने किसानों को साधते हुए कहा, भाजपा के तीन काले कानूनों के खिलाफ पश्चिम के किसान ने धरना दिया। पुलिस किसानों, जवानों के ट्रेक्टर पकड़ लेती थी। लेकिन यहां का किसान डटा रहा। अंत में तीनों काले कानून वापस हुए। आज भी किसान एमएसपी की मांग के लिए आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन सरकार सुन नहीं रही। अखिलेश ने आगे कहा सपा और इंडिया गठबंधन जीतेगा तो किसानों को एमएसपी का अधिकार देगा। जो कहते हैं गरीबी नहीं मिटेगी, जब हमारा किसान खुशहाल होगा तो गरीबी भी मिट जाएगी। सरकार ने किसान, नौजवान को धोखा दिया है वो सरकार बचेगी नहीं। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि मुझे याद है कि मेरठ के टिकट को लेकर लगातार चर्चा होता रही। हमारे दल ही नहीं बल्कि दूसरे दल में भी मेरठ के टिकट की पूरी चर्चा रही।



## सार संक्षेप

### आमजन को मतदान के प्रति किया जागरूक

**मेरठ।** स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार शाहिद रजा श्रावस्ती अपने कलाकारों द्वारा विभिन्न स्थानों पर लोकगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे है। आज उन्होंने जिमखाना मैदान, शिवा जी रोड, नई मोहनपुरी, लक्ष्मी नगर, विजय नगर, नेहरू नगर, पुरानी मोहनपुरी एवं विभिन्न स्थानों पर लोकगीत वोटर वालों ना करना कोई बहाना, विनती है तुमसे वोट डालने जाना, मेरठ वालों अपनी गिनती खूब कराना, 26 को मतदान प्रतिशत बढ़ाना, अपने मेरठ की शान बढ़ाना से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया।

### सेक्स रैकेट का भंड़ाफोड़ कर किया दो को गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले युवक व सहयोगी युवती को गिरफ्तार कर सेक्स रैकेट का भंड़ाफोड़ किया है। पुलिस ने कादरी गेट क्षेत्र निवासी सुधीर वर्मा पुत्र दिलेराम राजपूत व नन्ही बाथम पत्नी सुभाष बाथम को गिरफ्तार किया है। मालूम हो 18 अप्रैल को पीड़ित पिता रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरी पुत्री घर पर ही रहती है। 11 अप्रैल लगभग 12 बजे मेरी गैर मौजूदगी मे मेरे पड़ोस में रहने वाली महिला नन्ही पत्नी सुभाष बाथम व सुधीर वर्मा मेरी पुत्री को घर से बहला फुसलाकर लालच देकर अपने साथ ले गए। नन्ही पुत्री को अपने बहनोई के मकान में ले गई। वहां मेरी पुत्री के साथ सुधीर वर्मा ने मारने की धमकी देकर गंदा काम किया। इसी दौरान नन्ही ने मेरी बेटी का वीडियो बनाया। करीब तीन बजे मेरी पुत्री को घर पर ही छोड़ दिया। उस दिन मेरी पुत्री ने मुझे कुछ नहीं बताया। रिपोर्ट में कहा गया 18 अप्रैल को मेरी पुत्री को उक्त दोनों लोग फिर से उसी जगह चलने तथा गलत काम करने का दबाव बनाने लगे और न चलने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

### उप्र में 22 अप्रैल से 4 मई तक चलेगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का परिवहन विभाग सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के मकसद से 22 अप्रैल से चार मई के बीच सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन करेगा। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से चार मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा। उन्होने कहा कि ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुघर्टनाओं के प्रमुख कारण होते हैं।

### संतकबीर नगर में आग से जली दर्जन भर झोपड़ियां

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण 12 रिहायशी झोपड़ियां जल गईं। मेंहदावल थानाक्षेत्र में ग्राम पंचायत कुड़वा के राजस्व गांव रौना में लगी इस आग में रिहायशी झोपडियों के साथ भीतर रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया है।

# एएसआईएससी यूपी व उत्तराखंड जोनल स्केटिंग टूर्नामेंट आयोजित

**मेरठ,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में एएसआईएससी यूपी और उत्तराखंड जोनल स्केटिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ इस टूर्नामेंट में यूपी और उत्तराखंड की छह स्कूल ने भाग लिया। प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन स्कूल प्रधानाचार्य ने किया प्रतिस्पर्धा में लेने वाली मुख्य टीमों में सेंट पैट्रिक्स अकैडमी मेरठ, सेंट मैरी अकैडमी मेरठ, क्रिस्टो ज्योति बागपत तथा सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल मेरठ रही प्रतिस्पर्धा अंडर 14 ईयर और अंदर 19 ईयर के बालक बालिकाओं के मध्य आयोजित किया गया। विभिन्न रेस 100 मी 1000 मी तथा 3000 मी को दो कैटेगरी में आयोजित किया गया। आवरआल विजेता सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल रहा, रनरअप सेंट पैट्रिक स्कूल मेरठ रहा। मीसम अली, तूलिका सैनी, प्रतीक साहनी, उदित तोमर, गिरीशा शर्मा, गारवी, संपूर्णा, रिधिशा, अभिज्ञान ने अपने अपने आयु वर्ग मे तथा विभिन्न रेस मे स्वर्ण पदक जीते।



# स्टार अल-फलाह का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

## लगातार 12 वर्षों से सर्वश्रेष्ठ दे रहा स्टार अल-फलाह

**किठौर,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। फिर एक बार किसान परिवार में पली-बढ़ी छात्रा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में मेरठ जिले की टॉप 10 सूची में 6 वा स्थान 95.4 प्रतिशत अंक वहीं शान मोहम्मद ने जिले की टॉप 10 सूची में 7वा स्थान 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार और अपने कालेज का रोशन क्या। कस्बा किठौर स्थित स्टार अल-फलाह ने अपना शत-प्रतिशत रिजल्ट दिया परीक्षाफल घोषित होने पर छात्र-छात्राओं ने अपने परिवार के साथ-साथ कॉलेज और क्षेत्र का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा दीया स्टार अलफलाह की छात्र आयशा रोल नंबर 2245390605 ने मेरठ जिला की टॉप 10 सूची में 95.5 प्रतिशत के साथ 6 स्थान हासिल क्या। छात्र एक किसान परिवार से वास्ता रखती है जिसके पिता मैन बाजार किठौरे में किराना की दुकान करते हैं इंटरमीडिएट परीक्षा में 95.5 प्रतिशत अंक लाकर अपने परिवार, गुरुजन, और कॉलेज का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराया। वहीं दूसरी ओर स्टार अलफलाह के छात्र शान मोहम्मद रोल नंबर 2245390523 ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरठ जिला की टॉप 10 सूची में 7 व स्थान हासिल किया स्टार अलफलाह की छात्र-छात्राओं से पत्रकारों ने बात की तो उनका कहना था कि उनकी यह कामयाबी उनके माता-पिता गुरुजनों की दुआओं का नतीजा है। हाई स्कूल परीक्षा में स्टार अलफलाह की छात्रा तुबा ने 91 प्रतिशत, द्वितीय माहिरा 91 प्रतिशत तृतीय तरफ शादाब ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रौशन किया।

**■ यूपी में इंटरमीडिएट में 11वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रौशन**



### छात्रा का एमबीबीएस करना लक्ष्य का सपना

आयशा का लक्ष्य एमबीबीएस करना है डॉक्टर बनकर वह गरीब मजलूम लोगों की मदद करना चाहती है। जबकि शान मोहम्मद का लक्ष्य इंजीनियर बनना है इसके साथ साथ वह अपने मुल्क की सेवा में अपना योगदान कर गरीब लोगों की मदद करना चाहते है। उनकी इस कामयाबी से छात्र-छात्रा के परिवार में एक जश्न का माहौल है उसके साथ ही कॉलेज मैं छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर

# शोभित में विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित किया

## वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर क्लब ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में वर्ल्ड क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और आईआईसी सेल के साथ मिलकर किया गया था। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सकारात्मक और आधुनिक नजरिए से सोचने के लिए प्रेरित करना था। प्रोग्राम के मुख्य संचालक कंप्यूटर क्लब के छात्र सदस्य सरगम, ऋतिक, रोहित, सत्यम थे। विद्यार्थियों ने आज के दौर की विभिन्न चुनौतियों के समाधान हेतु अपने आइडियाज प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार त्यागी डॉ.ममता बंसल और विजय माहेश्वरी ने जूरी मेंबर के रूप में सभी प्रस्तुत किए गए इनोवेटिव मॉडल्स का आंकलन किया। कार्यक्रम का आरम्भ कुलपति प्रो. जयानंद के आशीर्वचनों द्वारा हुआ जिसमे उन्होंने इस कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित किया। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डायरेक्टर डॉ. निधि त्यागी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए पेटेंट और पौब्लिकेशन पर बात की। इस कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और इसमें भाग लेकर वे नए तकनीकी गुनाओं को सीखने का अद्वितीय अवसर प्राप्त करे। कार्यशाला में रहे उद्घाटन सत्र में कंप्यूटर क्लब के इंचार्ज मिस्टर राजेश पांडेय ने विद्यार्थियों के उत्साह को और बढ़ाया और उन्होंने धन्यवाद व्यक्त कियाकि उन्होंने इस कार्यशाला में भाग लेने का समर्पण दिखाया।



# पीपल वाले बालाजी महाराज की निकाली शोभा यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। पीपल वाले बालाजी महाराज की शोभा यात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकल गई शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों और भीड़ उमड़ पड़ी। शोभा यात्रा के आगे मां काली का अखाड़ा चल रहा था जिसमें पांच काली पैदल चल रहीं थी। काली के पीछे भगवान राम लखन जानकी की झांकी शोभा मान थी । इसके पीछे बालाजी महाराज रथ पर विराजमान थे। शोभा यात्रा में पीयूष गोयल पीयूष पांडे राकेश शुक्ला रामजी शुक्ला संजय गर्ग रमेश रामदीन 500 लोग की संख्या थी। बाबा के भक्त जनों ने जगह-जगह आरती उतार कर पुरुष वर्ष की।



# जलवायु परिवर्तन विषय पर प्रतियोगिता का किया आयोजन

**मेरठ,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। आज समय के सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों में से एक पर संवादात्मक एवं समालोचनात्मक चर्चा को बढ़ावा देने के लिए, स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज ने जलवायु परिवर्तन विषय पर केंद्रित एक पेपर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया। 20 अप्रैल, 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, उसके कारणों व जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए स्थायी समाधानों की वकालत करने वाले उभरते कानूनविद छात्र छात्राओ द्वारा व्यावहारिक प्रस्तुतियां की गई। प्रतियोगिता ने छात्रों के लिए जलवायु परिवर्तन के बहुमुखी आयामों, इसके कानूनी, सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों की खोज करने के व संभावित दुष्प्रभावों के निवारण हेतु विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। प्रतिभागियों ने कानूनी ढांचे के भीतर जलवायु संकट से निपटने के लिए नवीन दृष्टिकोण पेश करते हुए अपनी शोध क्षमता और विश्लेषणात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। संकाय सदस्यों और सम्मानित न्यायाधीशों ने प्रतिभागियों को उनके अनुकरणीय शोध और जटिल मुद्दों की स्पष्ट अभिव्यक्ति के लिए सराहना की। इस कार्यक्रम ने न केवल बौद्धिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया बल्कि जलवायु आपातकाल से निपटने में कानून की भूमिका पर चर्चा को भी प्रेरित किया।




**प्रतिभा** *ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं*

# टॉप-टेन की सूची में देहात के छात्रों ने बाजी मारी

**मवाना, 20 अप्रैल (देशबन्धु)। देहात क्षेत्र में शिक्षा के जगत में ऐसी प्रतिभाएं है, जिन्होंने उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा बड़े शहरों को पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश के इंटर व हाई स्कूल बोर्ड में टॉप टेन में अपना स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राएं अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। इसी क्रम में एएस इंटर कालेज मवाना में विज्ञान वर्ग की एलिजा ने 93.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में 169 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी तथा 62 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यालय का परीक्षा परिणाम विज्ञान वर्ग का 94 फीसदी रहा। हाई स्कूल में हिंदी माध्यम में पारुल ने 94.33 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रिया ने 91.5: अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।**

वही अंग्रेजी माध्यम में प्रियांशी ने 91.8 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा खुशबू ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा सुरभि ने 85 फीसदी प्राप्त कर विद्यालय में अपना तीसरा स्थान कायम किया। प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी, अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सफलता का श्रेय दिया। मुख्य रूप से डॉ.अरविंद यादव, डॉ. राजीव कुमार, प्रीतम सिंह, निशिकांत शर्मा, बृजेश कुमार, निकिता भारद्वाज, मीनू विश्वकर्मा, इलमा, कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह, शिवानंद शर्मा, विशेष कुमार, सुनील गिर, पूनम, चन्द्र प्रकाश आदि मौजूद रहे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज मवाना का कक्षा 10 एवं कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य जगमाल ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय में ही अपना परीक्षाफल देखा। कक्षा 10 में प्रथम स्थान शशिकांत एवं द्वितीय स्थान कुमारी सौम्या ने प्राप्त किया। कक्षा 12 में कुमारी खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जगमाल सिंह ने मिठाई खिलाकर सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित परीक्षा फल में विद्यालय के परीक्षार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कालेज पिलौना के प्रधानाचार्य बाबूराम धामा ने बताया कि जिस प्रकार पूरे शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों को पठन-पाठन कराया गया। उसी आशा के अनुरूप परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। कक्षा 12 के छात्र सर्वेश कुमार ने 96 फीसदी अर्थात 500 में से 480 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 10वां स्थान तथा जनपद की मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान प्राप्त किया। छात्र की इस उपलब्धि से उसके अध्यापक एवं परिवार जन बहुत प्रसन्न है। वहीं 471अंक लेकर विद्यालय की छात्रा अंशिका ने जनपद की मेरिट लिस्ट में 10वे स्थान पर रही। तृतीय स्थान पर खुशी गुम्बर ने 461 अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र अर्पित हिंसवाल ने 565 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही मोहम्मद शुभान ने 561 अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रहे तथा वंश कुमार ने 559 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक जोगिन्द्र कुमार धामा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का मिठाई खिलाई। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य रोहित तोमर, आकाश कुमार, संजय सिंह, राजेन्द्र कुमार, बबलू सिंह, पीयूष कुमार आदि उपस्थित रहे। सरस्वती शिक्षा केंद्र पिलोना के प्रधानाचार्य अंकुश शर्मा ने बताया कि हमारे यहां हाईस्कूल में 16 बच्चों में सभी अच्छे अंक लाए हैं जिनमे आयुष 552, तान्या नागर 530, अमन 516,तथा आर्यन 528 अंक लेकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है।



**■ हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में देहात के बालक छाए रहे**

जिस प्रकार पूरे शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों को पठन-पाठन कराया गया। उसी आशा के अनुरूप परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया : बाबूराम धामा, प्रधानाचार्य




# जदयू व राजद के प्रत्याशी बांका संसदीय सीट पर तीसरी बार आमने-सामने

■ चुनावी चौका लगाने की फिराक में गिरधारी यादव, दूसरी बार जीत की आस में जयप्रकाश ■ बांका लोकसभा सीट से बिहार के कई दिग्गजों ने चुनाव लड़ा

**पटना,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में बांका संसदीय सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक जदयू प्रत्याशी गिरधारी यादव जहां इस सीट से चुनावी चौक लगाने की फिराक में है, वहीं इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रतयाशी पूर्व सांसद जय प्रकाश नारायण यादव एक बार फिर इस सीट पर अपना कब्जा जमाने की कोशिश करेंगे।



जदयू उम्मीदवार गिरधारी यादव ने वर्ष 1999, 2004 और वर्ष 2019 में बांका संसदीय सीट से जीत हासिल की है। यादव बांका संसदीय सीट से चुनावी चौका लगाने की फिराक में है। राजद प्रत्याशी जय प्रकाश नारायण यादव ने वर्ष 2014 के चुनाव में बांका सीट पर राजद का विजयी पताका लहराया था। जदयू के गिरधारी यादव और राजद के जय प्रकाश नारायण यादव बांका संसदीय सीट पर तीसरी बार आमने-सामने हैं। बांका लोकसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया। बांका लोकसभा सीट से बिहार के कई दिग्गजों ने चुनाव लड़ा। इनमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चंद्रशेखर सिंह, सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह, मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडीस, दिग्विजय सिंह शामिल रहे। बांका संसदीय सीट से अबतक तीन महिलाएं पांच बार जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं दो बार यह सीट निर्दलीय प्रत्याशी के जीतने के कारण भी चर्चा में रही। वर्ष 1957 में हुए चुनाव में कांग्रेस की शकुंतला देवी ने जीत हासिल की। शकुंतला देवी 1962 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरीं और जीतीं। हालांकि वर्ष 1967 के चुनाव को भारतीय जनसंघ के बेनी शंकर शर्मा ने जीता। उन्होंने काग्रेस की शकुंतला देवी के हैट्रिक बनाने के सपने को चूर कर दिया। वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की और शिव चंद्रिका प्रसाद ने जीत हासिल की। वर्ष 1973 में तत्कालीन सांसद शिव चंडिका प्रसाद के असामयिक निधन से खाली हुई बांका सीट से उपचुनाव लड़ने पहली बार मधु लिमये बांका आये थे। महाराष्ट्र के पुणे के रहने वाले मधु लिमये मराठी होने के बावजूद लगातार दो-दो बार बांका और मुंगेर यानी कुल चार बार बिहार से जीत कर संसद पहुंचे थे। गोवा मुक्ति आंदोलन से सुर्खियों में आये मधु लिमये के लिए बांका में अपनी सियासी पैठ जमाना चुनौती थी। छात्र आंदोलन और आपातकाल के बाद समाजवाद की जड़ें जमनीं शुरु हुई। इसके पहले हर जगह कांग्रेस का किला अभेद्य बना हुआ था। लेकिन आपातकाल से पूर्व ही समाजवादी दिग्गज मधु लिमये ने 1973 में बांका संसदीय सीट से चुनाव जीतकर कांग्रेस के किले को ढहा दिया था। देश के दूसरे बड़े समाजवादी नेता राजनारायण भी बांका पहुंच गए। वह उत्तरप्रदेश में बनारस के रहने वाले थे। इससे पूर्व वह वर्ष 1971 के चुनाव में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से रायबरेली सीट हारकर वे बांका पहुंचे थे। दोनों ही तरफ से समाजवादी धारा के दिग्गजों का बांका में जुटान हुआ। मधु लिमये की जीत हो गई, राज नारायण पराजित हुए। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के बरगद चुनाव चिह्न से मधु लिमये जीत गए। राजनारायण तब प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी थे। मधु लिमये जयप्रकाश आंदोलन में लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा देने वाले पहले सांसद थे। संवैधानिक प्रावधानों के दुरुपयोग के माध्यम से इंदिरा गांधी द्वारा अपने कार्यकाल के अनैतिक विस्तार पर लिमये ने लोकसभा की सदस्यता से विरोध में इस्तीफा दे दिया। जनता के बीच में लगातार सक्रियता से न सिर्फ 1973 के उपचुनाव, बल्कि 1977 के चुनाव में भी मधु लिमये विजयी रहे। इस दौरान लिमये के विरोधी उम्मीदवारों ने 'बिहारी बनाम बाहरी' का नारा दिया। उनके विरोध में कांग्रेसियों ने 'बम्बईया बाहर जाओ' का नारा भी लगाया गया। लेकिन मधु लिमये बराबर जनता की पहली पसंद बने रहे! बिहार के सियासी जनमानस ने उन्हें अपार स्नेह दिया। वर्ष 1977 में भारतीय लोक दल (बीएलडी) के टिकट पर मधु लिमये जीते। उनके मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रशेखर सिंह थे। कांग्रेस प्रत्यासी सिंह से करीब तीन गुणा अधिक वोट मधु लिमये की झोली में आए।

# दूसरे चरण की सभी पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मुकबला के लिए तैयार

**पटना,** 20 अप्रैल (एजेंसियां) बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में सभी पांच सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रत्याशी इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के उम्मीदवारों पर सियासी 'तीर' चलाएंगे।

बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 01 जून तक सात चरणों में किए जाएंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल को हो गया है। दूसरे चरण का मतदान 5 लोकसभा सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों पर राजग की तरफ से जदयू के प्रत्याशी चुनावी रणभूमि में उतर रहे हैं, जो अपने प्रतिद्वंदियों पर सियासी 'तीर' चलाएंगे।

■ 5 लोकसभा सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 को होगा मतदान

किशनगंज संसदीय सीट से जदयू के टिकट पर कोचाधामन के पूर्व विधायक मुजाहिद आलम, कटिहार से वर्तमान सांसद दुलाल चंद गोस्वामी, पूर्णिया से वर्तामान सांसद संतोष कुमार, भागलपुर से वर्तमान सांसद अजय कुमार मंडल और बांका से वर्तमान सांसद गिरिधारी यादव चुनावी मैदान में उतरेंगे।

वहीं (इंडी गठबंधन) के बैनर तले किशनगंज सीट के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री मोहम्मद हुसैन आजाद के पुत्र और वर्तमान सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, कटिहार सीट से पूर्व सांसद तारिक अनवर, पूर्णिया से रूपौली की पांच बार की विधायक राजद प्रत्याशी बीमा भारती, भागलपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा और बांका सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भूतपूर्व सांसद राजद उम्मीदवार जय प्रकाश नारायण यादव चुनाव लड़ रहे हैं।

किशनगंज सीट से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष और अमौर के विधायक अख्तरुल ईमान भी चुनाव में जदयू के 'सियासी' तीर का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में किशनगंज छोड़कर जदयू ने कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में जीत का परचम लहराया था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग ने 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था।

किशनगंज एकमात्र सीट थी जहां महागठबंधन में शामिल कांग्रेस प्रत्याशी डा. मोहम्मद जावेद ने जदयू उम्मीदवार सैय्यद महमूद अशरफ को पराजित किया था। (एआईएमआईएम) उम्मीदवार अख्तरुल ईमान तीसरे नंबर पर रहे थे।

# अतुल गामेची ने जूते-चप्पलों का हार पहनकर किया नामांकन, दिया ये संदेश

**वडोदरा,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बीच वडोदरा से एक उम्मीदवार का अनोखा अंदाज सामने आया। दरअसल, एक उम्मीदवार जूते-चप्पलों का हार पहनकर नामांकन दाखिल करने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंच गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सामाजिक कार्यकर्ता अतुल गामेची ने अनोखे अंदाज में अपनी उम्मीदवारी दाखिल की। अतुल गामेची ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकारी दफ्तर की भागदौड़ में आम आदमी के जूते घिस जाते हैं। अगर हम चुनाव जीतेंगे तो नागरिकों को सरकारी दफ्तरों का दबाव झेलना नहीं पड़ेगा। अहमदाबाद और सूरत के बीच आने वाले वडोदरा का विकास दम घुटने जैसा है। हम चुनाव जीतेंगे और वडोदरा की आवाज दिल्ली तक लाएंगे।

# औरंगाबाद संसदीय सीट पर संदीपन भुमरे, चंद्रकांत खैरे के बीच भिड़ंत

**छत्रपति संभाजीनगर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में औरंगाबाद संसदीय सीट पर आगामी 13 मई को होने वाले चुनाव में राज्य के रोजगार गारंटी योजना मंत्री संदीपन भुमरे और शिवसेना के पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे के बीच सीधी भिड़ंत की स्थिति है।

भुमरे शिंदे समूह के महायुति उम्मीदवार हैं जबकि खैरे उद्धव बालासाहेब ठाकरे समूह वाले महा विकास अघाड़ी के प्रत्याशी हैं। इसके अलावा यहां से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद इम्तियाज जलील तथा वंचित बहुजन अगाडी के अफसर खान और निर्दलीय हर्षवर्द्धन जाधव भी चुनाव मैदान में हैं। भुमरे 25 अप्रैल को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य प्रमुख महायुति नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार जोरों पर है। वहीं एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जलील के लिए प्रचार कर रहे हैं।

# बसपा हिमाचल की चारों संसदीय सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

**ऊना,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। बसपा हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान पर उतारेगी।

शुक्रवार को बसपा के प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय समन्वयकों के बीच प्रत्याशियों के नाम को लेकर मैराथन बैठक का आयोजन पार्टी के प्रदेश कार्यालय रक्कड़ कॉलोनी ऊना में किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों से लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की चाहत रखने वाले बसपा नेता भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं केंद्रीय समन्वयक राजाराम ने की। जबकि दो केंद्रीय समन्वयकों में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अवतार सिंह करीमपुरी और दयाचंद भी मौजूद रहे। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बाहड़ी प्रदेश नेतृत्व के रूप में बैठक में पधारे।

इस मौके पर केंद्रीय समन्वयक एवं पूर्व सांसद राजाराम ने कहा कि बसपा ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के साथ चर्चा करने के बाद प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने का एलान किया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ लंबी चर्चा हुई है। हालांकि उम्मीदवारों के नाम पार्टी की अध्यक्ष मायावती की मुहर लगने के बाद ही घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बसपा केवल मात्र औपचारिकता के लिए चुनाव नहीं लड़ रही बल्कि संगठनात्मक तौर पर पार्टी को प्रदेश में मजबूत करने के लिए भी काम किया जा रहा है।

एक सवाल का जवाब देते हुए श्री राजाराम ने कहा कि हिमाचल में छह विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव भी हो रहे हैं, लेकिन पार्टी फिलहाल पूरी तरह से लोकसभा चुनाव पर फोकस कर रही है और लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी उतारे जाएंगे। विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने को लेकर पार्टी के मंच पर किसी भी प्रकार की कोई चर्चा नहीं हुई है।

## बरेली व आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी के पर्चे खारिज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशियों के पर्चे जांच में खारिज हो गये हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच की गई तब पाया गया कि दोनों लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशियों ने फार्म अधूरा भरा था। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरेली लोकसभा क्षेत्र से 28 लोगों ने नामांकन कराया था, जांच में 14 नामांकन पत्र अधूरे पाए गए जिनको रद्द कर दिया गया है। अब कुल 14 प्रत्याशी मैदान में है। नामांकन पत्र खारिज होने में बसपा प्रत्याशी छोटे लाल गंगवार भी शामिल है।

आंवला लोकसभा क्षेत्र से कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। शनिवार सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू हुई। जिसमें बसपा प्रत्याशी आबिद अली का पर्चा अधूरा पाया गया। कुल 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए हैं। आंवला लोकसभा क्षेत्र में अब सिर्फ 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। बरेली जिला में 09 विधानसभा क्षेत्र है जिसमें पीलीभीत बरेली और आंवला संसदीय क्षेत्र आते हैं। बरेली जिला में 33,66,366 मतदाता हैं।

# माइक खराब होने के बाद भी वसुंधरा राजे ने जारी रखा अपना भाषण, बना चर्चा का विषय

**बारां,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भीड़ खचाखच भरी थी। लोग सुनने को आतुर थे और सुन भी रहे थे, लेकिन तभी माइक खराब हो गया, लेकिन वक्ता ने अपना भाषण जारी रखा और श्रोता भी अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए। ये सब हुआ शनिवार को वसुंधरा राजे के साथ। लोकसभा चुनाव के बीच राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे बारां में पार्टी प्रत्याशी राजा दुष्यंत सिंह के पक्ष में चुनावी सभा कर रही थीं। भीड़ खचाखच भरी थी। संबोधन के दौरान वसुंधरा मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराकर दुष्यंत के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही थीं, लेकिन तभी उनका माइक खराब हो गया। कार्यक्रम के संयोजकों ने माइक ठीक करने के लिए बुलाया, लेकिन ठीक नहीं हो सका। अब सभी लोगों के जेहन में यही सवाल था कि आखिर वो अपना संबोधन कैसे देंगी?

सभी को लगा कि अब शायद वो यहां से रूखसत हो जाएंगी, लेकिन नहीं, ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने



अपना संबोधन धाराप्रवाह जारी रखा। खास बात रही कि माइक खराब होने के बावजूद भाषण देने के दौरान वसुंधरा की ना ही लय में कोई असर पड़ा और ना ही बेबाकी पर। सभा में मौजूद सभी लोग काफी प्रभावित हुए। उनके संबोधन के दौरान कई दफा लोगों ने बीच-बीच में ताली बजाकर उनके प्रति अपनी सहमति व्यक्त की।

# गौतमबुद्ध नगर में लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में लोकसभा के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा, जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिले में स्थित सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप्स एवं भांग की फुटकर बिक्री की दुकाने तथा सैन्य कैन्टीने, होटल बार, रेस्टोरेन्ट्स, क्लब, में मतदान के दिन 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व अर्थात् 24 अप्रैल के शाम 6 बजे से 26 अप्रैल के शाम 06 बजे या मतदान समाप्ति तक समस्त मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन पूर्णतया बन्द रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त 4 मई को फूल मंडी फेस-2, नोएडा में होने वाली मतगणना के परिप्रेक्ष्य में जनपद गौतमबुद्धनगर की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप्स एवं भाग की फुटकर बिक्री की दुकानें तथा मदिरा के थोक अनुज्ञापनों, सैन्य कैन्टीने, होटल बार, रेस्टोरेन्ट्स, क्लब, मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन पूर्णतया बन्द रहेगी। उक्त अवधि में बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का कोई प्रतिफल आदि देय नहीं होगा। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।




■ मतदान के 48 घंटे पहले सभी मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन पूरी तरह से रहेगा बंद

अमरावती लोकसभा सीट

# भाजपा को पूर्व अभिनेत्री नवनीत कौर-राणा के जरिए किस्मत खुलने की उम्मीद

**अमरावती,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। हरा-भरा लेकिन गर्म और शुष्क अमरावती (एससी) निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र के उन कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है, जहां 1952 से देश के शीर्ष पद पर आसीन होने वाली पहली महिला प्रतिभा पाटिल (1991) सहित चार बार महिलाएं लोकसभा के लिए चुनी गईं। परंपरागत रूप से कांग्रेस का गढ़ रही इस सीट पर पार्टी को दस बार जीत मिली। पांच बार अविभाजित शिवसेना के उम्मीदवार जीते। एक-एक बार आरपीआई, सीपीआई और निर्दलीय उम्मीदवार ने भी यहां से परचम फहराया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी को अब तक यहां से जीत नसीब नहीं हुई। इस बार भाजपा को अभिनेत्री से नेता बनीं एनडीए-महायुति-भाजपा की उम्मीदवार नवनीत कौर-राणा के जरिए यहां किस्मत खुलने की उम्मीद है। नवनीत कौर राणा एक बार फिर मतदाताओं का ध्यान खींचने को तैयार हैं। फिल्मी पृष्ठभूमि के चलते वह मतदाताओं को आकर्षित कर सकती हैं। अब यह देखना है कि उनका अभियान कैसे आगे बढ़ता है और क्या वह दूसरी बार मतदाताओं का विश्वास जीत पाएंगी। राणा ने 2019 में अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अन्य दलों के समर्थन से निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए विजय प्राप्त की थी। उन्होंने चुनाव में अविभाजित शिवसेना के कद्दावर नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और अब सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी में शामिल आनंदराव वी. अडसुल को पराजित किया था। इस बार राणा का



■ तीन पर कांग्रेस, दो पर पीजेपी और एक पर भाजपा का कब्जा

मुख्य मुकाबला एमवीए-इंडिया ब्लॉक-कांग्रेस के विधायक बलवंत बी. वानखड़े से है। यहां से रिपब्लिकन सेना के आनंदराज वाई. अंबेडकर ताल ठोक रहे हैं। उन्हें 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए उनके भाई और वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश वाई अंबेडकर का समर्थन प्राप्त है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि राणा को अपनी पार्टी या गठबंधन के भीतर से ही चुनौतियां मिल रही हैं। यह चुनौतियां उनकी चुनावी संभावनाओं के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं। सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगी, प्रहार जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) के संस्थापक ओमप्रकाश बाबाराव कडू उर्फ बच्चू कडू ने हर कीमत पर राणा को हराने का संकल्प लिया है। उन्होंने अपनी ओर से स्थानीय दिग्गज दिनेश जी बूब को मैदान में उतारा है। वे राणा पर तीखा हमला कर रहे हैं।

राणा ने अपने अभियान की शुरुआत चुनावी राजनीति में प्रवेश करने के बाद से पिछले 12 वर्षों के अपने राजनीतिक संघर्षों और कठिनाइयों को याद कर की।

# घोड़ी बछेड़ा गांव में क्षत्रिय समाज भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ लामबंद

■ क्षत्रिय समाज की तरफ से आयोजित की गई विचार गोष्ठी
■ भाजपा हराओ संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया गया

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। राजपूत बहुल्य गांव घोड़ी में शनिवार को गजेंद्र रावल के मकान पर क्षत्रिय समाज की तरफ से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में भाजपा हराओ संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया गया। घोड़ी गांव में क्षत्रिय समाज के सैकड़ो लोगों ने विचार गोष्ठी में हिस्सा लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता तेजपाल प्रधान ने की संचालन निशांत रावल ने किया। अध्यक्ष तेजपाल प्रधान ने कहा कि योगी और मोदी द्वारा क्षत्रिय समाज की भारी उपेक्षा की गई है क्षत्रिय समाज के कई नेताओं के टिकट काट दिए गए हैं क्षत्रिय समाज मुख्य रूप से खेतीहर समुदाय है भाजपा द्वारा किसानों के विरोध में कानून बनाए जाने नीतियां बनाई जाने से क्षत्रिय समाज की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हुई है। क्षत्रिय समाज



के नौजवानों में बेरोजगारी बड़ी समस्या बन गई है। आयोजक और संचालक निशांत रावल ने कहा कि क्षत्रिय समाज भारतीय जनता पार्टी से पूरी तरह नाराज है क्षत्रिय समाज के किसी भी समस्या का समाधान योगी और मोदी सरकार ने नहीं किया है इसलिए आज सभी उपस्थित क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाजपा हराओ देश बचाओ संविधान बचाओ, किसान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ का नारा दिया है। देवेंद्र सिंह खटाना ने कहा क्षत्रिय समाज जाग चुका है भाजपा एवं भाजपा के उम्मीदवार महेश शर्मा द्वारा क्षत्रिय समाज का शोषण किया गया है क्षत्रिय समाज अब और शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा घोड़ी गांव के 10 फीसदी प्लाट आज तक नहीं मिले हैं। घोड़ी गांव के लोगों ने पिछली बार महेश शर्मा को इस उम्मीद में अपने वोट दिए थे कि महेश शर्मा किसानों को उनके 10 फीसदी प्लाट दिलाएंगे परंतु महेश शर्मा ने बार-बार निवेदन करने के बावजूद एक बार भी किसानों की कोई मदद नहीं की। इसलिए हमने नारा दिया है कि 10 फीसदी प्लाट नहीं तो वोट नहीं।

क्षत्रिय समाज के नेता सुधीर चौहान ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है विपक्ष को दबाया जा रहा है सरकार तानाशाही कर रही है इसलिए आज एकजुट होकर तानाशाही सरकार को हटाने की जरूरत है। आज की विचार गोष्ठी में ठाकुर प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह आर्य, वासुदेव रावल, सुभाषचंद्र, भूषण दादा, मोहित रावल, सुभाष नेता, धीरज भगत, शीशपाल रावल, देवेंद्र सिंह रावल, गजेंद्र सिंह रावल, राजकुमार रावल, संग्राम चौहान, गोपाल देव, धर्मेंद्र भैया, विपिन सिंह, सूर्यवंशी एवं अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 3.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.90 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.46 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.39 प्रतिशत |
| मारुति | 2.20 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.20 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.04 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.93 प्रतिशत |
| एलटी | 0.89 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटूर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा अनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## देश के जीडीपी में 8.3 फीसदी से अधिक का योगदान देता है गुजरात : सीतारमण

**अहमदाबाद**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में मौजूदा सरकार की परिवर्तनकारी आर्थिक नीतियों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले मुद्रास्फीति दहाई अंक में थी और व्यवसाय विदेश भाग रहे थे। वर्तमान सरकार ने मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल किया है।

सीतारमण ने कहा कि आरबीआई अब बैलेंस शीट की दोहरी समस्या को एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखता है, जो हमारी सफल आर्थिक रणनीतियों का प्रतीक है। गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), अहमदाबाद चैप्टर की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा संवाद - विकासशील भारत 2047 विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कपड़ा, रसायन, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने में राज्य की रणनीतिक भूमिका और नेतृत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश की केवल 5 प्रतिशत भूमि के साथ, गुजरात आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 8.3 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। वित्त मंत्री ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में पार्टी सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के संघर्षों के बिल्कुल विपरीत, कोविड-19 महामारी के कारण हुई वैश्विक उथल-पुथल के बाद भारतीय बैंकों के मजबूत प्रदर्शन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है और बैंकिंग मुद्दों तथा विलय का सफल समाधान भारत के वित्तीय बुनियादी ढांचे की मजबूती को रेखांकित करता है।



**आरबीआई अब बैलेंस शीट की दोहरी समस्या को एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखता है, जो हमारी सफल आर्थिक रणनीतियों का प्रतीक है : निर्मला सीतारमण**

## रोजगार बढ़ने से फरवरी में ईपीएफओ की शुद्ध सदस्य संख्या 15.48 लाख बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस साल फरवरी में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में शुद्ध रूप से 15.48 लाख सदस्य जुड़े हैं, जो इस महीने के दौरान देश के संगठित क्षेत्र में बढ़े हुए रोजगार को दर्शाता है। संगठन के शनिवार को जारी प्रोविजनल पेरोल डेटा में यह जानकारी सामने आई है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि फरवरी के दौरान लगभग 7.78 लाख नए सदस्यों को ईपीएफओ में नामांकित किया गया है, जिनमें से 18-25 आयु वर्ग के युवा 56.36 प्रतिशत हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह दिखाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले। पेरोल डेटा से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य फरवरी में बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए और अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने की बजाय अपने संचय को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना।




■ 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख महिलाएं हैं

## अगले 10 वर्षों में 3.5 लाख करोड़ डॉलर निवेश की जरूरत

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के वर्ष 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद के बीच अगले 10 वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद के बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने के अनुमान के मद्देनजर इस अवधि में 3.5 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स द्वारा सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित एक सम्मेलन में मोहित सर्राफ ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अभी भारत का सकल घरेलू उत्पाद 3.7 लाख करोड़ डॉलर का है जिसके अगले 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर के होने का अनुमान है।

इसको हासिल करने के लिए 3.5 लाख करोड़ डॉलर का निवेश करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काम जारी है लेकिन उसकी गति को बनाए रखने की जरूरत है ताकि इसको हासिल किया जा सके। सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स के अध्यक्ष डॉ ललित भसीन ने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर मामले लंबित है लेकिन इस मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाया जा सकता है। अधिकांश मामलों में कहीं न कहीं सरकार आती है और नीतियों में खामियों की वजह से मामलों का निपटान नहीं हो पा रहा है।




■ अभी 3.7 लाख करोड़ डॉलर है भारत का सकल घरेलू उत्पाद
■ अगले 10 वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

## निसान मोटर ने दिल्ली में खोली चार नई ग्राहक सेवा व सम्पर्क सुविधाएं

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने ग्राहकों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय राजधानी में चार नए कस्टमर टचपॉइंट्स शुरू किए हैं।

कंपनी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि दिल्ली में इन चारों नयी सुविधाओं में एक शोरूम, दो डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस सेंटर शामिल हैं। इसके साथ देश भर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंच गई है। कंपनी के अनुसार दिल्ली के मोती नगर में नया जुबिलेंट निसान शोरूम 5500 वर्ग फुट में, प्रशांत विहार और द्वारका में डिस्प्ले सेंटर क्रमशः 2800 और 2000 वर्ग फुट में तथा रामा रोड पर सर्विस सेंटर के साथ बनाया गया बॉडी शॉप क्रमशः 7250 वर्ग फुट और 7950 वर्ग फुट में हैं।



**भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करेंगे : सौरभ वत्स**

## एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 16,511.85 करोड़ रुपए रहा। बैंक के निदेशक मंडल की शनिवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गई। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में बैंक का एकल शुद्ध लाभ 12,047.45 करोड़ रुपए था। इस प्रकार मुनाफा 37.1 प्रतिशत बढ़ा है।

हालांकि प्रवर्तक कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय के कारण वित्तीय परिणाम तुल्य नहीं हैं। निदेशक मंडल ने एक रुपए अंकित मूल्य के सभी इक्विटी शेयरों पर 19.5 रुपए के लाभांश की घोषणा की है। बैंक ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान विभिन्न मदों में 13,511.64 करोड़ रुपए का प्रावधान किया था जिसमें 10,900 करोड़ रुपए का फ्लोटिंग प्रोविज़न शामिल है। आलोच्य तिमाही में बैंक की ब्याज से प्राप्त कुल आय 29,080 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले की समान तिमाही के 23,350 करोड़ रुपए से 24.5 प्रतिशत अधिक है। ब्याज से प्राप्त आय और दिए गए ब्याज का अंतर कुल परिसंपत्ति का 3.44 प्रतिशत रहा। बैंक का ग्रॉस एनपीए 31 मार्च 2023 के 1.12 प्रतिशत से बढ़कर इस साल 31 मार्च को 1.24 प्रतिशत पर पहुंच गया। इस दौरान शुद्ध एनपीए 0.27 फीसदी से बढ़कर 0.33 फीसदी हो गया।

बैंक ने बताया है कि उसका शुद्ध राजस्व एक साल पहले के मुकाबले 47.3 प्रतिशत बढ़कर 47,240 करोड़ रुपए हो गया। इसमें बैंक की इकाई एचडीएफसी क्रेडिला फाइनेंशल सर्विसेज के शेयरों की बिक्री से प्राप्त 7,340 करोड़ रुपए की आय भी शामिल है। पिछले साल 31 मार्च को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध राजस्व 32,080 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, तिमाही के दौरान परिचालन लागत एक साल पहले के 13,460 करोड़ रुपए से 33.5 प्रतिशत बढ़कर 17,970 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

इसमें कर्मचारियों की अनुग्रह राशि के लिए 1,500 करोड़ रुपए का प्रावधान भी शामिल है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का एकल शुद्ध मुनाफा 2022-23 के 44,108.71 करोड़ रुपए से 37.9 प्रतिशत बढ़कर 60,812.27 करोड़ रुपए हो गया।




■ प्रति शेयर 19.5 रुपए के लाभांश की घोषणा
■ ब्याज से प्राप्त आय व दिए गए ब्याज का अंतर 3.44 प्रतिशत रहा

## सार संक्षेप

### इस सप्ताह 37 स्टार्टअप्स ने 31 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई

**नई दिल्ली।** भारत में कम से कम 37 स्टार्टअप ने इस सप्ताह लगभग 31 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाई, जिसमें 10 ग्रोथ-स्टेज के सौदे भी शामिल हैं। पिछले सप्ताह, देश में 21 स्टार्टअप्स ने लगभग 10.5 करोड़ डॉलर जुटाए। एन्ट्रैकर की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस सप्ताह 10 स्टार्टअप्स ने 22.586 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाई, जिसमें डेट फंडिंग में पांच करोड़ डॉलर हासिल करने वाली जीपीएस रिन्यूएबल्स भी शामिल है। डीपटेक स्टार्टअप इकोज़ेन ने परिसंपत्ति प्रबंधन फर्म नुवीन सहित मौजूदा निवेशकों से ऋण और इक्विटी के मिश्रण से तीन करोड़ डॉलर जुटाए। ऑनलाइन बी2बी मार्केटप्लेस प्रोकमार्ट ने नंदन नीलेकणि और संजीव अग्रवाल के वेवर कैपिटल फंड, फंडामेंटम पार्टनरशिप और एडलवाइस डिस्कवरी फंड के नेतृत्व में अपनी सीरीज बी फंडिंग में तीन करोड़ डॉलर जुटाए। ब्लूम वेंचर्स और अन्य प्रमुख निवेशकों के नेतृत्व में गेमिंग स्टार्टअप लाइटफ्यूरी गेम्स ने अपने पहले दौर में 85 लाख डॉलर हासिल किए।

### जोमैटो को मिला जीएसटी डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) डिमांड नोटिस मिला है। कंपनी को जुर्माने समेत 11.81 करोड़ रुपए का टैक्स भरने को कहा गया है। कंपनी को नोटिस में जो आदेश दिया गया है उसमें, जुलाई 2017-मार्च 2021 की अवधि के लिए 5.9 करोड़ रुपए की जीएसटी डिमांड और 5.9 करोड़ रुपए का जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने स्टॉक एक्सचेंज नियामक फाइलिंग में कहा कि कंपनी को जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए गुरुग्राम स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के ज्वाइंट कमिश्नर की ओर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 5,90,94,889 रुपए के जुर्माने के साथ 5,90,94,889 की जीएसटी मांग की गई है। इस महीने की शुरुआत में, जोमैटो ने कहा था कि उसे 2018 में जीएसटी के 4.2 करोड़ रुपए के शॉर्ट पेमेंट पर दिल्ली और कर्नाटक के टैक्स अधिकारियों से नोटिस मिला है।

### एलन मस्क का भारत दौरा हुआ स्थगित

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने शनिवार को पुष्टि की कि टेस्ला के महत्वपूर्ण तिमाही नतीजों के बीच वह अगले सप्ताह भारत का दौरा नहीं कर पाएंगे। हो सकता है इस साल के अंत में वो भारत आएं। प्रमुख निवेश फर्म वेसबश सिक्योरिटीज की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला के सीईओ को 23 अप्रैल को कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान पांच प्रमुख मुद्दों पर बात करनी है। रिपोर्ट के अनुसार जिन पांच प्रमुख मुद्दों पर बात करेंगे उनमें चीन में निगेटिव ग्रोथ को उलटने की रणनीति और मूल्य निर्धारण योजनाएं, 2024 का लक्ष्य और वित्तीय दृष्टिकोण, रोबोटैक्सिस विकास के साथ-साथ टेस्ला मॉडल 2 लॉन्च करने के लिए प्रतिबद्धता, एआई पहल और स्वामित्व संबंधी चिंता और रणनीति ओर मुद्रीकरण की रूपरेखा तैयार करने के लिए एआई डे की घोषणा शामिल है।

## वैश्विक तनाव से रत्न आभूषण निर्यात प्रभावित

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत से रत्न-आभूषण का निर्यात अप्रैल-मार्च 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.94 प्रतिशत घटा इस दौरान आयात में भी 13.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। देश में रत्न और आभूषण उद्योग के शीर्ष मंच भारतीय रत्न-आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मार्च 2023-24 में इस क्षेत्र का सकल निर्यात 3202.21 करोड़ डॉलर रहा। वर्ष 2022-23 में रत्न आभूषण निर्यात 3764.62 करोड़ डॉलर के बराबर था। यह निर्यात में सालाना आधार पर 14.94 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।

जीजेईपीसी के अनुसार मार्च 2024 के महीने में, रत्न और आभूषण का सकल निर्यात सालाना आधार पर 11.85 गिर कर 229.26 करोड़ डालर रहा जबकि एक साल पहले इसी माह निर्यात 260 करोड़ डॉलर था।

अप्रैल 2023-मार्च 2024 की अवधि के लिए रत्न और आभूषण का कुल सकल आयात 2226.78 करोड़ डॉलर रहा, जबकि इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 2584.45 करोड़ डॉलर था। यह आयात में वार्षिक आधार पर 13.84 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।(मार्च 2024 के महीने में, रत्न और आभूषणों का कुल सकल आयात 207.17 करोड़ डॉलर था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 207 करोड़ डॉलर की तुलना में 0.03 प्रतिशत अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कटे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल सकल निर्यात 1596.65 करोड़ डालर रहा, जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि के 2204.7 करोड़ डॉलर की तुलना में 27.58 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्शाता है। हालांकि इस दौरान कटे और पॉलिश किए गए हीरों के सकल आयात में वर्ष के दौरान 46.12 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के 130.78 करोड़ डालर की तुलना में 191.10 करोड़ डालर रहा। जीजेईपीसी का कहना है कि भारत से हीरे के निर्यात वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में भारी बदलाव के बीच अंतराष्ट्रीय उपभोक्ता बाज़ारों में कम में गिराव से प्रभावित है। इस वर्ष मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में कच्चे हीरे के आयात में 17.85 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह एक वर्ष पहले के 1736.74 करोड़ डॉलर की तुलना में 1426.67 डॉलर रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में सोने के आभूषणों का अंतिम सकल निर्यात 1114.08 करोड़ डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 953.88 करोड़ डॉलर से 16.79 अधिक अधिक है। सोने के आभूषणों के निर्यात में बढ़ोतरी वैश्विक स्तर पर पीली धातु के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान को देखते हुए हुई है। इसी तरह इस दौरान रंगीन रत्नों का निर्यात 47.87 करोड़ डॉलर के साथ वार्षिक आधार पर 13.94 प्रतिशत ऊंचा रहा।

कामा ज्वेलरी के एमडी, कॉलिन शाह ने कहा कि कुल रत्न और आभूषण निर्यात में मंदी विश्व में कई मोर्चों पर भू-राजनीतिक तनावों से प्रभावित मांग के कारण है। इसमें हाल में ईरान- इजराइल संघर्ष भी जुड़ गया है। रत्न आभूषण उद्योग को उम्मीद है की मांग में सुधार की प्रतीक्षा है। हमें उम्मीद है कि 2024 की दूसरी छमाही से कुछ सुधार देखने को मिलेंगे। समानांतर रूप से, घरेलू मोर्चे पर सकारात्मक आर्थिक दृष्टिकोण, जनता की क्रय शक्ति को बढ़ावा देने से उद्योग को संतुलन लाने और बनाए रखने में मदद मिलेगी क्योंकि अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्थिति शांत हो रही है।




■ अप्रैल-मार्च 2023-24 में रत्न आभूषण निर्यात 3202.21 करोड़ डॉलर रहा
■ वर्ष 2022-23 में रत्न आभूषण निर्यात 3764.62 करोड़ डॉलर के बराबर था

## अमेरिका ने तीन चीनी कंपनियों पर लगाई पाबंदी

**वाशिंगटन**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका ने पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रमों के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने पर चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि जिन कंपनियों पर पाबंदी लगाई गई है, उनमें मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट, शीआन लोंगडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। ये कंपनियां सामूहिक विनाश के हथियारों के निर्माण व प्रसार में सहयोग देने में लगी हैं।

बयान में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ सामूहिक विनाश के हथियारों के निर्माण व प्रसार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक चीन स्थित शीआन लोंगडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने पाकिस्तान को लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए फिलामेंट वाइंडिंग मशीन सहित कई उपकरणों की आपूर्ति की। इसी प्रकार चीन स्थित तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड ने पाकिस्तान को स्टिर वेल्डिंग उपकरण की आपूर्ति की है। इसका उपयोग अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहनों में उपयोग किए जाने वाले प्रणोदक टैंक के निर्माण के लिए किया जा सकता है।



**ग्रैनपेक्ट ने पाकिस्तान के एनडीसी को बड़े व्यास वाले रॉकेट मोटर्स के परीक्षण के लिए उपकरण प्रदान किए**

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन** : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## भारत बनेगा दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश : हरदीप

### लगभग 950 किलोमीटर है भारत का परिचालन मेट्रो नेटवर्क

**नई दिल्ली**, 20 अप्रैल (एजेंसियां)। 'विकसित भारत एंबेसडर' के तहत जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में देश की परिवर्तनकारी यात्रा पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि अगले पांच साल में भारत दुनिया की टॉप 3 अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुमार हो जाएगा। भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ने की कगार पर है। वर्तमान में, भारत का परिचालन मेट्रो नेटवर्क लगभग 950 किलोमीटर है। अगले 2-3 वर्षों में यह संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़कर दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'विकसित कश्मीर' के बिना भारत विकसित नहीं हो सकता। 1700 के दशक में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत की 25% हिस्सेदारी थी, लेकिन 1947 तक यह घटते-घटते केवल 2 प्रतिशत रह गया। 10 साल पहले 2014 में जब विदेश में भारत की चर्चा होती थी, तो लोग कहते थे कि भारत दुनिया की चरमराती हुई पांच अर्थव्यवस्था वाले देशों में से एक है। लेकिन, 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के टॉप पांच देश में शामिल है। उन्होंने कहा कि जब भारत की अर्थव्यवस्था 10वें से 8वें और 7वें स्थान पर पहुंची तो इतनी खुशी नहीं हुई। लेकिन जब हम पांचवें स्थान में यूनाइटेड किंगडम की इकॉनमी से आगे आए, तो हमें ज्यादा खुशी हुई। क्योंकि इन्होंने 190 साल पहले हमारी इकॉनमी प्रोग्रेस रोकी थी। अगले तीन साल में हमें पांचवे से तीसरे स्थान पर जाना है और ये पक्का होगा। क्योंकि हमारे आगे दो देश हैं जापान और जर्मनी। जिनकी इकॉनमी में फ्लैट ग्रोथ रेट है या निगेटिव जा रही है, जबकि हमारे पिछले क्वार्टर में रेट ऑफ ग्रोथ 8.6 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में यानी 2027 तक भारत विश्व की 3 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। भारत 2040 तक 40 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। अभी हम 4 ट्रिलियन पर हैं, 5 ट्रिलियन पर जा रहे हैं। लेकिन, जब 40 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएंगे तो हम सोने की चिड़िया ही नहीं, बल्कि विश्व के बाकी देश हमारी यह ताकत देखकर ही घबरा जाएंगे।



**भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ने की कगार पर है : हरदीप सिंह पुरी**

# खेल जगत

## बेजोड़ है शाहरुख,उनके साथ काम करना सबसे सुखद : गौतम गंभीर

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर ने शनिवार को शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ आईपीएल टीम का मालिक बताते हुये कहा कि उनके साथ काम करना सबसे सुखद अनुभव रहा है। गंभीर ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है कि वह सबसे अच्छे मालिक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है। मेरी कप्तानी के सात वर्षों में, हमने क्रिकेट पर सात मिनट की भी बातचीत नहीं की। शाहरुख खान केकेआर के सह-मालिक हैं। गंभीर ने फिल्म अभिनेता के साथ काम करने के अनुभवों को साझा करत हुए कहा कि खराब दौर के दौरान, मैं खुद को छोड़ने की कगार पर था, इसलिए मैंने जाकर उनसे बात की और उन्होंने मुझसे केवल एक ही बात कही कि जब तक आप यहां हैं, आप खुद को नहीं छोड़ेंगे।



# केकेआर को उसके घर में हराकर हिसाब चुकता करने उतरेगी आरसीबी

## कैरेबियाई ऑलराउंडर सुनील नारायण और आंद्रे रसेल पर लगाम लगानी होगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत और दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाज विराट कोहली के एक शतक और दो अर्द्धशतकों सहित रन बनाने में शीर्ष पर होने के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स

■ आरसीबी को होड़ में बने रहने के लिए जीत बेहद जरूरी

■ आरसीबी के पास जीत के साथ इतिहास बदलने का मौका



बेंगलुरू(आरसीबी) मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट में अपने सात में छह और पिछले लगातार पांच हार कर दसवें और आखिरी पायदान पर चल रही है। आरसीबी ने अपनी अकेली जीत पंजाब किंग्स को अपने घर में चार विकेट से हरा कर ही हासिल की थी। आईपीएल के मौजूदा संस्करण का पहला शतक जड़ने वाले और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली (कुल 361 रन) के आलोचक उनकी स्ट्राइक रेट की भले ही आलोचना करें लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि वह आरसीबी की पारी का आगाज करने के बाद वह अपने छोर पर अकेले ही उसके लिए लड़ते' नजर आए हैं। विराट कोहली ने बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर भारत के कप्तान रोहित शर्मा की तरह आईपीएल के तुरंत बाद जून में शुरू होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह सबसे पहले पक्की कर ली है।

विराट कोहली के बूते ही आरसीबी अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उसके कोलकाता के ईडन गार्डन पर हरा उससे अपने घर बेंगलुरू में मिली सात विकेट से हार का रिटर्न मैच में हिसाब चुकाने उतरेगी। बेशक दोनों टीमों के बीच रविवार को जीत के लिए रोचक संघर्ष होगा लेकिन आरसीबी को यह मालूम है कि उसे मौजूदा आईपीएल में होड़ में बने रहने की मामूली उम्मीद भी जिंदा रखने के लिए जीत बेहद जरूरी है आरसीबी को केकेआर से हार का हिसाब चुकता करना है तो उसे उसके कैरेबियाई ऑलराउंडर सुनील नारायण और आंद्रे रसेल पर लगाम लगानी होगी क्योंकि ये दोनों बल्ले और गेंद, दोनों से दमदार प्रदर्शन कर अकेले उसकी पकड़ से मैच छीन सकते हैं। अब तक दोनों टीमें के बीच आईपीएल हुए पिछले पांच मुकाबलों में केकेआर ने चार जीते हैं जबकि आरसीबी को मात्र एक में जीत मिली थी। आरसीबी के पास जीत के साथ केकेआर के खिलाफ इतिहास बदलने का मौका है। दिलचस्प बात यह है कि केकेआर के लिए मौजूदा सीजन में रन बनाने में सबसे आगे और अकेला शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले सुनील नारायण (कुल 276 रन) व उनके सलामी जोड़ीदार दो अर्द्बशतक जड़ने वाले फिल साल्ट (कुल 201 रन) ही चल रहे हैं। संयोग से केकेआर के लिए समान रूप से मिस्ट्री स्पिनर सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा समान रूप से सात- सात विकेट चटका विकेट लेने में सबसे आगे चल रहे हैं। आरसीबी के निराशाजनक प्रदर्शन का बड़ा कारण उसके स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के सात मैचों में बेहद निराशाजनक के बाद मानसिक थकान का हवाला दे आईपीएल के बीच से हटना है। आरसीबी को जीत की राह पर वापस लौटना है तो विराट कोहली के साथ दो-दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान फाफ डू प्लेसी (कुल 232 रन) तथा दिनेश कार्तिक(कुल 226 रन) के साथ कैमरून ग्रीन और अनुज रावत को बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। साथ ही गेंद से एकदम औसत प्रदर्शन करने वाले उसके खासतौर पर तेज गेंदबाज यश दयाल(पांच विकेट), मोहम्मद सिराज(चार विकेट), रीस टॉप्ले (चार विकेट) लॉकी फर्गुसन (एक मैच, एक विकेट)को गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। खासतौर पर आखिर के ओवर में आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल व सिराज के लिए केकेआर के फिनिशर आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह को सस्ते में आउट कर रोकने की चुनौती होगी। विराट कोहली को केकेआर के लिए नई गेंद से दमदार प्रदर्शन करने वाले वैभव अरोड़ा (कुल सात विकेट) और आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेट देर से रंग में लौटने में जुटे मिचेल स्टार्क (पांच विकेट) के साथ बीच के ओवर में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती से चौकस रहना होगा। आरसीबी के लिए थोड़े उत्साह की बात यह है अपने पिछले बड़े स्कोर वाले मैच में अपने घर में एसआरएच से भले ही 28 रन से हार गई थी लेकिन उसके कप्तान फॉफ डू प्लेसी और फिनिशर दिनेश कार्तिक सहित उसके बल्लेबाज ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। वहीं अब तक अपने छह मैचों में चार मैच जीतने वाली केकेआर पिंच हिटर सुनील नारायण के तूफानी शतक के बावजूद मौजूदा सीजन में अपना दूसरा शतक जड़ने वाले जोस बटलर के आखिरी गेंद पर लिए एक रन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स से दो विकेट से तथा सीएसके से उसके घर में सात विकेट से हारने से पिछले तीन में से दो मैच हार चुकी है।

आईपीएल 2024

# एमएस धोनी की फिटनेस और तूफानी बल्लेबाजी देख क्रिकेट जगत हैरान

**मुंबई,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और सनराइजर्स हैदराबाद के कोच टॉम मूडी, पूर्व भारतीय खिलाड़ी जहीर खान, वसीम जाफर और रॉबिन उथप्पा ने सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की एक और शानदार पारी और उनकी फिटनेस की सराहना की है। लखनऊ के खिलाफ एमएस धोनी ने 9 गेंदों में नाबाद 28 रन बनाकर सीएसके को 20 ओवरों में 176/6 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा द्वारा नाबाद 57 रन बनाकर सीएसके को मैच में बनाए रखने के बाद धोनी ने टीम को एक अच्छा फिनिश दिया।

हालांकि, केएल राहुल (82) और क्विंटन डी कॉक (54) की 134 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की मदद से लखनऊ ने चेन्नई को आठ विकेट से हरा दिया। बेशक सीएसके को इस मैच में हार मिली लेकिन टीम के फैंस धोनी की बल्लेबाजी और उनकी फिटनेस देखकर बेहद खुश हैं। मूडी ने कहा कि धोनी 42 साल की उम्र में भी बहुत फिट, बहुत फोकस्ड और रन के भूखे हैं। वो आईपीएल 2024 से पहले क्रिकेट से दूर थे, लेकिन उनके प्रदर्शन को देखकर ऐसा लगता नहीं है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने मूडी के हवाले से कहा कि 42 साल के धोनी अभी भी बहुत फिट, फोकस्ड हैं, लेकिन पहेली यह है कि वह आईपीएल में आने से पहले कोई क्रिकेट नहीं खेलते हैं। ऐसे में उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने में सक्षम होने की उम्मीद करना लगभग असंभव है। सीएसके के पहले दो मैचों में बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिलने के बाद, धोनी ने 31 मार्च को विशाखापत्तनम में दिल्ली

> धोनी 42 साल की उम्र में भी बहुत फिट, बहुत फोकस्ड और रन के भूखे हैं : मूडी

कैपिटल्स के खिलाफ 16 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। पिछले हफ्ते, भारत के पूर्व कप्तान ने मुंबई के खिलाफ अंतिम ओवर में छक्कों की हैट्रिक जमाई। वानखेड़े स्टेडियम में धोनी ने 4 गेंदों में नाबाद 20 रन की धमाकेदार पारी खेली। धोनी की धमाकेदार फॉर्म को देखते हुए, भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर और रॉबिन उथप्पा भी प्रशंसा करने वालों में शामिल हो गए। उथप्पा ने कहा कि एकमात्र चीज जो धोनी को रोक सकती है वह उनका शरीर और स्वास्थ्य। लेकिन दावा किया कि सीएसके स्टार का दिमाग अभी भी इसके लिए तैयार है और नए शॉट्स खेलना चाहता है।



# फुटबॉल खेल रही लड़कियों के बीच पहुंचे सचिन तेंदुलकर

**रांची,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। रांची के ओरमांझी में फुटबॉल खेलने वाली दर्जनों लड़कियां शनिवार दोपहर भारत रत्न पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजली तेंदुलकर को अपने बीच पाकर खुशी से उछल पड़ीं। ये लड़कियां युवा नामक संस्था की ओर से फुटबॉल का प्रशिक्षण लेती हैं। इनमें से कई लड़कियों ने फुटबॉल में नेशनल-इंटरनेशनल स्तर पर जगह बनाई है। अब सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन ने भी फुटबॉलर तैयार करने वाली इस संस्था को प्रमोट करने का जिम्मा उठाया है। ओरमांझी के ग्रामीण मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने के लिए इकट्ठा हुई इन लड़कियों को खबर नहीं दी गई थी कि सचिन खुद यहां आने वाले हैं। ऐसे में जब वह दोपहर अपनी पत्नी अंजली के साथ जैसे ही यहां पहुंचे, पूरे इलाके में तेजी से खबर फैली। फुटबॉलर लड़कियों के साथ-साथ इलाके के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। मास्टर ब्लास्टर ने भी किसी को



निराश नहीं किया। उन्होंने बच्चों, लड़कियों और लोगों के साथ तस्वीरें खिंचाईं। अंजली ने भी गांव के छोटे बच्चों को गोद में लेकर दुलारा। बाद में उन्होंने युवा स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर झारखंडी भोजन मडुवा-रोटी का भी स्वाद चखा। उन्होंने फुटबॉल खेलने वाली लड़कियों का हौसला बढ़ाया। सचिन तेंदुलकर ने कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि उन्हें लगातार तराशा जाए। वे देश का नाम रोशन करेंगे। ओरमांझी से लौटने के बाद सचिन तेंदुलकर ने चुनाव आयोग के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर रांची में मतदाताओं से वोटों के इस्तेमाल की अपील की।

# राहुल और ऋतुराज पर लगा 12-12 लाख का जुर्माना

**लखनऊ,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड और लखनऊ के कप्तान केएल राहुल पर बीसीसीआई ने 12-12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ में खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने यह जानकारी मैच के बाद दी। स्लो ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह इस सीजन में लखनऊ और चेन्नई की पहली गलती थी, इसलिए



आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। लखनऊ के खिलाफ एमएस धोनी ने 9 गेंदों में नाबाद 28 रन बनाकर सीएसके को 20 ओवरों में 176/6 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा द्वारा नाबाद 57 रन बनाकर सीएसके को मैच में बनाए रखने के बाद धोनी ने टीम को एक अच्छा फिनिश दिया। हालांकि, केएल राहुल (82) और क्विंटन डी कॉक (54) की 134 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की मदद से लखनऊ ने चेन्नई को 8 विकेट से हरा दिया। बेशक सीएसके को इस मैच में हार मिली लेकिन टीम के फैंस धोनी की बल्लेबाजी और उनकी फिटनेस देखकर बेहद खुश हैं।

## टिम डेविड और पोलार्ड पर बीसीसीआई ने लगाया जुर्माना

**मुंबई,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। एमआई के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी टीम के मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की तरफ से टिम डेविड और पोलार्ड पर जुर्माना लगाए जाने को लेकर दी गई जानकारी में बताया गया कि दोनों पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के लेवल 1 का अपराध किया है। इसके चलते डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस आचार संहित के



उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। दोनों ने ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। डीआरएस का उपयोग करते समय खिलाड़ियों को मैदान के बाहर से किसी की मदद लेने की अनुमति नहीं है। आईपीएल का फैसला एक वीडियो के वायरल होने के बाद आया है, जिसमें डगआउट में मुंबई इंडियंस टीम के सदस्यों और सहयोगी स्टाफ को कथित तौर पर रिव्यू मांगने का निर्णय लेने में सूर्यकुमार यादव को अवैध सहायता प्रदान करते हुए दिखाया गया है। टेलीविजन कैमरों में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर को यादव को इशारा करते हुए दिखाया गया कि उन्होंने जिस डिलीवरी का सामना किया, वह वाइड थी। डेविड और पोलार्ड ने बल्लेबाज से अर्शदीप सिंह की गेंद की समीक्षा करने का आग्रह किया जो फुल और वाइड फेंकी गई थी। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान जब 15वें ओवर में सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस समय अर्शदीप सिंह की एक गेंद पर दोनों ने डगआउट से वाइड गेंद को लेकर डीआरएस लेने का इशारा किया था, जिसके बाद इसको लेकर पंजाब किंग्स के कप्तान ने भी आपत्ति जताई थी।

## सार संक्षेप

### पावरप्ले में गेंदबाजी में सुधार की जरूरत : गायकवाड़

**लखनऊ।** एलएसजी के खिलाफ सीएसके की टीम को अपने 7वें मैच में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद बात करते हुए चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने इस बात को स्वीकार किया कि उनकी टीम कम से कम 10-15 रन पीछे रह गई। ऋतुराज के अनुसार उनकी टीम बीच के ओवरों में तेजी से रन नहीं बना पाई, जिसके कारण वह एक अच्छा टोटल बनाने से चूक गए। ऋतुराज ने मैच के बाद कहा कि मुझे पता है कि हमने काफी अच्छे तरीके से अपनी पारी को फिनिश किया। इससे बेहतर फ़िनिशिंग के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था। हालांकि, मुझे यह लगता है कि पावरप्ले के बाद हमने 14-15वें ओवर तक धीमी बल्लेबाजी की और निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। मुझे लगता है कि हमने 10-15 रन कम बनाए। साथ ही गायकवाड़ ने कहा कि पावरप्ले में गेंदबाजी में टीम को सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी टीम वापसी करेगी क्योंकि दोनों टीमें जल्द ही चेपॉक में फिर से खेलने वाली हैं।

### टोक्यो में भारतीय पैरा-कैनोइस्ट जयदीप का दबदबा, जीता स्वर्ण पदक

**टोक्यो।** भारतीय पैरा-कैनोइस्ट जयदीप ने शनिवार को आयोजित एशियाई कैनोइंग/पैरा कैनोइंग स्प्रिंट चैंपियनशिप में वीएल3 पुरुष 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारतीय दल ने अपना दबदबा कायम किया। संगीता राजपूत और शबाना राजपूत ने केएल3 महिला 200 मीटर डिवीजन में क्रमशः कांस्य और रजत जीतकर भारत के लिए पैरा-कैनो स्पर्धा में और मेडल जोड़ दिए। पूजा ओझा और प्राची यादव ने केएल1 और केएल2 महिला 200 मीटर स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित कर अपनी जीत की लय बरकरार रखी। रजनी झा और सोनलबेन रतिलाल वासोया दोनों ने केएल2 और केएल1 महिलाओं की 200 मीटर प्रतियोगिताओं में भारत के कुल पदक में रजत पदक जोड़े।

### एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप की पहली रेस में क्विंटल 11वें स्थान पर

**झुहाई इंटरनेशनल सर्किट।** आईडेमित्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम के राइडर कवीन क्विंटल ने शनिवार को चीन में 2024 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के दूसरे राउण्ड की पहली रेस में शीर्ष 15 में अपनी जगह बनायी। जबरदस्त रेस में अपने कौशल एवं स्थिरता का प्रदर्शन करते हुए कवीन क्विंटल ने अच्छी प्रतिस्पर्धा की और इस सीज़न में एक और टॉप 15 फिनिश किया। रेस में अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स देते हुए युवा राइडर कवीन क्विंटल ने अन्तरराष्ट्रीय राइडरों को कड़ी टक्कर दी। ग्रिड पर 15वें पॉजिशन से शुरूआत करने के बाद कवीन ने शुरूआती लैप में ही बढ़त लेना शुरू कर दिया।

## सबसे परफेक्ट नहीं, सबसे साहसी टीम जीतेगी आईपीएल ट्रॉफी : गंभीर

**कोलकाता,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल में केकेआर को दो बार चैंपियन बनाने वाले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के पास खिताब जीतने की एक थ्योरी है। गंभीर का कहना है कि सबसे परफेक्ट टीम नहीं, बल्कि सबसे साहसी टीम ही खिताब जीतेगी। कप्तान के रूप में केकेआर को 2012 और 2014 में खिताब जीताने वाले गौतम गंभीर अब आईपीएल 2024 के लिए टीम के मेंटॉर हैं। उन्होंने केकेआर नाइट्स डगआउट पॉडकास्ट के नए एपिसोड में आईपीएल ट्रॉफी जीतने को लेकर अपने विचार शेयर किए। आईपीएल जीतने के सिद्धांत के बारे में पूछे जाने पर गंभीर ने कहा कि सबसे परफेक्ट टीम नहीं आईपीएल जीतेगी।

# राष्ट्रीय स्तर पर वापसी के लिए अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया : प्रीति दुबे

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रीति दुबे को भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों में नामित किया गया है, जो वर्तमान में एसएआई बैंगलोर में प्रशिक्षण ले रही हैं। 33 में से एक नाम जो उभरकर सामने आया वह प्रीति दुबे का है। 25 वर्षीया उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने 2017 में हॉकी वर्ल्ड लीग सेमीफाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपनी आखिरी उपस्थिति दर्ज की थी। प्रीति ने चयनकर्ताओं और कोचों को प्रभावित करने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की। उनका चयन पुणे में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ। अपने कमबैक पर बोलते हुए प्रीति ने कहा, राष्ट्रीय सेटअप में वापस आना उम्मीद से बढ़कर है, लेकिन ये सिर्फ पहला कदम है। मेरे सभी प्रयास और कड़ी मेहनत सफल हुए हैं। मैं अपने परिवार



के सदस्यों और अपने सभी कोचों को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया। मुझे हमेशा अपने आप पर विश्वास था कि सही समय आएगा, और मैंने

> प्रीति राष्ट्रीय सेटअप में वापस आना उम्मीद से बढ़कर है, लेकिन ये सिर्फ पहला कदम है। मेरे सभी प्रयास और कड़ी मेहनत सफल हुए हैं : प्रीति दुबे

राष्ट्रीय दल में वापस आने की अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया। अपने संघर्षों को याद करते हुए प्रीति ने कहा कि मैंने पिछले कुछ वर्षों में बहुत सारे उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि जो कुछ हुआ उसने मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जब 2020 में लॉकडाउन लगा, तो मुझे बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि हम नेशनल नहीं खेल सके और इसके कारण मुझे सेंट्रल रेलवे में अपनी नौकरी से छुट्टी नहीं मिल सकी।

## एटीपी टूर : सेमीफाइनल में पहुंचे स्टेफानोस सितसिपास

**बार्सिलोना,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्रीस के टेनिस सुपरस्टार स्टेफानोस सितसिपास बार्सिलोना ओपन में अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज अकोस्टा को तीन सेटों में हराकर रोमांचक जीत हासिल की और सेमीफाइनल में पहुंच गए। स्टेफानोस सितसिपास ने शुक्रवार शाम को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में डियाज़ अकोस्टा को 4-6, 6-3, 7-6(8) से हराया। मैच के बाद सितसिपास ने कहा कि पूरे मैच के दौरान समान स्तर बनाए रखना बेहद मुश्किल था। मैच में एक समय ऐसा था जब मैं हारने के करीब पहुंच गया था लेकिन मैंने हार नहीं मानी और जीतने के लिए पूरी ताकत लगा दी। 25 वर्षीय, जो बार्सिलोना में तीन बार फाइनलिस्ट हैं, 2022 की शुरुआत से एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ 28-2 का रिकॉर्ड रखता है।



# पंजाब किंग्स अहम मुकाबले में गुजरात टाइटंस से भिड़ने को तैयार

**मुल्लांपुर,** 20 अप्रैल (एजेंसियां)। टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में पंजाब किंग्स रविवार को यहां गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए तैयार है। सीज़न की चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बावजूद, पंजाब किंग्स ने मैदान पर आशाजनक प्रदर्शन दिखाया है जो अक्सर अंतिम परिणामों पर भारी पड़ता है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने हालिया मैच में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन किया था हालांकि नजदीकी मुकाबले में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में हर्षल पटेल ने 31 रन पर तीन विकेट लिये थे जबकि कुरेन के दो विकेट आकर्षण को केंद्र बने थे। पंजाब की बल्लेबाजी पारी की शुरुआत ख़राब रही और टीम ने केवल 14 रन पर चार विकेट खो दिए। शुरुआती पतन के बीच, शशांक सिंह की 25 गेंदों पर 41 रनों की विस्फोटक पारी और आशुतोष शर्मा की 28 गेंदों पर 61 रनों की तूफानी पारी ने लक्ष्य का पीछा करने में गति प्रदान की। उनके प्रयासों के बावजूद, किंग्स अंतिम ओवर में चूक गए, जिसके परिणामस्वरूप करीबी हार





हुई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आगामी मुकाबले को देखते हुए, किंग्स अपने विरोधियों द्वारा पेश की जाने वाली चुनौतियों से अवगत हैं।

आईपीएल 2024

अब तक असंगत अभियान वाले गुजरात टाइटंस को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने हालिया मैच में एक बड़ा झटका लगा, जहां वे केवल 89 रन पर आउट हो गए। सीजन की शुरुआत में अपने पिछले मुकाबले को ध्यान में रखते हुए, किंग्स ने अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत हासिल की। शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की वीरता के दम पर, जिन्होंने दबाव में महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया, किंग्स ने 200 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा किया। एक और रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार होने के साथ, दोनों टीमें अपना दबदबा कायम करने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने के लिए उत्सुक होंगी। आगामी मैच ड्रामा, रोमांच और यादगार पलों से भरपूर होने की उम्मीद है क्योंकि पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स जीत की तलाश में आमने-सामने हैं। क्रिकेट प्रेमी बल्ले और गेंद के बीच एक रोमांचक लड़ाई की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि दोनों टीमों का लक्ष्य टाटा आईपीएल 2024 में एक महत्वपूर्ण जीत हासिल करना है।